* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

15 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 07, अंक 326

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

क्वीन एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार में जायेंगी द्रौपदी मुर्मू:17 से 19 सितंबर तक ब्रिटेन में रहेंगी राष्ट्रपति, पद संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा

झारखंड में 1932 का खतियान

पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण पर मुहर

■ आरक्षण सीमा को 77 प्रतिशत करने का विधेयक भी पास

■ पूरे झारखंड से मिलने लगा सीएम हेमंत सोरेन को बधाइयों का तांता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में अब 1932 के खतियान वाले स्थानीय होंगे। हेमंत सोरेन कैबिनेट ने इससे संबंधित प्रस्ताव को पारित कर दिया। इसके साथ ही ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी करने की भी मंजूरी दी गयी। अब आरक्षण की सीमा 77 फीसदी हो जायेगी। इस पर भी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 43 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। जिनमें आंगनबाड़ी सेविका-साहियका के मानदेय, स्कूल में बच्चों को पांच दिन अंडा देने समेत अन्य प्रस्ताव शामिल हैं। फैसले के बाद पूरे झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन को बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

● केंद्र सरकार से नौवीं सूची में शामिल करने का किया जायेगा अनुरोध

कैसे होगी स्थानीयता की पहचान

कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने झारखंड के स्थानीय निवासियों की परिभाषा एवं पहचान हेतु 'झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा एवं परिणाम, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों के परिभाषित करने के विधेयक 2022' के गठन को मंजूरी दी है। डाडेल ने कहा कि सरल भाषा में इसे कहा जा सकता है कि कैबिनेट ने 1932 खतियान लागू करने पर निर्णय लिया है। इसके तहत वैसे व्यक्ति जिनका या जिनके पूर्वजों का नाम 1932 के खतियान में दर्ज है, उन्हें झारखंड का स्थानीय निवासी माना जायेगा। यदि किसी का खतियान पठनीय नहीं है या उसका नाम खतियान में दर्ज नहीं है तो उस व्यक्ति की पहचान ग्राम सभा द्वारा की जायेगी। इस विधेयक को विधानसभा से पारित होने के बाद केंद्र के पास 9वीं सूची में शामिल करने के लिए केंद्र को भेजा जायेगा।

ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण

हेमंत सरकार ने एक और अहम फैसला लेते हुए 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि कैबिनेट ने 'झारखंड में पदों एवं सेवाओं में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए) अधिनियम 2001 में संशोधन 2022' को मंजूरी दी। झारखंड में अब कुल 77 फीसदी आरक्षण दिया जायेगा।

इस प्रस्ताव में एससी को 12 प्रतिशत, एसटी को 28 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। सामान्य वर्ग के लिए 23 फीसदी सीटें बची हैं। विधानसभा से विधेयक पारित होने के बाद इसे केंद्र सरकार के पास 9वीं सूची में शामिल करने के लिए भेजा जायेगा।

बीते कई माह से चल रहा था आंदोलन

झामुमो ने 2019 के विधानसभा चुनाव में अपने मेनिफेस्टो में वादा किया था कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आयी, तो 1932 के खतियान को आधार बनाकर स्थानीयता को पारिभाषित करेगी। झामुमो के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेंब्रम समेत कई अन्य विधायक इसे लागू करने की मांग कर रहे थे। पिछले कुछ महीनों से राज्य में स्थानीय नीति को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। विभिन्न संगठन 1932 के खतियान लागू करने की मांग कर रहे थे। इसी तरह आजसू सूप्रीमो सुदेश महतो समेत विभिन्न संगठनों ने ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी करने की लगातार मांग कर रहे थे।

क्यों 1932 के खतियान की थी मांग

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आजादी के पश्चात अंतिम सर्वे सेटलमेंट केवल सिंहभूम इलाके में हुआ था। ये सर्वे 1960 से 1964 के बीच हुआ था। मौजूदा झारखंड प्रदेश के अन्य इलाकों में 1932 के पहले ही अंतिम सर्वे सेटलमेंट हुआ था। बता दें कि साल 2002 में तात्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 1932 को आधार बनाकर स्थानीयता परिभाषित करना का प्रयास किया था, लेकिन यह हो नहीं पाया था। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने कार्यकाल के दौरान स्थानीय नीति पारिभाषित किया था। रघुवर सरकार ने 1985 से प्रदेश में रहने वाले लोगों को स्थानीय माना था।

किसानों को राहत देने का फैसला

रांची। हेमंत कैबिनेट में सुखाड़ को देखते हुए किसानों को राहत देने का फैसला लिया गया। किसानों को रबी में 90% अनुदान पर बीज दिया जायेगा। वर्तमान बीज नीति को सरकार ने शिथिल किया है। कृषि विभाग की ओर से किसानों को बीज देने के लिए नीति बनायी गयी है। नीति में प्रावधान है कि पहले 50 फीसदी अनुदान पर किसानों को बीज दिया जाता था अब इसे बढ़ाकर 90 प्रतिशत किया गया है। इस बार रबी के मौसम में किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर बीज मिलेगा।

सरकार की सांसों की आहट कोने-कोने में: सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के आम लोग कर्मचारी, आंगनबाड़ी सेविका हो या शिक्षक, सिपाही या जो भी हो आज उनके प्रति सरकार की संवेदनाएं हैं और राज्य के किसान से लेकर के शिक्षित बेरोजगारों, नौजवानों से लेकर उन सब के प्रति सरकार की जो संवेदना है वह आम लोगों के चेहरों पर देखने को मिल रही है। इससे हमलोगों को खुशी और काम करने की ताकत मिलती है। आज सरकार ने बड़े पैमाने पर कई ऐतिहासिक फैसले लिये चाहे वह 1932 का खतियान की बात हो, चाहे राज्य में विभिन्न वर्गों को आरक्षण से संबंधित बातें हो, सरकार ने निर्णय ले लिया है कि राज्य में 1932 का खतियान लागू हो। ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण मिले। इस ऐतिहासिक

कैबिनेट के रूप में पुनः इसे लोगों ने सराहा है। आज क्या-क्या सरकार निर्णय लेगी किस पर मुहर लगेगा यह किसी को नहीं पता था, लेकिन क्षणभर में इतने सारे लोगों का एकत्रित होना निश्चित रूप से कहीं ना कहीं सरकार की सांसों की भी आहट इस राज्य के हर कोने तक पहुंच रही है। बहुत सारे संवर्ग की कुछ मांगे बाकी हैं, उन सभी लोगों से भी हम कहना चाहेंगे आप यह चिंता मत कीजिये। इस सरकार को कोई हिला नहीं सकता कोई डिगा नहीं सकता। आप लोगों ने काम की जिम्मेदारी हमें दी है। आप सभी लोगों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं। और सभी लोगों के लिए यह सरकार न्याय करेगी। हम आप लोगों को यह आश्वस्त करना चाहते हैं। हम इस काम में लगे हैं। इस राज्य में कुछ लोग हमारे विपक्ष के साथी वातावरण में ऐसी दूसरी हवाओं को फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां पर हमारे कर्मचारी संघ काफी डरे सहमे से अपने आपको महसूस कर रहे हैं कि सरकार अब गयी तब गयी। इस राज्य में हर व्यक्ति एक समान है। हमारे लिए कोई आगे कोई पीछे नहीं है। तेजी से हम लोग सभी विभागों को निर्देशित किया है सभी विभागों में उलझी है चीजों का समाधान जल्द से जल्द करें, निराकरण करें ताकि राज्य तरक्की करें।

हेमंत के फैसले से जश्न में डूबे झारखंड के लोग

■ प्रोजेक्ट भवन के बाहर हुई आतिशबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हेमंत सरकार कैबिनेट द्वारा 1932 का खितयान लागू होने के बाद जश्न का माहौल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। राज्य में जगह-जगह से हर्षोल्लास साथ लोग सड़कों पर निकले। लोगों के जश्न मनाने की सूचना आ रही है। जगह-जगह आतिशबाजी हुई। मिठाइयां बांटी गयीं। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दिया। प्रोजेक्ट भवन के बाहर

मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत हुआ। आतिशबाजी भी हुई। मुख्यमंत्री भी लोगों की इस खुशी में शामिल हुए। वह भी जनता से किये वायदे को पूरा कर प्रफुल्लित नजर आ रहे थे। कैबिनेट के फैसले के बाद भारी संख्या में लोग प्रोजेक्ट बवन में जुट गये। आंगनबाड़ी सेविका-सहिया समेत अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों का प्रोजेक्ट भवन के गेट पर ही स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के साथ शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन समेत अन्य 1932 खतियान से संबंधित बैनर लपेटे नजर आये। भारी संख्या में लोग यहां जुटे और सभी का अभिनंदन किया। प्रोजेक्ट भवन के गेट के बाहर आतिशबाजी की गयी।



आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,500 रु./10 ग्राम
चांदी 57,000 रु./प्रति किलो

क्या है 1932 का खतियान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में 1932 खतियान के प्रस्ताव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इसे लेकर समय-समय पर प्रदर्शन भी होता रहा है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा होगा कि आखिर क्या है 1932 का खतियान। इसे लेकर सियासत भी होती रही है। झारखंड में भाषा विवाद से शुरू हुआ आंदोलन 1932 के खतियान को लागू करने तक पहुंच गया था। इसके अलावा एक बार फिर स्थानीयता, भाषा का विवाद और 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति की मांग तेज होने लगी थी। दरअसल झारखंड राज्य की जब से स्थापना हुई, तभी से 1932 के खतियान का जिक्र होता रहा है। झारखंड गठन के बाद से ही इसकी मांग हो रही थी। 1932 खतियान का मतलब यह है कि 1932 के वंशज ही झारखंड के असल निवासी माने जायेंगे। 1932 के सर्वे में जिनका नाम खतियान में चढ़ा हुआ है, उनके नाम का ही खतियान आज भी है। उसी को लागू करने की मांग हो रही थी।

1932 के खतियान को आधार बनाने का मतलब यह है कि उस समय जिन लोगों का नाम खतियान में था, वे और उनके वंशज ही स्थानीय कहलायेंगे। उस समय जिनके पास जमीन थी, उसकी हजारों बार खरीद-बिक्री हो चुकी है। उदाहरण के तौर पर 1932 में अगर रांची जिले में 10 हजार रैयत थे, तो आज उनकी संख्या एक लाख पार कर गयी। अब तो सरकार के पास भी यह आंकड़ा नहीं है कि 1932 में जो जमीन थी, उसके कितने टुकड़े हो चुके हैं।

1932 को समझने के लिए इतिहास जानना जरूरी

1932 खतियान को समझने के लिए थोड़ा इतिहास समझना होगा। दरअसल बिरसा मुंडा के आंदोलन के बाद 1909 में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम यानी सीएनटी एक्ट बना। इसी एक्ट में मुंडारी खूंटकट्टीदार का प्रावधान किया गया। इसी प्रावधान में यह व्यवस्था की गयी, जिसके जरिये आदिवासियों की जमीन को गैर-आदिवासियों के हाथों में जाने से रोका गया। आज भी खतियान यहां के भूमि अधिकारों का मूल मंत्र या संविधान है।

कोल्हान की भूमि आदिवासियों के लिए सुरक्षित कर दी गयी

देश में 1831 से 1833 के बीच क्या स्थिति रही, उसके बारे में भी जानकारी जरूरी है। दरअसल उस वक्त कोल विद्रोह के बाद विल्किंसन रूल आया। कोल्हान की भूमि हो आदिवासियों के लिए सुरक्षित कर दी गयी। वहीं यह व्यवस्था निर्धारित की गयी की कोल्हान का प्रशासनिक कामकाज हो मुंडा और मानकी के द्वारा कोल्हान के सुपरिंटेंडेंट करेंगे।

1913 से 1918 के बीच हुआ सर्वे

कोल्हान क्षेत्र के लिए 1913 से 1918 के बीच का समय काफी महत्वपूर्ण रहा। इसी दौरान लैंड सर्वे का कार्य किया गया और इसके बाद मुंडा और मानकी को खेवट में विशेष स्थान मिला। आदिवासियों का जंगल पर हक इसी सर्वे के बाद दिया गया। 1947 में देश आजाद हुआ। 1950 में बिहार लैंड रिफॉर्म एक्ट आया। इसको लेकर आदिवासियों ने प्रदर्शन किया। इसी साल 1954 में एक बार इसमें संशोधन किया और मुंडारी खूंटकट्टीदारी को इसमें छूट मिल गयी।

2002 में लायी गयी डोमिसाइल नीति

झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने वर्ष 2002 में राज्य की स्थानीयता को लेकर डोमिसाइल नीति लायी थी, तो उस दौरान खूब प्रदर्शन हुए। जगह-जगह पर आगजनी हुई और इस दौरान लोगों की मौत भी हुई। यह मामला झारखंड हाइकोर्ट पहुंच गया और कोर्ट ने इसे अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया। यह मामला इतना बढ़ गया कि बाबूलाल मरांडी को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा और उनकी

जगह पर मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री बनाया गया। उन्होंने स्थानीय नीति तय करने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनायी, लेकिन उसके बाद उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद जो भी सरकारें आयीं, सभी ने इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में ही छोड़ दिया।

साल 2014 में जब रघुवर दास मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने इस मामले पर बड़ा फैसला लिया। हालांकि तब भी धरना-प्रदर्शन हुआ, लेकिन उन्होंने इस मामले को निपटा लिया। इस दौरान रघुवर सरकार ने 2018 में राज्य की स्थानीयता की नीति घोषित कर दी, जिसमें 1985 के समय से राज्य में रहनेवाले सभी लोगों को स्थानीय माना गया। रघुवर दास ने इस मामले पर फैसला ले लिया था, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति अलग है। वह शुरू से ही झारखंड में 1932 के खतियान की समर्थक रही है। उसने गत विधानसभा चुनाव में यह वादा किया था कि अगर उसकी सरकार आयी, तो झारखंड में 1932 का खतियान लागू होगा। इसकी घोषणा कई अवसरों पर पहले झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और उसके बाद झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उठाते रहे हैं। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो को मिली प्रचंड जीत में 1932 के खतियान के वायदे की बहुत बड़ी भूमिका रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनते ही 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति की बात होने लगी। झामुमो के मंत्री और नेता बार-बार उसे लागू करने की बात कहते रहे। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने साल 2020 में ही बयान दिया था कि झारखंड की स्थानीय नीति का आधार 1932 का खतियान होगा। भारतीय जनता पार्टी की रघुवर दास की सरकार के 1985 स्थानीय नीति का कोई आधार नहीं है।

रांची-धनबाद के 75 फीसदी लोग हो जायेंगे बाहरी

जानकार कहते हैं कि 1932 का खतियान लागू होते ही रांची, धनबाद, जमशेदपुर और बोकारो जैसे बड़े शहरों में रहनेवाले 75 फीसदी लोग स्थानीय होने की शर्त पूरी नहीं कर पायेंगे और वे बाहरी हो जायेंगे। इन शहरों में लोग रोजी-रोजगार के लिए आये और बसते चले गये। उस समय धनबाद का तो अस्तित्व ही नहीं था। 1971 में कोयले के राष्ट्रीयकरण के पहले यहां खदानों के निजी मालिक हुआ करते थे। उन्होंने ही यूपी और बिहार से खदानों में काम करने के लिए लोगों को बुलाया, जो यहां बसते चले गये। फिर 1952 में सिंदरी उर्वरक कारखाना शुरू होने के बाद यहां काम करने के लिए बाहरी लोग आये और यहीं बस गये। शहरी क्षेत्रों में ऐसे लोगों की संख्या अधिक है।

वो 21 जुलाई 1993 का दिन था, ये 13 सितंबर 2022

■ उस वक्त भी सत्ता के खिलाफ जनता ने ली थी अंगड़ाई, 29 साल बाद पश्चिम बंगाल में दोहराया जा रहा इतिहास

■ उस वक्त ज्योति बसु की सरकार थी, आज ममता बनर्जी हैं सरकार ■ उस दिन सत्ता के खिलाफ ममता थीं, आज ममता के खिलाफ सुवेंदु

■ उस वक्त तख्त पलटा था, इस बार क्या कुछ होनेवाला है ■ ये कुछ और नहीं, बंगाल में बदलाव का संकेत है

■ नबन्ना मार्च की कामयाबी, ममता बनर्जी के लिए बज गयी है खतरे की घंटी

राकेश सिंह

आजाद सिपाही विशेष

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में 13 सितंबर 2022 की तारीख को एक ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज किया जायेगा, जब इसने करीब 30 साल पुराने अध्याय को दोहराया। वह 21 जुलाई 1993 का दिन था, जब ममता बनर्जी ने राइटर्स पर कब्जे का अभियान शुरू किया था और पुलिस फायरिंग में 11 लोग मारे गये थे। ममता बनर्जी खुद इस्प्लानेड की सड़कों पर लहुलूहान होकर छटपटा रही थीं। अस्पताल में उनके सिर में 13 टांके लगे थे। तब बंगाल में ज्योति बसु की अगुवाई में वामपंथियों का शासन था और उनेक खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में ममता बनर्जी कर रही थीं। कहते हैं, उस समय शासन के सम्राट ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि उसका सूरज कभी अस्त होगा। सच कहा जाये, तो ज्योति बसु की सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने की कल्पना भी किसी ने नहीं की थी। उस एक घटना ने ममता बनर्जी को रातोंरात राजनीति की अगली पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया। 13 सितंबर 2022 को भाजपा के नबन्ना मार्च के दौरान जो कुछ हुआ, वह एक हद तक 1993 की याद दिला रहा है। परिस्थितियां लगभग समान, केवल किरदार बदले हुए थे। उस समय ममता बनर्जी पुलिस के निशाने पर थीं, इस समय उनकी पुलिस के निशाने पर शुभेंदु अधिकारी और भाजपा के नेता हैं। उस दिन सचमुच में ममता बनर्जी के साथ आम लोग पहली बार वाम मोर्चा सरकार के खिलाफ डर और आतंक छोड़ कर सड़क पर उतर गये थे और अब भी आम लोग तृणमूल कांग्रेस के डर और आतंक को छोड़ सीना तान कर खड़े हो गये हैं। लोकतंत्र में यह स्थिति तब पैदा होती है, जब सत्ता के जुल्म और आतंक से जनता आजिज आ चुकी होती है। बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ कुछ ऐसा ही माहौल बन गया है। दरअसल पश्चिम बंगाल के लोग इस सरकार के भ्रष्टाचार और आतंक के राज से तंग आ चुके हैं और यही बदलाव का पहला पुख्ता संकेत है। तो क्या सचमुच बंगाल की राजनीति बदल रही है और वहां अब बदलाव की हवा बहने लगी है, तथ्यों के आधार पर बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह**।

दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली, यानी लोकतंत्र का सबसे शानदार पहलू यह होता है कि इसमें तंत्र की कमान लोक के हाथों में होती है, लेकिन जब वही कमान लोक के हाथों से छीन कर तंत्र अपने हाथ में ले लेता है, तो स्थिति विकट हो जाती है। बंगाल में 13 सितंबर 2022 को जो कुछ हुआ, वह उसी विकट स्थिति का परिणाम है, क्योंकि वहां के तंत्र ने लगाम अपने हाथों में थाम रखी है। वहां विरोधियों के खिलाफ हिंसा का तांडव हो रहा है। वह हिंसा सत्ता प्रयोजित है। बंगाल को भारतीय राजनीति का सांस्कृतिक केंद्र कहा जाता है और यह नामकरण वैसे ही नहीं हुआ है। कहा जाता है कि बंगाल जो आज सोचता है, वह बाकी देश कल सोचता है। तब सवाल उठता है कि उस बंगाल की कमान तंत्र ने अपने हाथों में कैसे ले ली है।

इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए हमें थोड़ा पीछे, यानी 1993 में लौटना होगा। बंगाल में वामपंथियों का शासन था। ज्योति बसु मुख्यमंत्री थे। वामपंथियों की नजर में सब कुछ सामान्य ढंग से चल रहा था, लेकिन जनता त्रस्त थी। वामपंथियों के आतंक से, तंत्र के जुल्म और अन्याय से हर तरफ एक अनकहा तनाव पसरा हुआ था। उन दिनों बंगाल सरकार का मुख्यालय राइटर्स बिल्डिंग में हुआ करता था। एक दिन कलकत्ता की सड़कों ने आठ से दस लाख लोगों की भीड़ का एहसास किया। शहीद मैदान खचाखच भर गया था। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने वामपंथियों के हाथों से कमान छीनने के उद्देश्य से राइटर्स पर चढ़ाई का एलान किया था। कोलकाता की सड़कें सुरक्षा बलों से पट गयी थीं, लेकिन ममता के आह्वान पर लाखों की भीड़ राइटर्स की ओर कूच कर गयी। पुलिस से भिड़ंत हुई, फायरिंग में 11 लोग मारे गये और ममता समेत 50 से अधिक लोग घायल हो गये। उस दिन ममता बनर्जी को लक्ष्य कर-के पुलिस ने लाठी चलायी थी, जिसमें उनका सिर फट गया। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने 13 टांके लगाये थे। इस एक घटना ने ममता बनर्जी के रूप में बंगाल को नया नायक दे दिया। उस समय कांग्रेस तो इसका कोई राजनीतिक लाभ नहीं ले पायी, लेकिन कांग्रेस से अलह होकर करीब 18 साल बाद 2011 में उसी ममता बनर्जी ने वामपंथियों के गढ़ को ढाह दिया और आज तक सत्ता उनके हाथ में है। लेकिन ममता की अगुआई में आज पश्चिम बंगाल का शासन ठीक उसी राह पर चल पड़ा है, जैसा ज्योति बसु और उसके बाद बुद्धदेव भट्टाचार्य के हाथ में हो गया था। आज उनकी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता विरोधियों पर सत्ता प्रायोजित हिंसा में शामिल हो गये हैं। ममता बनर्जी भी 1993 की घटना को भूल गयीं। तभी तो 2021 के मई में लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद ममता और उनके करीबी लोग उसी दलदल में फंस गये, जिसमें वामपंथी फंसे थे। भ्रष्टाचार और आतंक के बल पर ममता के करीबियों ने बंगाल का चुनाव तो जीत लिया, लेकिन लोगों को नहीं जीत सके। इसका परिणाम 13 सितंबर, 2022 को उस समय सामने आया, जब पूरे बंगाल से लाखों लोग भाजपा के आह्वान पर हावड़ा में नबन्ना मार्च के लिए निकल पड़े। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में हिंसा का नंगा नाच शुरू कर दिया। अपने विरोधियों को चुन-चुन कर निशाना बनाने लगे। हालत यह हो गयी कि तृणमूल छोड़ कर जो कद्दावर नेता भाजपा में शामिल हुए थे, वे भी तृणमूल के प्रहार से अंदर से हिल गये और भयभीत होकर पुनः तृणमूल कांग्रेस का झंडा थाम लिया। मुकुल राय से लेकर अर्जुन सिंह जैसे कद्दावर नेता डर कर फिर तृणमूल में चले गये।

13 सितंबर 2022 के मार्च के दौरान हिंसा भड़क उठी। मार्च में शामिल लोगों के दिल से भय निकल चुका था। वे पुलिस के सामने तन कर खड़े हो गये। नतीजा यह हुआ कि देखते ही देखते पुलिस की गाड़ियों से आग दहकने लगी। अंततः पुलिस को लाठी का सहारा लेना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हाथ में पत्थर उठा लिये। देखते ही देखते तीन चार क्षेत्र रण क्षेत्र के रूप में तब्दील हो गये। इसमें कई पुलिस अधिकारी और भाजपा नेता भी घायल हुए। संतरागाछी, हावड़ा, कोलकाता के लालबाजार और एमजी रोड इलाकों में भी प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गये। भाजपा ने यह मार्च ममता सरकार के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर बुलाया था।

इस राजनीतिक प्रदर्शन का उद्देश्य चाहे कुछ भी रहा हो, इसका नतीजा चाहे कुछ भी हो, इसमें आम लोगों की भागीदारी और गुस्से को देख कर यह तो स्पष्ट हो गया कि बंगाल के लोग अब दीदी के शासन से तंग आ चुके हैं। सत्ता प्रायोजित हिंसा से कराह रहे हैं। उनके भीतर जो आतंक और डर था, उससे वे बाहर निकल आये हैं। उन्हें अब पार्थ चटर्जी, अनुब्रत मंडल और तृणमूल कांग्रेस के बाहुबली नेताओं के खिलाफ सड़क पर उतरने में डर नहीं लगता है। उन्हें अभिषेक बनर्जी जैसे नेताओं उनके परिवार के लोगों का भ्रष्टाचार अब मंजूर नहीं है। अपने लोगों के भ्रष्टाचार ने ही ममता बनर्जी को अंदर से कमजोर किया है। भाजपा से राजनीतिक लड़ाई होती, तो ममता आसानी से उसे परास्त कर देतीं, लेकिन इस बार भ्रष्टाचार मुद्दा बन गया है। पश्चिम बंगाल में खूब भ्रष्टाचार पनपा है, यह सिर्फ आम लोग ही नहीं कह रहे, बल्कि कलकत्ता हाइकोर्ट के कई फैसलों ने इस पर मुहर लगायी है कि वहां भ्रष्टाचार खूब फल-फूल रहा है। हाइकोर्ट के आदेश के बाद लगभग एक दर्जन मामलों में भ्रष्टाचार की जांच हो रही है। इडी और सीबीआइ के निशाने पर एक दर्जन से अधिक ममता बनर्जी के विश्वासपात्र नेता, विधायक और सांसद हैं। ममता बनर्जी के छह परिजनों की संपत्ति जांचने का आदेश हाइकोर्ट ने दिया है। इसी भ्रष्टाचार के कारण ममता बनर्जी के खिलाफ अब लोगों के मन में घृणा का भाव उत्पन्न हो गया है। स्वाभाविक तौर पर लोगों का यह गुस्सा बंगाल की राजनीति में बदलाव का वाहक बनता रहा है और आगे भी बनेगा।

और बदलाव की इस हवा को पहले जिस तरह कांग्रेस से छीन कर वामपंथियों ने थामा था, फिर वामपंथियों से यह तृणमूल कांग्रेस के हाथों में गयी, उसी तरह अब बारी शायद भाजपा की है। लेकिन इसके लिए अभी भाजपा को बहुत लंबा सफर तय करना होगा। लेकिन भाजपा के लिए सुकून देनेवाली बात यह है कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के भ्रष्टाचार ही उन्हें आंदोलन के लिए ऊर्जा दे रहे हैं और इसमें उन्हें आम जनता का समर्थन मिलने लगा है।

बंगाल की राजनीति का यह अध्याय ममता बनर्जी के माध्यम से उन तमाम नेताओं और राजनीतिक दलों के लिए चेतावनी बन कर आया है, जो खुद को अपराजेय मानते हैं और समझते हैं कि आतंक के बल पर वे मनमानी करते रहेंगे। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र का लोक जब अपने पर आता है, तो वह बड़ी से बड़ी ताकत को मटियामेट कर देता है। नबन्ना मार्च का यही संदेश है कि बंगाल के लोग ममता बनर्जी के शासन में व्याप्त भ्रष्टाचार से ऊब चुके हैं। उन्हें अब इस बात का भी डर नहीं रहा कि सत्ताधारी पार्टी के तथाकथित गुंडे उनके साथ क्या सलूक करेंगे। इसलिए यह समय ममता बनर्जी के चेतने का है। बदलाव के संकेतों को वह जितनी जल्दी समझ लेंगी, उनके लिए उतनी ही सहूलियत होगी। नहीं तो पश्चिम बंगाल में व्याप्त भ्रष्टाचार उन्हें अपने आगोश में लेने को तैयार बैठा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
187200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	27.8 °c	23.2 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.53 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.35 बजे

झारखंड मंत्रालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

हिंदी हमारी सभ्यता-संस्कृति की पहचान है : हेमंत सोरेन

सभी हिंदी भाषा को अपनाने का काम करें : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाषा मनुष्य के जीवन में बहुत ही अहम भूमिका अदा करती है। किसी भी व्यक्ति के लिए धन-दौलत से भी बड़ी उसकी भाषा है। हमारा देश बहुभाषी देश है, हम सभी लोगों को हिंदी भाषा को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने, उसे जीवित रखने के संकल्प के साथ हिंदी दिवस को मनाने की जरूरत है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में विभिन्न भाषा-संस्कृति के लोगों ने तिरंगे झंडे को अपनाने का काम किया है, उसी प्रकार सभी लोग हिंदी भाषा को अपनाने का काम करें। तिरंगा सिर्फ एक ही भाषा बोलता है कि हम भारतीय हैं। जिस प्रकार तिरंगा देश की पहचान है वैसे ही हिंदी भाषा भी देश की पहचान होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कहीं न कहीं देश और दुनिया में प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भाषाओं पर बहुत बड़ा आघात पहुंच रहा है। लोग अपने आप को स्थापित करने के लिए भाषायी आघात को बर्दाश्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य झारखंड में भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां आज भी लोग हिंदी भाषा नहीं समझ पाते हैं। राज्य सरकार जब भी कोई कार्य योजना बनाती है तब मैं पदाधिकारियों से इस बात की चर्चा करता हूं कि जिन क्षेत्रों में लोग हिंदी नहीं बोल-समझ पाते हैं वहां के लोगों को क्षेत्रीय भाषाओं में समझाकर योजनाओं को गति दी जा सकती है। जिन क्षेत्रों में लोग हिंदी भाषा को नहीं समझ पाते हैं वहां बिचौलिया सक्रिय हो जाते हैं। परिणाम यह होता है कि सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत फायदा लाभुकों को नहीं मिल पाता है। वहीं भाषा का फायदा उठाकर सरकार का एक बहुत बड़ा हिस्सा बिचौलिया मार लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हिंदी दिवस का विषय बहुत बड़ा विषय है। मैं आज के दिवस को भाषा को बढ़ाने का विषय, उसे अपनाने का विषय, भाषा को जीवित रखने के संकल्प दिवस के रूप में देखता हूं।

हिंदी भाषा की स्वीकार्यता बढ़ी है : मुख्य सचिव

मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा की स्वीकार्यता बढ़ी है। हमारे देश के वैसे नागरिक जो अन्य देशों में रह रहे हैं वे हमारी हिंदी भाषा को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। किसी भी देश की भाषा ही उसकी संस्कृति एवं परंपराओं को एक धागे में पिरोने का काम करती है। हिंदी हमारे देश की ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे अधिक लोकप्रिय भाषाओं में से एक है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी और युवा कवयित्री जसिंता केरकेट्टा ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा के महत्व पर पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर मुख्यमंत्री और विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रतिभागियों में पवन कुमार, सुमित नीरज, मधुप्रिया हेंब्रम उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित कई गणमान्य साहित्यकार, लेखक एवं शिक्षाविद उपस्थित थे।

नेत्रहीन रेप पीड़िता के होनेवाले बच्चे के नाम 10 लाख फिक्स करे सरकार: हाइकोर्ट

कोर्ट ने पीड़िता के लिए विकलांग पेंशन चालू करने का भी निर्देश सरकार को दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने नेत्रहीन रेप पीड़िता की क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई की। प्रार्थी के अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की। कोर्ट ने बुधवार को नेत्रहीन रेप पीड़ित आदिवासी युवती के मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह आने वाले बच्चे के नाम पर नेशनल बैंक में 10 लाख रुपये का फिक्स्ड डिपॉजिट कराये, ताकि 21 वर्ष होने पर यह राशि उस बच्चे को मिल सके।

कोर्ट ने पीड़िता के लिए विकलांग पेंशन चालू करने का भी निर्देश सरकार को दिया। राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि वह आने वाले बच्चे के प्री डिलीवरी एवं पोस्ट डिलीवरी की जिम्मेदारी वहन करे। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि इस तरह के मामलों को देखते हुए रांची में शेल्टर होम खोलने पर विचार किया जाये।

कोर्ट ने हाइकोर्ट के इस आदेश को राज्य के मुख्य सचिव, समाज कल्याण महिला और बाल विकास विभाग के सचिव, रांची डीसी एवं डालसा, रांची के सचिव को भी भेजने का निर्देश दिया है। यह आदेश राज्य सरकार को देते हुए कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया।

इससे पहले मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान रिम्स निदेशक ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता का गर्भपात नहीं हो सकता है। क्योंकि, वह 28 सप्ताह की गर्भवती है। इसके बाद कोर्ट ने रिम्स, राज्य सरकार और प्रार्थी के अधिवक्ता को इस मामले में आगे क्या किया जा सकता है इस पर आपस में बैठकर विचार करने को कहा था।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित नगड़ी थाना क्षेत्र में रहती है। उसके साथ वर्ष 2018 में पहली बार रेप हुआ। उसके साथ फिर से रेप की घटना हुई, जिससे वह गर्भवती हो गयी। उसने आर्थिक स्थिति खराब होने का हवाला देते हुए कोर्ट से गर्भपात कराने की गुहार लगायी है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ।
- **कन्या** नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।
- **वृश्चिक** रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।
- **मकर** साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा
- **कुंभ** परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं, बस उसे निखारने की जरूरत : राज्यपाल

राज्यस्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य बाल कल्याण परिषद ने बुधवार को राजभवन में राज्यस्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि झारखंड के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उसे निखारने की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उन्होंने विजयी प्रतिभागियों सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने दिव्यांग बच्चों की कला की सराहना करते हुए कहा कि हर बच्चे में विभिन्न प्रकार की प्रतिभा निहित रहती है, आवश्यकता है उनमें निहित प्रतिभा को निखारने की। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांगों के लिए वर्तमान में जो कानून हैं, इस कानून के निर्माण के लिए समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश के कई हिस्सों में जाकर दिव्यांगों से मिलकर उनकी व्यथा सुनी। उनमें निहित प्रतिभाओं को देखा। उनको सहायता एवं स्नेह की जरूरत है, जिससे वे और प्रगति कर सकें।

इन्हें हर क्षेत्र में आगे ला सकते हैं। इस अवसर पर छात्र वैभव कुमार शर्मा ने राज्यपाल का चित्र बनाकर उन्हें भेंट किया। राज्यपाल ने छात्र के प्रयास की सराहना की। राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि यह चित्रांकन प्रतियोगिता बच्चों में निहित कला को प्रखर करने का सशक्त माध्यम है।

प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस राज्यस्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में राज्य के 18 जिले के कुल 227 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 71 दिव्यांग बच्चों की भागीदारी रही। इन बच्चों को विभिन्न श्रेणी में वर्गीकृत किया गया। राज्यपाल ने सभी श्रेणी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को सम्मान राशि से भी पुरस्कृत किया।

बच्चा चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने तीन महिलाओं को बंधक बनाकर पीटा, पुलिस ने कराया मुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जिले के रातू थाना क्षेत्र स्थित सिमलिया नयागांव में ग्रामीणों ने तीन महिलाओं को बंधक बनाकर पिटाई की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तीनों महिलाएं दवा बेचने के नाम पर घर-घर घूम रही हैं और बच्चों को नशीली दवाई सुंघा कर उन्हें अपने साथ लेकर भाग जा रही हैं। जिन महिलाओं के साथ मारपीट की गयी है वे लोग खानाबदोश समाज से आती हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच कर सभी तीनों महिलाओं को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया। बता दें कि हाल के दिनों में गढ़वा, पलामू में बच्चा चोरी के आरोप में कई लोगों की पिटाई की गयी है।

अफवाह उड़ने पर ग्रामीणों ने बनाया बंधक

जानकारी के मुताबिक तीनों महिलाएं गांव में दवा बेचने के लिए गयी थीं। इस दौरान किसी ने अफवाह फैला दिया कि महिलाएं बच्चा चुराने के लिए गांव में आयी हैं। अफवाह फैलते ही ग्रामीणों ने तीनों महिलाओं को बंधक बना लिया और मारपीट भी की। पुलिस मौके पर पहुंचकर कर ग्रामीणों को समझाकर तीनों महिलाओं को उनके चुंगल से मुक्त करवा लिया। पुलिस ने बताया कि तीनों महिलाओं के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की है। हालांकि तीनों बंजारन महिलाएं ग्रामीणों को यह समझाने का प्रयास कर रहीं थीं कि वे बच्चा चोर नहीं हैं, वे जड़ी-बूटी बेच कर अपना जीवन यापन करती हैं। पुलिस ने ग्रामीणों को बताया कि तीनों महिलाओं को अपने साथ थाना ले जा रहे हैं। अगर पूछताछ में कोई भी संदेह वाली बात सामने आयी तो तीनों महिलाओं को जेल भेज दिया जायेगा। पुलिस के समझाने पर ग्रामीण तीनों महिलाओं को उन्हें सौंपने को तैयार हो गये, जिसके बाद पुलिस तीनों महिलाओं को अपने साथ लेकर रातू थाना आ गयी।

आजसू पार्टी का सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आज

केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी का उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलस्तरीय सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम, बगदाहा, टुंडी में होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि सर्वप्रथम शहीद वेदी पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की ओर से पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलायी जायेगी। कार्यक्रम में पार्टी के भावी कार्यक्रम पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर के सभी सात जिले, 90 प्रखंड एवं 1522 पंचायत के लगभग 9235 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय पदाधिकारी, सभी अनुषंगी इकाई के प्रदेशस्तरीय पदाधिकारी के साथ-साथ उत्तरी छोटानागपुर के सभी जिला, पंचायत, प्रखंड-नगर और सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर नेताओं, कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों में काफी उत्साह है।

पूजा सिंघल की न्यायिक हिरासत 28 सितंबर तक बढ़ी

रांची। जेल में बंद आइएएस पूजा सिंघल को बुधवार को इडी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। उनके साथ जेल में बंद सीए सुमन कुमार और बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को भी पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत अवधि 28 सितंबर तक बढ़ा दी है। तीनों की अगली पेशी अब अदालत में 28 सितंबर को होगी। बता दें कि पूजा सिंघल की जमानत याचिका इडी कोर्ट ने पूर्व में ही खारिज कर दी थी। प्रवर्तन निदेशालय ने इडी की अदालत में 200 पन्नों का इन तीनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे। इडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटायी। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं। इडी ने 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से इडी को 19.31 करोड़ रुपये नगद बरामद हुए थे। 11 मई को इडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था और 25 मई से वह सलाखों के पीछे हैं।

इडी ने डहू को आज तक का दिया समय, नहीं तो होगी संपत्ति जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में अवैध खनन मामले की जांच इडी कर रही है। इस मामले को लेकर इडी ने पंकज मिश्रा और बच्चू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी तरफ दाहू यादव को समन भेजा है। दाहू यादव फरार चल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इडी ने दाहू यादव को पूछताछ के लिए 15 सितंबर को इडी ऑफिस आने को कहा है। नहीं आने पर इडी गिरफ्तारी वारंट और संपत्तियों जब्त जैसी कठोर कार्रवाई करेगी।

तीन बार इडी भेज चुकी है समन

बता दें कि इससे पहले इडी ने दाहू यादव को तीन बार समन भेजा था, लेकिन वह नहीं आया। जिसके बाद इडी ने उसकी पत्नी, बेटे और भाई को भी समन भेजा। यह पता चला कि झारखंड के सीएम प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के एक पीएफ सहयोगी दाहू यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर संपत्ति जुटाई, जिसे अवैध खनन की आय के रूप में करार दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि दाहू यादव अपने आदमियों के साथ भागलपुर जिले के मधुबन-पीरपैंती इलाके में देखे गये, लेकिन दाहू यादव को इडी के सामने पेश हुए करीब दो महीने हो चुके हैं। इडी ने उन्हें आखिरी बार 18 जुलाई को देखा था और उनसे पूछताछ की थी।

जिनकी सकल वार्षिक आय लगातार तीन वर्ष तक 8 लाख से कम है, उन्हें मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी की उपचार योजना में 17 बीमारियां शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत प्रभावित व्यक्तियों की चिकित्सा के लिए विभागीय स्तर से चिकित्सा सहायता अनुदान की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की गयी है। साथ ही योजना में 17 बीमारियों को सम्मिलित भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने योजना को लेकर संकल्प जारी किया है। गौरतलब है कि योजना का लाभ वैसे व्यक्तियों को मिलेगा जिनकी सकल वार्षिक आय लगातार तीन वर्ष तक 8 लाख से कम है। उन्हें असाध्य रोग (सभी प्रकार के कैंसर, किडनी प्रत्यारोपण, गंभीर लीवर रोग और एसिड अटैक) में 5 लाख का चिकित्सा अनुदान प्रदान करने का प्रावधान पूर्व से है, लेकिन कई मामलों में देखा गया है कि इलाज में 5 लाख से अधिक की राशि की आवश्यकता होती है। ऐसी परिस्थिति में मंत्रिमंडल की अनुशंसा प्राप्त कर विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इस प्रक्रिया में अत्यधिक समय लगने की संभावना बनी रहती है। जिस कारण रोगी के समुचित इलाज में कठिनाई होती है।

विभागीय मंत्री की स्वीकृति मिलने पर होगा राशि का भुगतान

योजना के तहत चिकित्सा अनुदान की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक विभागीय मंत्री के स्तर से स्वीकृति का प्रावधान किया गया है। व्यवस्था के तहत लाभुकों को समय पर चिकित्सा अनुदान की राशि उपलब्ध करायी जायेगी और आमजनों को बेहतर सुविधा मिलेगी। जबकि 5 लाख तक की राशि पूर्व प्रावधान के अनुरूप संबंधित सिविल सर्जन के स्तर से दिया जायेगा। किसी विशेष परिस्थिति में 10 लाख से अधिक की सहायता अनुदान की राशि की आवश्यकता पड़ने पर मंत्रीपरिषद से स्वीकृति प्राप्त करते हुए विभाग के द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के अंतर्गत सम्मिलित किये गये रोगों की सूची

- विस्कॉट एल्ड्रिच सिंड्रोम
- थैलेसीमिया रक्त विकृति
- बोन मैरो ट्रांसप्लांट
- आघात के बाद विकृति के मामले में प्लास्टिक सर्जरी और बर्न केस
- रेटिना अलग होना
- क्रैनियोटॉमी के साथ सिर में गंभीर चोट
- कोरोनरी धमनी की बाईपास ग्राफ्टिंग/इंट्रा एओर्टिक बैलून पंप
- आइसीयू के मरीज जिन्हें निरंतर गुर्दे की रिप्लेसमेंट थेरेपी की जरूरत पड़ती है
- प्रोलिफेरेटिव डायबिटिक रेटिनो पैथी
- श्वासनली के ऑपरेशन में
- मेनिंगोएंसेफेलोसिल सर्जरी
- मर्मज्ञ केराटोप्लास्टी
- ब्रेन हैमरेज
- चेहरे की दरारों सहित जन्मजात विकृतियां
- कॉकलीयर इम्प्लांट
- मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- किशोरों को नाक में होने वाला ट्यूमर

दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद कैदी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद कैदी संजय महतो की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मंगलवार की रात कैदी संजय महतो की तबीयत बिगड़ने पर रिम्स ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजय महतो के परिजनों को इसकी जानकारी दे दी गयी है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया जायेगा।

जेल सुपरिटेंडेंट हामिद अख्तर ने बताया कि संजय महतो नाम के कैदी की मौत हो गयी है। वह तमाड़ थाना का रहने वाला है। इसके खिलाफ दुष्कर्म करने का आरोप था। उसे 29 अगस्त को जेल में लाया गया था।

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा
निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीआरएनसी-47 2022, दिनांक 13.07.2022, भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: दो (02) वर्षों के लिए हटिया में हरियाली भरे क्षेत्रों (ग्रीन पैचों) का रखरखाव एवं विकास। निविदा मूल्य: रु. 40,88,858.93; बयाना राशि: रु. 81,800; निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 05.10.2022 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-580)

बेडोकला मुखिया ने फुटबॉल खिलाड़ियों को दिया जर्सी- पैंट

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के बेडोकला पंचायत मुखिया रिंकी देवी ने फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी पेंट वितरित किया।मौके पर उन्होने कहा खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ाने के लिए जर्सी पेंट उपहार के रूप दी ।मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नही है।खासकर बेडोकला फुटबॉल के खेल में अग्रणी रहा है।यहां खिलाड़ियों को फुटबॉल में रुचि को देखते हुए प्रोत्साहित किया गया।मौके पर मंजूर आलम,बिरेन्द्र शर्मा,चेतलाल साव,सलिम अंसारी आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने बालू लदा दो ट्रैक्टर किया जब्त

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डूमर डीहा के समीप बंडासिंघा इचाक मार्ग पर पुलिस ने दो बालू लदा ट्रेक्टर को जब्त किया।बताया गया कि सीओ बरकट्ठा श्रीकांत लाल मांझी एवं थाना प्रभारी बुधवार की सुबह लगभग 5 बजे सयुंक्त छापेमारी रूप से छापेमारी कर ट्रेक्टर को पकड़ा।पुलिस को देख चालक फरार हो गया।जब्त ट्रेक्टर को थाना लाया गया।कांड संख्या 156/22 के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।जब्त ट्रेक्टर में एक लाल रंग का महिंद्रा ट्रेक्टर व दूसरा ब्लू रंग का पावर ट्रेक ट्रेक्टर शामिल है।

सखुवा का बोटा ले जा रहा ट्रैक्टर जब्त

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम अम्बाटांड जंगल से अवैध रूप से सखुवा पेड़ की कटाई कर उसे बिना नम्बर के ल्टळ ट्रेक्टर में लोड कर बेचने हेतु ले जाने के क्रम में अम्बाटांड स्कूल के पास से सखुवा का बोटा लोड ट्रेक्टर को जब्त किया गया। इस संबंध में विष्णुगढ़ पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक सह मालिक अम्बाटांड निवासी मनोहर महतो , पिता रति महतो को गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या ,186/22, धारा 379/414 भा० द० वि० एवं 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

चुरचू मुखिया संघ का अध्यक्ष बने देवकी महतो

चरही (आजाद सिपाही)। चुरचू प्रखंड मुखिया संघ का बुधवार को बदसूरत सहमति के अनुसार चयन किया गया। प्राप्त सुचना के अनुसार बताया जाता है कि चुरचू प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में प्रखंड के आठो पंचायत के मुखिया गन उपस्थित हुए बहुत ही उथल पुथल के बाद सहमति बना और प्रखंड के बहेरा पंचायत का नवनिर्वाचित मुखिया देवकी महतो को अध्यक्ष चुन लिया गया। तमाम लोगों ने खुशी इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाईयां खिला कर बधाई दिया गया। जिसका लिखीत कॉपी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। मुखिया संघ अध्यक्ष देवकी महतो ने कहा कि मुझे अध्यक्ष चुनकर मुझे बहुत बडा जिम्मेदारी दी गई है मै श्रद्धा पूर्वक तमाम पंचायत के मुखिया को गाइडलाइंस देकर विकास की ओर ले जाने के काम करूंगा और हमेशा दुख सुख में साथ रहूंगा।

मरकच्चो में हुआ जांच शिविर का आयोजन

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन परिसर में प्रखंड स्तरीय समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 3 वर्ष से 18 वर्ष दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर एवं पूर्व में जांच किए गए दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस मौके पर एलिम्को कंपनी के बाहर से आए डॉ गौरीशंकर बेहरा,डॉक्टर फैसल करीम, एम पी एम ऑपरेटर चंदन कुमार यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर विकास कुमार यादव, दिलीप कुमार मेहता, मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आये 60 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई। वहीं पूर्व में जांच किए गए 45 बच्चों को उपकरण मुहैया कराया गया। जांच किए गए दिव्यांग बच्चों को अगली बार उपकरण मुहैया कराई जाएगी। इस मौके पर बीपीओ बबीता कुमारी, सीआरपी मोहम्मद शाहबाज आलम शाहीन, बीपीएम आनंद शंकर, रिसोर्स शिक्षक राजू कुमार पासवान, संतोष कुमार, सत्य प्रकाश कुमार, एम एस मोहम्मद साजिद, चंदन कुमार यादव, विकास कुमार यादव, विशेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त ने किया सदर अंचल और प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बुधवार को सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

अंचल और प्रखंड कार्यालय के कार्यो की जांच

अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रखंड कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक की अद्यतन स्थिति आदि की जांच उपायुक्त द्वारा की गई। जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस की जानकारी लेने के साथ-साथ उपायुक्त ने कर्मियों को कार्यशैली को और बेहतर बनाने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में कर्मियों की कमी की ली जानकारी

उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित सीओ और बीडीओ से कार्यालय में कर्मियों की वर्तमान संख्या की जानकारी ली। इस पर सीओ ने उपायुक्त को बताया वर्तमान में 7 कर्मचारी, 11 हल्का कर्मचारी व 2 खास महाल के हल्का कर्मचारी समेत,चार लिपिक वर्तमान में कार्यरत है। इस पर उपायुक्त ने कर्मियों की कमी को जल्द पूर्ण करने की बात कही। साथ ही उपायुक्त ने कंप्यूटर ऑपरेटर की संख्या एवं उनकी कार्य कुशलता की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने सीओ एवं बीडीओ को नियमित कर्मियों के साथ बैठक करने एवं क्षेत्र भ्रमण कर तत्संबंधी कार्यों की रिर्पोट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अंचल अधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुंजन सिन्हा सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी, कर्मी, अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

केवाइसी करवाने के लिए कृषि पदाधिकारी ने की अपील

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पीएम किसान लाभुकों को अपील करते हुए कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ने कहा कि अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में संपर्क कर यथाशीघ्र ई-के वाइ सी करवा लें ।ताकि पीएम किसान योजना से मिलने वाले प्रत्येक किस्त की राशि से आपका ससमय लाभान्वित हो सके।के वाइ सी नहीं होने की स्थिति में आप इस योजना के द्वारा मिलने वाली राशि से वंचित हो सकते हैं इसलिए इसे अति आवश्यक समझकर समझे।

लकड़ी की सीढ़ी चढ़ कर पूल पार करते हैं बड़कागांव के लोग

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के चोरका नदी में पुल 4 वर्ष होने के बावजूद भी पूर्ण नहीं हो सका है। पुल का एप्रोच नहीं बनने के कारण बड़कागांव के लोग लकड़ी के सीढ़ी लगाकर पुल पार करने को मजबूर हैं।सीढ़ी से चढ़कर पुल पार करने में सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं वृद्ध जनों को परेशानी हो रही है।बच्चों को पुल पर सीढ़ी से चढ़ने के दौरान अक्सर गिरते हुए देखा जाता है।अगर इस पर जिला प्रशासन से लेकर प्रखंड प्रशासन तक ध्यान नहीं देगी, तो कई घटनाएं घट सकती है।सिलापट के अनुसार इस पुल का शिलान्यास निर्वात मान मुख्यमंत्री रघुवर दास ,मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा , सांसद जयंत सिन्हा एवं विधायक निर्मला देवी द्वारा 17 सितंबर 2019 को किया गया था। योजना स्थल पर योजना से संबंधित किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगा है। जिसके कारण पुल का निर्माण इससे संबंधित रिपोर्ट ग्रामीणों को नहीं मालूम है।स्थानीय लोगों का कहना है कि हम लोग योजना संबंधित बोर्ड लगाने के लिए कहते रह गए।लेकिन अभिकर्ता द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।इस पुल का निर्माण रामेश्वरम प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

क्या कहना है अभिकर्ता का

इसके अभिकर्ता प्रसून कुमार ने बताया कि इसकी प्राक्कलन राशि लगभग साढ़े छह करोड़ रुपए की है। इनका कहना है कि पुल का निर्माण तो हो गया है।परंतु अप्रोच नहीं बना है।रोड में एप्रोच बनाना चाहते हैं, तो स्थानीय लोग मुआवजे की मांग करते हैं, इसीलिए काम रुका हुआ है।

क्या कहना है मुखिया का

मुखिया प्रभु महतो का कहना है कि 4 वर्षों में पुल कंप्लीट नहीं हो पाया। इस कारण बड़कागांव महटिकरा, चोरका, पंडरिया, सिरमा, छवनियाँ, जमनीडीह, सिकरी गांव के लोगों को परेशानी हो रही है। ठेकेदार इंजीनियर के लापरवाही के कारण पुल तिरछा गया है। जिसके कारण आगे चलकर सड़क दुर्घटना हो सकती है।

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण जल्द लागू करे सरकार : गोविंद

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गूंजा गांव निवासी सीपीआई नेता गोविंद मेहता ने झारखंड सरकार से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण जल्द लागू करने की मांग की है। सीपीआई नेता ने कहा की झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का आरक्षण काटकर 27 प्रतिशत से 14 प्रतिशत कर दिया था। जिसका भरपाई कभी किया नहीं जा सकता। मेहता ने यह भी कहा कि सरकार 27 प्रतिशत ओबीसी का आरक्षण लागू कर झारखंड के ओबीसी बच्चों का जिंदगी सवारने का काम करें। साथ ही वर्तमान झारखंड सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू कर अनोखा कार्य किया है। साथ ही पारा शिक्षकों का 50 प्रतिशत मानदेय बृद्धि, आंगनबाड़ी सहायिका सेविकाओं का मानदेय वृद्धि एवं पुलिस कर्मियों को छुट्टी विस्तार कर 13 महीने का वेतन किया जाना, गरीबों को मुफ्त 100 यूनिट बिजली आदि कार्य स्वागत योग्य है।

खनन विभाग ने इचाक प्रखंड अंतर्गत भुसुआ में अवैध क्रशरों पर की कार्रवाई

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार एवं सुनील कुमार, खान निरीक्षक द्वारा हजारीबाग जिला के ईचाक अंचल अन्तर्गत मौजा भुसुआ मे अवैध रूप संचालित क्रसरो की जॉच एवं चिन्हितीकरण किया गया। जांच के क्रम मे निम्नलिखित व्यक्तियो, संचालकों के क्रशर स्थापित पाये गये। जिनमें गौतम कुमार मेहता, सुरेंद्र मेहता, अशोक मेहता, ईन्दर मेहता, जितेश्वर महतो, पिन्टु मेहता, मुकेश मेहता, महादेव मेहता, सकलदीप मेहता, मनोज मेहता, रंजीत मेहता, गोविन्द मेहता, बाबर खान उक्त क्रशर संचालको के क्रशर पर पाये गये पत्थर, खनिजो का आंकलन टीम के द्वारा किया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सभी उपरोक्त अवैध क्रशर संचालको के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

हिंदी दिवस के मौके पर सीमा सुरक्षा बल मेरु कैंप के कार्मिकों को दिलायी शपथ

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सीमा सुरक्षा बल मेरू कैम्प में पीएस बैंस, महानिरीक्षक, सीसुबल के तत्वावधान में दिनांक 1 सितंबर से लेकर 14 सितंबर को हिन्दी माह के पहले पखवाड़े में हिन्दी को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस पखवाड़े के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध लेखन, हिन्दी टंकन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर पी एस बैंस महानिरीक्षक ने मेरू कैंप स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में सभी कार्मिकों को सरकारी कार्य हिन्दी में करने की गृह सचिव की अपील सभी को पढ़कर सुनाई। इस अवसर पर मेरू कैंप के सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। महानिरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है और राजभाषा के रूप में हिन्दी का अधिकतम प्रयोग किए जाने के लिए हमें अपने सरकारी कामकाज मे हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का भरसक प्रयास करना चाहिए। यह हर्ष का विषय है कि सरकारी काम-काज हिन्दी में किए जाने में लगातार प्रगति हो रही है। हमे यह बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि सीमा सुरक्षा बल में 2021-22 के दौरान सर्वाधिक एवं उच्च कोटि का कार्य हिन्दी भाषा में करने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने सभी प्रशिक्षण संस्थानों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

हिंदी दिवस विशेष : हिंदी सिर्फ हमारी भाषा नहीं, हमारी पहचान भी है

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भारत सरकार की राजभाषा नीति/नियमों के अनुसरण में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वर्ष भर कई समारोहों का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' मनाया जाता है और इसी कड़ी में 14 सितम्बर से 29 सितम्बर तक एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परियोजना में 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' एवं 14 से 29 सितंबर,2022 तक 'हिंदी पखवाड़े' का आयोजन किया जा रहा है । पखवाड़े का शुभारंभ बादम परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर एवं माइनिंग विभाग के महाप्रबंधक एस.के.गुप्ता द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए चंद्रशेखर ने कहा की हिंदी हमारी राजभाषा है तथा कार्यालय का सभी काम हिंदी में करना हमारा संवैधानिक दायित्व है। आप सभी से अनुरोध है कि आप अपना अधिक से अधिक काम हिंदी में करने का प्रयास करें। कार्यालय के कार्यों में सरल व सहज हिंदी शब्दों का प्रयोग करें ताकि अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करते हुए भारत सरकार द्वारा दिए गए राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर बादम परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर, माइनिंग विभाग के महाप्रबंधक एस. के. गुप्ता, सूचना प्रद्योगिकी विभाग के अपरमहाप्रबंधक आनंद अग्रवाल, मानव संसाधन विभाग के अपरमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना एवं सभी अधिकारीगण उपस्थित रहें।



हिंदी के बगैर संस्कार और संस्कृति की कल्पना बेमानी : कुलपति

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने हिंदी विभाग में आयोजित कार्यशाला के समापन के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी संस्कार और संस्कृति की भाषा है जिसके बिना व्यक्तित्व अधूरा रहता है। हिंदी हृदय से निकलने वाली भाषा है। कुलपति ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया और कहा कि व्यक्तित्व का विकास मातृभाषा को अपनाकर ही की जा सकती है। हिंदी विभाग में पांच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था और इसी के समापन के अवसर पर एक शादी समारोह में अंतर विभागीय भाषण प्रतियोगिता में बेहतर प्रस्तुति के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। भारत के नवनिर्माण में राष्ट्रभाषा हिंदी का योगदान विषय पर प्रथम पुरस्कार हिंदी विभाग की आरती कुमारी, द्वितीय पुरस्कार दीपिका और सोनम कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार मोनिका कुमारी को चतुर्थ एवं पंचम पुरस्कार क्रमश जंतु विज्ञान विभाग की परिणय तथा अर्पणा कुमारी को दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ केदार सिंह ने हिंदी के महत्व एवं इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। विषय प्रवेश डॉक्टर के के गुप्ता तथा मंच संचालन डॉक्टर सुनील कुमार दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजू राम ने किया। डॉ विनोद रंजन ने हिंदी की उपयोगिता पर अपने विचार रखा।

एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में धूमधाम से हिंदी दिवस का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। एसबीएम शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में धूमधाम से हिंदी दिवस का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की शुरूआत एस. बी. एम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० शशिकान्त यादव एवं शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशिकांत यादव ने विषय प्रवेश कराते हुए हिन्दी की महत्ता को प्रशिक्षुओं के बीच रखा और कहा कि हमें हिन्दी का प्रयोग बिल्कुल निर्भीक होकर प्रभावशाली ढंग से करना चाहिए। इसके लिए उन्होंनें मैथलीशरण गुप्त की कविता ₹करो अपनी भाषा से प्यार₹ प्रशिक्षुओं के समक्ष प्रेरणा प्राप्ति हेतु रखा। सहायक प्राध्यापक श्री पंकज कुमार ने भी हिन्दी के महत्व को बताया व कहा हिन्दी वह भाषा है जो चरित्र का निर्माण करती है लोगों को एकता के सूत्र में बाधे रखती है तथा जिस प्रकार से बालक या बालिका के शारीरिक विकास में माता के दूध का महत्व है उसी प्रकार हिन्दी / मातृभाषा का महत्व व्यक्ति के मानसिक विकास से है साथ ही साथ सुमित्रानन्दन पंत की पंक्तियों को रखा ₹हिन्दी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्त्रोत है। अतः उपरोक्त पंक्तियों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है जिससे हिन्दी की महत्ता बरकरार रह सके। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के सहायक प्राध्यापक अमित सिंह, ने किया इस कार्यक्रम में, कुणाल कुमार यादव,शिवकांत मणी, श्मती सुषमा कुमारी मंजरी कुमारी, श्वेता कुमारी के अलावा शिक्षकेत्तर कर्मी विवेक कुमार रवि, सुधीर कुमार, रविशंकर प्रसाद, का योगदान सराहनीय रहा।

पीएम इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज मे हिंदी दिवस के अवसर पर भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सूरज कुमार राणा, द्वितीय स्थान गुलाम मुस्तफा तथा तृतीय स्थान पर आयुष कुमार रहा ।सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पूजा कुमारी ,द्वितीय स्थान मुस्कान खातून तथा तृतीय स्थान पर हसनैन अंसारी रहा। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।स्कूल निदेशक सत्येंद्र प्रसाद संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा एवं राजभाषा है। हिंदी दिवस हमें यह एहसास दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कि हिंदी दुनिया का सबसे पुरानी एवं विश्व में तीसरा सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस तरह हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए ।स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता को सफल बनाने में संस्था के प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव ,शिक्षक बैजनाथ कुमार, प्रकाश कुमार, दीपक सोनी ,नेहा कुमारी, अरनिका सिन्हा ,नंदेव कुमार आदि शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हिंदी दिवस पर भैया बहनों के बीच कविता पाठ का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर,झुमरी तिलैया में वर्गशः भैया बहनों के बीच कविता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने कहा कि कविता पाठ साहित्य की ओर के झुकाव को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कविता के भावानुरूप भावों को प्रस्तुत करना पाठक की समझ को बतलाता है। निर्णायक के रूप में मौजूद धीरेंद्र कुमार सिंह ने निर्णय की जटिलताओं को बताया । कविता पाठ में तरुण वर्ग के बहन आयुषी, किशोर वर्ग में अनन्या और बाल वर्ग में साक्षी कुमारी को प्रथम स्थान दिया गया ।किशोर वर्ग में मुस्कान सिंह को द्वितीय एवं बाल वर्ग में निधि कुमारी और तृतीय पुरस्कार भैया अंकित सिंह को दिया गया। इससे पूर्व अखिल भारतीय स्तर पर शिशु व तरुण वर्ग के भैया बहनों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी वर्गों के विषय वस्तु सीमा अलग-अलग थे। एक घंटा तक चली इस प्रतियोगिता में करीब 600 भैया-बहनों ने भाग लिया।

विवेकानंद विद्या मंदिर धरमपुर हिंदी दिवस का आयोजन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। हिंदी दिवस के अवसर पर विवेकानंद विद्या मंदिर धरमपुर में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुरूआत में विद्यालय के प्राचार्य अभिनय कांत ने हिंदी विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जो संपूर्ण भारत में समन्वय स्थापित करने में सक्षम है। इस अवसर पर विद्यालय के हिन्दी शिक्षिका सविता देवी ने कविता के माध्यम से हिंदी भाषा के बारे में कही। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक जैनुल अंसारी ने हिंदी भाषा जी को विशेष महत्व बताते हुए हिंदी भाषा में छिपे गूढ़ रहस्य का बच्चों के सामने हिंदी में बताये। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक शम्भु साव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी भाषा का जड उस भाषा के व्याकरण है ।इसलिए हमलोगों को व्याकरण पर अच्छा से अच्छा पकड़ बनाना चाहिऐ इस मौके पर विद्यालय शिक्षक देवनरायण कुमार सिंह, संतोष कुमार, बब्लू प्रजापति, नितीश कुमार, राहुल कुमार, सन्नी पासवान, मुकेश वर्मा, दिनेश्वर प्रसाद, दिलीप कुमार, रवि सोनी, प्रकाश, राजू, सुबास, मिथलेश, कंचन, सरिता, सिखा एवं विद्यार्थियों उपस्थित थे।

झारखंड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर छात्रों के बीच चार्ट प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी प्राचार्य सुशीला देवी ने किया। मौके पर प्राचार्य सुशीला देवी ने हिंदी दिवस पर विस्तार रूप से प्रकाश डाला, और कहां की प्रत्येक विद्यार्थी का इसके लिए अर्षण भाषा को व्यापारी पहचान कराने के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सत्र 2020-22 एवं 2021- 23 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शामिल हुए प्रशिक्षुओ को 4 सदनों में बांटा गया। इसमें टैगोर सदन गांधी सदन विवेकानंद सदन व नेहरू सदन के छात्रों ने अपने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार व डीएलएड विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक मंडली में शामिल डॉ प्रियंका पांडेय, प्रोफेसर के एन पांडेय तथा प्रोफेसर विनीता कुमारी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों के नामों की घोषणा की।

विश्व हिंदी दिवस पर मार्खम कॉलेज में वर्तमान परिदृश्य में हिंदी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदी दिवस पर बुधवार को मार्खम कॉलेज में 'वर्तमान परिदृश्य में हिंदी' विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग के सभागार में आयोजित इस विश्व हिंदी दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ सोमर साहू 'सुमन' ने कहा कि सन् 1950 में संविधान निमार्ताओं ने भारत को एक स्वतंत्र राष्ट्र मानते हुए इसकी एक भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया। पन्द्रह भाषाओं को संयुक्त रूप से एक राजभाषा बनाई गई। संविधान निमार्ताओं ने माना कि हिंदी एक राजभाषा एवं उसकी लिपि देवनागरी होगी। हिंदी हिंदुस्तानी भाषा है। हिंदी भाषा संस्कृत पर आधारित है। भाषा में फर्क नहीं लिपि में फर्क होता है। हिंदी में अरबी और फारसी का प्रयोग से उर्दू हो जाता है। हिंदी में अंग्रेजी भाषा को भी अपना कर आत्मसात कर लिया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्खम कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ सीपी दांगी ने कहा कि हिंदी को प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया है। हमें हिंदी राजभाषा पर गर्व है। हिंदी राजभाषा है राष्ट्रभाषा नहीं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संगोष्ठी में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बीडी त्रिवेदी ने मधुशाला पर कविता प्रस्तुत किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ संध्या प्रेम ने वर्तमान परिपेक्ष्य में हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर हिंदी का मान- सम्मान बढ़ता जा रहा है ,परंतु हम अपनी अवधारणाओं में दैनंदिनी कार्यों में हिंदी का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। हिंदी को वैश्विक मान -सम्मान दिलाने के लिए हमें अपनी अवधारणाओं को मानसिक रूप से हिंदी के प्रति जागृत करना होगा। प्रधानाचार्य ने मेडिकल क्षेत्र समेत अन्य कार्यों में हिंदी को अपनाने पर बल दिया। संगोष्ठी का संचालन विभाग के शिक्षक डॉ जीएस पांडेय ने एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के शिक्षक डॉ संतोष कुमार रविदास ने किया। इस अवसर पर मंचासीन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह,डॉ जयगोविंद प्रसाद, डॉ रंजीत कुमार, विभाग की शिक्षिका डॉ कनक, डॉ काजल,डॉ आकांक्षा, डॉ अंतरा,डॉ अनुभा,भोला नाथ सिंह काजल किरण, डॉ लाडली समेत शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित थे।

डीसी ने राजस्व संग्रहण एवं नीलाम पत्र वादों को लेकर की बैठक

भूमि-दाखिल खारिज संबंधित मामलों को ससमय निष्पादित करें : डीसी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में बुधवार को राजस्व संग्रहण एवं नीलाम पत्र वादों को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी ने राजस्व संग्रहण के तहत वाणिज्य कर उपायुक्त, सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला अवर निबंधक, जिला खनन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, भू राजस्व(भू-लगान, सैरात, अमीन मापी) निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक की गई प्राप्ति की जानकारी ली। मौके पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को तीव्र गति से कार्य करने एवं निर्धारित लक्ष्य को तय समय सीमा के अंदर प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

एजेंसियों, कारखानों में जांच अभियान चलाने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने सेल टैक्स ऑफिस के अधिकारियों को रामगढ़ जिला अंतर्गत कार्यरत विभिन्न एजेंसियों, कारखानों आदि में नियम अनुसार जांच अभियान चलाने एवं कहीं से भी सेल टैक्स चोरी से संबंधित मामला सामने आने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मामलों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश

नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने उपनिदेशक खान उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, नीलाम पत्र पदाधिकारी (अनुमंडल), भूमि सुधार उप समाहर्ता रामगढ़ व अंचल वार अंचल कार्यालयों में लंबित नीलाम पत्र वादों की समीक्षा की एवं जिन कार्यालयों में डीसी ने निष्पादन कार्यों को संतोषजनक नहीं पाया, उनके संबंधित पदाधिकारियों को मामलों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

डीसी ने अंचलाधिकारियों को दी निर्देश

इन सबके अलावा डीसी ने अंचल अधिकारियों को उनके उनके कार्यालय में आने वाले भूमि-दाखिल खारिज संबंधित मामलों को ससमय निष्पादित करने एवं आपसी बटवारा नामा व उत्तराधिकारी दाखिल खारिज कार्यों में गति लाने के लिए शिविर आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

बालिका उच्च विद्यालय कुजू के शासी निकाय के सचिव बने अंशु गुप्ता

कुजू (आजाद सिपाही)। बालिका उच्च विद्यालय मुरपा (कुजू) के प्राचार्य कक्ष में बुधवार को शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मांडू विधायक सह विद्यालय अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल ने की। बैठक के दौरान शासी निकाय सचिव पद के चयन को लेकर विद्यालय प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने दान-दाता सदस्य अनीष कुमार गुप्ता उर्फ अंशु गुप्ता का नाम का प्रस्ताव में लाया। जिसका समर्थन भोला प्रसाद (शिक्षाविद सदस्य) ने की। मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने शासी निकाय सचिव पद के लिए अनीष कुमार गुप्ता उर्फ अंशु गुप्ता के नाम पर अपनी सहमति प्रदान किया। मौके पर अंशू गुप्ता ने सभी सदस्यों, आम जनता व लोगों को आभार व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में कहा कि बालिका उच्च विद्यालय कुजू के शासी निकाय का संचालन पूरी तरह पारिवारिक माहौल में बेहतर शिक्षा बहाल करने में प्रयासरत रहूंगा। साथ ही, कहा कि स्कूल के विकास के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा, ताकि इसका पहचान प्रदेश व जिले भर में हो सके। मालूम हो कि पूर्व सचिव स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के निधन इलाज के दौरान हो गया था। जिसकी वजह से सचिव पद खाली चल रहा था। मौके पर बालिका उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, भोला प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार गुप्ता, भुनेश्वर महतो मौजूद रहे।

फसल राहत योजना में सभी किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बीडीओ हलधर कुमार सेठी की अध्यक्षता में जनसेवकों की बैठक हुई। इसमें बीडीओ के द्वारा कहा गया कि अभी तक झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत पुरे प्रखंड में मात्र 4 हजार 4 सौ 72 किसान ही रजिस्ट्रेशन करवा पाए हैं। जबकि और भी हजारो किसानों का नामांकन होना चाहिए। बीडीओ ने सभी जनसेवकों का निर्देश दिया कि वे किसानों को प्रोत्साहित कर रजिस्ट्रेशन की संख्या में बढ़ोतरी करने का प्रयास करें। ज्ञात हो कि गुरुवार 15 सितंबर तक ही रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि रखी गई है। मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी सह जनसेवक जितेन्द्र कुमार, चित्रा सिंह मुंडा, अजित कुमार, परमानंद प्रसाद आदि शामिल थे।

बीडीओ ने मध्याह्न भोजन सहित विद्यालय का किया निरीक्षण

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के बीडीओ हलधर कुमार सेठी के द्वारा बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय जयनगर का निरीक्षण किया गया। जिस समय बीडीओ स्कुल पहुंचे उस समय वहां बच्चे मध्यान्ह भोजन कर रहे थे। बीडीओ ने सबसे पहले बच्चों के बीच पहुंच कर मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया और बच्चों से भोजन के विषय में जानकारी ली। इसके बाद विद्यालय के कार्यालय पहुंच कर शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया और स्कुल के सम्बन्ध में जानकारी ली। यथा स्कुल में कितने बच्चे हैं आदि। इसके साथ ही रसोईयों से बुलाकर भाजन बनाने में स्वच्छता बरतने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त कक्षा आठ के बच्चों को बुलाकर कई सवाल भी किए। इसमें बच्चों ने कुछ सवालों के जवाब दिए और कुछ के विषय में अनभिज्ञाता जाहिर की। मौके पर पंचायत सचिव नरेश प्रसाद, प्रधान सहायक चितरंजन कुमार आदि शामिल थे।

गाडीलौंग दयानंद पब्लिक स्कूल में समारोहपूर्वक मना हिंदी दिवस

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड क्षेत्र के गाडीलौंग दयानंद पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि वनांचल कॉलेज सह विवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान के संस्थापक बिगुल प्रसाद एवं विद्यालय प्रबंधन पवन कुमार चौरसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया। हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों की उत्साह और उमंग देखा गया। विद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता काव्य पाठ प्रतियोगिता श्रुति लेख प्रतियोगिता नृत्य प्रतियोगिता आशु भाषण प्रतियोगिता लघु नाटिका शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई श्रुति लेख प्रतियोगिता में वर्ग अ के बच्चों में प्रथम स्थान आर्यन कुमार रोहित कुमार कोमल रानी रोशन कुमार व आयुषी कुमारी द्वितीय स्थान रिद्धि कुमारी बसंत कुमार आरव कुमार ललन कुमार मोहम्मदी जेबा, तो वही वर्ग ब के बच्चों में प्रथम दिव्या भारती रितेश कुमार सुनीता कुमारी रूबी कुमारी राजेश कुमार द्वितीय ओम भास्कर नमन पांडे सुहानी कुमारी सोनी कुमारी अंशु कुमारी तथा तृतीय स्थान हिमेश कुमार व खुशी सोनी ने प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता आशु भाषण प्रतियोगिता व बैनर और बुलेटिन बोर्ड निर्माण प्रतियोगिता में निम्न बच्चों ने बाजी मारी खुशी पांडे सौम्या पाठक सृष्टि बाला काजल कुमारी इत्यादि विद्यालय के निदेशक पवन कुमार चौरसिया एवं हिंदी शिक्षक सुमित राज पांडे ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र व सहभागीता प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया, साथ ही साथ हिंदी को अपनाने पर विशेष बल दिया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिका मौजूद थे ।

सांसद ने नवजात दिव्यांग को पीएमओ से दिली तीन लाख आर्थिक सहायता

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत राहम निवासी अजय कुमार पांडेय के पुत्र अभिनव कुमार पांडेय के उपचार के लिए आर्थिक सहायता के संबंध में टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया। जिसके लिए चतरा सांसद डॉ सुनील कुमार सिंह ने नवजात दिव्यांग अभिनव के उपचार के लिए प्रधान मंत्री कार्यालय नई दिल्ली को पत्र लिखकर आर्थिक सहायता की मांग किया। जिसके आलोक में मानव अंग प्रतिरोपण अधिनियम, 1994 में सन्निहित अनुदेशों एवं अंग प्रतिरोपण को प्रशारित करने वाले अन्य नियमों, जहां कहीं लागू हो, का अनुपालनार्थ बीएचयू वाराणसी अस्पताल की संदर्भ संख्या 4820828 प्रधान मंत्री ने उपचार में होने वाले खर्च की अंशतः पूर्ति करने के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से तीन लाख रुपए स्वीकृत किया है। ज्ञातव्य हो कि अभिनव कुमार पांडेय मूंह से बोल नहीं पाते हैं और कान से कुछ सुन भी नहीं पाते हैं। स्पष्ट आवाज में बोल सकें इसके लिए डॉक्टर ने सलाह दिया कि इसका कान का आपरेशन कर ईलाज किया जायेगा। इसका बेहतर उपचार बीएचयू वाराणसी में होता है। जहां अभिनव का उपचार किया जायेगा। सांसद चतरा सुनील कुमार सिंह ने नवजात अभिनव के उज्जवल भविष्य की कामना किया। नवजात दिव्यांग अभिनव के उपचार में मदद के लिए उसके माता- पिता ने प्रधान मंत्री मोदी जी, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के प्रति आभार प्रकट किया।

भारी बारिश से खतरनाक हुए जलाशय, एसपी ने लोगों से की अपील

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले में 48 घंटों की बारिश ने जलाशयों को खतरनाक रूप दे दिया है। पतरातू डैम, दामोदर नदी, भैरवी नदी और नलकारी नदियां उफान पर हैं। रामगढ़ जिले में भारी बारिश के बाद जलाशयों में अचानक आने वाली बाढ़ की वजह से जिला प्रशासन अभी से ही हाई अलर्ट पर है। बुधवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि पतरातू डैम और रजरप्पा मंदिर में भारी मात्रा में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन मौजूदा हालात ऐसे हैं कि यह दोनों ही स्थान काफी खतरनाक हो चुका है। भारी बारिश की वजह से यहां पहुंचने वाले लोग रोमांच के चक्कर में नदियों में बह जा रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं भी पतरातू और रजरप्पा में हो चुकी है। उन्होंने आम जनों से यह अपील की है कि वे जलाशयों से खिलवाड़ ना करें। नदियों से दूर रहें और सबसे बड़ी बात की बाढ़ के पानी में ना घुसे। यह उनके जीवन को खत्म कर सकता है। जिला प्रशासन अपने तरीके से हर जगह पर निगरानी रख रहा है। लेकिन सबसे बड़ी सतर्कता तभी है जब आम आदमी जागरूक होगा। एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि रजरप्पा और पतरातू पुलिस को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी स्तर पर पर्यटकों और श्रद्धालुओं को नदी में जाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर लोग कुछ दिन उफान पर आए जलाशयों से दूर रहेंगे तो उनकी जान-माल की रक्षा हो सकती है।

उड़ीसा से दिल्ली जा रहे साइकिल यात्रियों का गोला में किया स्वागत

गोला (आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर साइकिल से उड़ीसा से दिल्ली जा रहे यात्रियों का बुधवार को किसान उच्च विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। जिसका नेतृत्व भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा के द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया।बताया गया कि उक्त साइकिल यात्रा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बालासोर के स्वतंत्रता सेनानी बाधा जातिन के शहादत पर 75 साइकिल यात्रियों के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिलकर जनसंख्या नियंत्रण कानून एंव पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित बाते रखेंगे।जिला अध्यक्ष ने कहा कि साइकिल यात्री 2500 किलोमीटर की दूरी तय कर दिल्ली पहुचेंगे। मौके पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिह, किसान मोर्चा के जिला मंत्री सचिन कुमार, लालन कुशवाहा, हरिलाल महतो, गौरीशंकर महतो, जागेश्वर महतो, सुरेन्द्र सिह,आलोक कुशवाहा आदि मौजूद थे।

डीएवी व एपेक्स विद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

चितरपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा प्रोजेक्ट में बुधवार को हिंदी दिवस मनाया गया। जिसमें छात्रों के बीच निबंध लेखन, भाषण, हिंदी नाटक, कविता पाठ आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य एच के झा ने कहा की अंग्रेजी की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन देश में हमारी पहचान हिंदी भाषा से ही है। मौके पर डॉ रामाशीष विश्वकर्मा, हरेंद्र कुमार सिंह, मो खालिद सरफराज ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर कई छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा मारंगमरचा स्थित एपेक्स पब्लिक स्कूल में भी हिंदी दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र- छात्राओं द्वारा सुलेख निबंध एवं गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्रों के ज्ञानवर्धक के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडली द्वारा ग्रुप ए, बी, सी के छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर प्राचार्य रामनरेश सिंह सहित कई मौजूद थे।

कुपोषण दिवस पर गर्भवती महिलाओं की की गयी गोद भराई

उरीमारी (आजाद सिपाही)। सयाल उत्तरी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र माइनस क्वार्टर 01 में कुपोषण दिवस के अवसर पर बुधवार को गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म और 6 माह के बच्चों की मुहजुठी पंचायत के मुखिया आशा देवी के द्वारा कराई गई। जिसमें गर्भवती महिला पूजा कुमारी एवं पम्मी प्रवीण की गोद भराई एवं बच्ची सृष्टि कुमारी की मुहजूठी कराई गई। मौके पर पंचायत के मुखिया आशा देवी ने बताई कि स्वच्छ भोजन,हरी साग सब्जी,फल एवं पौष्टिक आहार खाने से पंचायत को कुपोषण से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी सेविका अंजू देवी, उपमुखिया विमलेश कुमार, वार्ड सदस्य कांति कुमारी, विमला देवी,सुगंती देवी,सहादा खातून, सुमित्रा देवी, मीना देवी,वीना देवी, ताजिया प्रवीण,रीता देवी का सराहनीय योगदान रहा।

सदगुरु सदाफलदेव विहंगम योग संत समाज का सत्संग संपन्न

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में बुधवार को सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग को संबोधित करते हुए विहंगम योग संस्थान के युवा प्रचारक सह योग प्रशिक्षक संतोष अग्रवाल ने कहा कि अभी पितृ पक्ष का समय चल रहा है, हम सभी अपने पूर्वजों-पितरों को पिण्ड दान करते हैं, तर्पण करते हैं श्राद्धकर्म करते हैं, जो करना भी चाहिए। लेकिन हम हमारे घरों में जीवित माता-पिता, बुर्जुग जिन्हें एक रोटी के निवाले के लिए तरासते हैं। उनका तिरस्कार करते हैं। उन्हें उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं और उनकी मृत्यु के बाद उनका तर्पण कर पिंड दान करके अपनी पुत्र धर्म के श्रेष्ठता को सिद्ध करते हैं यह कैसी पितृ भक्ति और कैसा श्राद्ध है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मरणोपरांत स्वर्गीय आत्मा की शांति के लिए पिंड दान की परंपरा को निभाना और वहीं दूसरी ओर जीवित माता-पिता को वृद्धा आश्रम में ले जाना यह लज्जाजनक एवं अमानवीयता ही तो है। उन्होंने कहा कि घर में जीते जी जीवित माता-पिता की सेवा ही सच्चा तर्पण एवं सच्ची श्राद्ध है।

लायंस क्लब के नारायण भोज कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंदों ने किया भोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ट्रैक्टर स्टैंड भुरकुंडा में वन डिस्टिक वन एक्टिविटी के तहत लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा बुधवार को नारायण भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सैकड़ों गरीब-जरूरतमंदों को खिचड़ी खिलाया गया। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक चले इस नारायण भोज कार्यक्रम की लोगों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, संजय सिंह, विजय प्रसाद वर्णवाल, रमेश अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विमल राय, विभा राय, केयरटेकर विनयचंद तिवारी का विशेष योगदान रहा। मौके पर कारगिल फाइटर सूबेदार एचएन यादव, बबन, निरंजन दुबे सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की पहल पर पुनः खुला बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की पहल पर बैंक ऑफ इंडिया, भुरकुंडा प्रबंधन ने ग्राहकों की सेवा में एटीएम को पुनः खोल दिया है। ज्ञात हो कि पांच वर्ष पूर्व इस एटीएम को बैंक प्रबंधन द्वारा तकनीकी कारण वश बंद कर दिया था। जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की परेशानी देख रामगढ़ चेंबर के बैंकिंग सभापति, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य द्वारा उक्त बैंक के स्थानीय एवं उच्च पदाधिकारियों को पत्र एवं मौखिक तौर पर बार बार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा था। जिसके पश्चात बैंक प्रबंधन द्वारा पुनः एटीम को खोलना संभव हुआ। एटीएम के पुनः चालू होने से लोगों में हर्ष का माहौल है। इस नेक कार्य के लिए रामगढ़ चेंबर के स्थानीय सदस्यों ने बैंक प्रबंधन के प्रति आभार जताया है।

खराब चापाकल, नदी का पानी पीने को ग्रामीण मजबूर

चतरा (आजाद सिपाही)। पत्थलगड़ा यूं तो सरकार द्वारा स्वच्छ जल को लेकर कई जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है। पर यहां सारी सरकार की योजनाएं हाथी का दांत प्रतीत हो रहा हैं। प्रखंड के सिंघानी पंचायत के भुईया टोला में बीते छह माह से चापाकल खराब पड़ा हुआ है। जिसका सुध लेने वाला कोई नही है। जिसके कारण स्थानीय लोग नदी का दूषित पानी पीने पर मजबूर हैं । जिसके ग्रमीणों को अनेक बीमारी होने की संभावना बन रही है ।ग्रामीणों ने बताया कि यहां भुंइया जाती के 20 से 25 घर है। सभी मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। वहीं अभी मात्र एक अदद चापाकल के भरोसे पूरा गांव है। जिससे आदमी व पशुओं को भी पानी पिलाना पड़ रहा है। अधिक उपयोग होने के वजह से आये दिन उससे गंदा पानी निकलने लगता है । जिससे मजबूर हो ग्रामीण नदी का पानी पीने पर मजबूर हैं।

उपायुक्त हिंदिया कला दौरे के क्रम में प्रतापपुर पहुंचे

प्रखंड के स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

चतरा (आजाद सिपाही)। बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जीरावार उत्क्रमित मध्यविद्यालय एवं नारायणपुर आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पठन पाठन कर रहे बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढाई से संबंधित जानकारी ली। साथ ही रसोई घर में बच्चों के लिए बन रहे मध्यान भोजन की गुणवत्ता का जांच करते हुए रोस्टर की विस्तृत जानकारी भी लिया।जिसके पश्चात उपायुक्त ने नारायणपुर में बाल विकास परियोजना अंतर्गत चल रहे आंगनवाड़ी केंद्र पहुंच आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चे को मिलने वाले भोजन, कुल बच्चों की संख्या,भोजन की गुणवत्ता,समेत अन्य संबंधित जानकारी लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया आवश्यक दिशा निर्देश। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव, अंचल पदाधिकारी जुल्फीकर अंसारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

अवैध बालू के उठाव एवं परिवहन की रोकथाम हेतु चलाया छापेमारी अभियान

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले में अवैध बालू के उठाव एवं परिवहन के रोकथाम हेतु उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार मंगलवार देर शाम जिला खनन पदाधिकारी गोपाल कुमार दास ने पुलिस केंद्र चतरा के पुलिस बल के साथ जोरी हंटरगंज एवं गोसाईडीह क्षेत्र में बहने वाली नीलांजन नदी घाटों का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम में नीलांजन नदी काली मंदिर के समीप चतरा की ओर आ रहे बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु सदर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही हंटरगंज थाना क्षेत्र में दो स्टोन चिप्स लदे ट्रैक्टर को बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया।जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु हंटरगंज थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु नियमित रूप से छापेमारी अभियान जारी रहेगी। और किसी भी हालत में चतरा जिले में खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा।

अमित बक्शी हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

अशोक पांडे के भतीजे ने मारी थी गोली

- **मुख्य आरोपी गिरफ़्तार, चार पिस्तौल, चार जिंदा गोली और दो मोबाइल व अन्य सामान बरामद**
- **6 महीने पहले अशोक पांडे की हत्या में अमित की संलिप्तता के शक में रची गई साजिश**

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पांडेय गिरोह में सक्रिय रहे सीसीएल कर्मी अमित बख्शी की हत्याकांड का रामगढ़ पुलिस ने उद्भेदन कर दी है। अमित की हत्या पांडे गिरोह में ही शामिल रहे अशोक पांडे के भतीजे भरत पांडे ने गोली मारकर की थी। उक्त बातों की जानकारी बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि 6 महीने पहले अशोक पांडे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में भी कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। लेकिन अशोक पांडे के भतीजे भरत पांडे को सबसे ज्यादा शक अमित बख्शी पर ही था।

टॉकीसूद रेलवे स्टेशन के पास भरत पांडे उर्फ गुजू पांडे को किया गिरफ्तार

रामगढ़ एसपी के निर्देश पर बनी स्पेशल टास्क फोर्स ने भरत पांडे को गिरफ्तार करने के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की थी। 13 सितंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टॉकीसूद रेलवे स्टेशन के पास भरत पांडे उर्फ गुजू पांडे जय नगर इलाके में मौजूद है। पुलिस ने जब भरत पांडे को गिरफ्तार किया तो उसके पास से चार देसी पिस्तौल, चार जिंदा गोली, दो मोबाइल और एक जिओ कंपनी का डोंगल बरामद किया गया।

भुरकुंडा और पतरातू थाना में भरत पांडे का चार मामले है दर्ज

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि भरत पांडे मात्र 26 वर्ष का है, लेकिन उसका एक आपराधिक इतिहास रहा है। उसने 15 वर्ष की उम्र में ही हाथों में हथियार उठा लिया था। उसके खिलाफ वर्ष 2011 में ही पतरातू थाने में कांड 248/2011 दर्ज किया गया था। यह मामला भी चोरी और धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ था। इसके अलावा भुरकुंडा थाना में कांड संख्या 3/21, 151/22, 163/22 मामले दर्ज है। इसके बाद दूसरा मामला वर्ष 2021 में भुरकुंडा ओपी में दर्ज हुआ था। इस मामले में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद उसने कभी पीछे मुड़कर कदम नहीं देखा और हथियार के दम पर ही इसने अमित बक्शी की हत्या कर दी।

8 अगस्त को हुई थी हत्या

8 अगस्त की रात हुई इस हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए रामगढ़ पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने बीरबल कुमार राय को गिरफ्तार किया था। जिसने भरत पांडे को अमित बख्शी की पूरी खबर दी थी। जेल में जाने के बाद बीरबल राय ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि भरत पांडे ही अमित बख्शी की हत्या के पीछे का मास्टरमाइंड है और उसी ने हत्या की साजिश भी रची थी।

प्रेसवार्ता में ये थे उपस्थित

पतरातू एसडीपीओ डॉ बीरेंद्र चौधरी, पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, सब इंस्पेक्टर मयंक प्रसाद आदि शामिल थे।

विवेक की बलि

यह समझना मुश्किल होता जा रहा है कि लोगों में असहनशीलता और हिंसा की प्रवृत्ति इतनी कैसे बढ़ रही है कि जिन मामलों में उन्हें कानून की मदद लेनी चाहिए, उनका निपटारा भी वे खुद करने लगते हैं और इसका नतीजा अक्सर किसी की मौत के रूप में सामने आता है। दिल्ली में जिस तरह एक व्यक्ति को मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में कुछ लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला, वह इसका ताजा उदाहरण है। बताया जा रहा है कि जिस युवक को पीट-पीट कर मार डाला गया, वह रात को एक कारखाने में घुसा और मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उसे चोरी करते वहां उपस्थित एक व्यक्ति ने देख लिया और उसे पकड़ कर कुछ लोगों के साथ मिल कर पीटना शुरू कर दिया। पहले उसके बाल काटे और फिर इतना पीटा कि उसने वहीं दम तोड़ दिया। उसके शव को सड़क कर फेंक दिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों का पता लगाया। हालांकि हमारे समाज में यह आम प्रवृत्ति है कि किसी चोर के पकड़े जाने पर लोग खुद उसे पीट-पीट कर सजा देने का प्रयास करते हैं। मगर दिल्ली में हुई घटना लोगों में जड़ें जमा चुकी हिंसा का परिचायक है। अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जब लोग मामूली बात पर कहा-सुनी होने या छोटी-मोटी आपराधिक घटनाओं पर भी खुद इंसाफ करने की नीयत से हिंसा का सहारा लेते हैं। ऐसी भी अनेक घटनाएं देखी गई हैं, जब किसी की हत्या करके अफसोस के बजाय कई लोग गर्व का अनुभव करते हैं। मानो किसी की जान ले लेना अब खेल होता गया है। इसका क्या अर्थ लगाया जाना चाहिए? क्या लोगों में पुलिस और न्याय व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हुआ है? क्या अब लोगों में इतना भी विवेक नहीं रहा कि चोरी, जेबकतरी जैसी आपराधिक घटनाओं की शिकायत पुलिस को करनी चाहिए और दंड तय करने का काम न्यायपालिका पर छोड़ देना चाहिए। किसी की जान ले लेने से भला कहां अपराध पर लगाम लगता है। किसी को सबक सिखाने का यह तरीका तो नहीं हो सकता कि उसे जान से ही मार डाला जाए। कैसे हमारे समाज से यह समझ और मानवीय तकाजा खत्म होता जा रहा है। हालांकि संबंधित मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपियों की पहचान कर ली है और उन्हें इस तरह कानून को हाथ में लेने की सजा भी मिलने की उम्मीद है। मगर क्या इस तरह समाज की संवेदनशीलता लौटाई जा सकती है। समाज में बनते हिंसक मानस की कुछ वजहें तो समझी जा सकती हैं। पिछले कुछ सालों से जिस तरह उन्मादी तत्त्व समाज को सुधारने के नाम पर हिंसा को हथियार के रूप में इस्तेमाल करते देखे जाने लगे हैं। सामुदायिक वैमनस्यता को बढ़ावा देते हैं। इस तरह अपने ही बीच रहने वाले बहुत सारे लोगों को कई लोग शक की नजर से देखने लगे हैं। तमाम संचार माध्यमों पर अपराध और हिंसा को आम घटना की तरह परोसा जाने लगा है। अपराधियों को समाज के कई लोग सम्मानित करते हैं, उन सबसे हमारे सामाजिक मूल्यों को गहरा आघात लगा है। उन मूल्यों की स्थापना कैसे हो, यह बड़ी चिंता का विषय है। स्कूलों में नैतिक शिक्षा का पाठ तो पढ़ाया जाता है, मगर समाज के अगुआ अपने आचरण से जब तक उन मूल्यों को स्थापित नहीं करेंगे, हिंसक वृत्ति का उन्मूलन कठिन बना रहेगा।

उन्मादी तत्त्व समाज को सुधारने के नाम पर हिंसा को हथियार के रूप में इस्तेमाल करते देखे जाने लगे हैं।

नोएडा के ट्विन टावर से जो मलबा फैला है वह तो करीब 3 महीने में साफ हो जायेगा। वहीं धूल से उठे प्रदूषण को कम करने के लिए प्रशासन ने लगातार पानी का छिड़काव किया, क्योंकि एक्सपर्ट की राय थी कि इस धुएं का असर आसपास के इलाकों में करीब 12 दिनों तक रह सकता है। यह मलबा और उससे उठा धुआं भू-माफिया और अवैध निर्माण के लिये निरंतर संघर्षशील रहने वाले समाजसेवी और मीडियाकर्मियों को गहरा संदेश देकर गया है। अब अवैध निर्माण के खिलाफ संघर्षशील लोगों में कार्यवाही होने की आशा का संचार हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से संघर्षशील लोगों में जगी आस

सुखदेव वशिष्ठ

नोएडा की कंपनी सुपरटेक ने 2000 के दशक के मध्य में एमरल्ड कोर्ट नामक 3, 4 और 5 बीएचके फ्लैट्स वाली इमारत बनाने की परियोजना नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के समीप शुरू की। न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत योजनाओं के अनुसार, इस परियोजना में 14 नौ मंजिला टावर होने चाहिए थे। लेकिन कंपनी ने प्लान में बदलाव किया और साल 2012 तक परिसर में 14 के बजाय 15 टावर 11 मंजिला बना दिये। इस योजना के अलावा एक और योजना शुरू कर दी जिसमें दो और टावर बनने थे, जिन्हें 40 मंजिला बनाने की प्लानिंग थी। ऐसे में कंपनी और स्थानीय लोगों के बीच कानूनी लड़ाई शुरू हो गयी। सुपरटेक ने टावर वन के सामने 'ग्रीन' एरिया बनाने का वादा किया था। दिसंबर 2006 तक अदालत में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार, यह उस योजना में था, जिसे पहली बार जून 2005 में संशोधित किया गया था। हालांकि, बाद में 'ग्रीन' एरिया वह जमीन बन गया जिस पर सियेन और एपेक्स - ट्विन टावर्स बनाए जाने थे। भवन योजनाओं का तीसरा संशोधन मार्च 2012 में हुआ। एमराल्ड कोर्ट अब एक परियोजना थी, जिसमें 11 मंजिलों के 15 टावर शामिल थे। साथ ही सेयेन और एपेक्स की ऊंचाई 24 मंजिलों से 40 मंजिलों तक बढ़ा दी गयी थी।

ज्यादातर केस में शिकायतकर्ता के शिकायत करते करते ही अवैध निर्माण पूरा हो जाता है।

एमराल्ड कोर्ट में रहने वालों ने संज्ञान लिया और मांग की कि सेयेन और एपेक्स को ध्वस्त कर दिया जाये, क्योंकि इसे अवैध रूप से बनाया जा रहा है। निवासियों ने नोएडा प्राधिकरण से उनके निर्माण के लिए दी गयी मंजूरी को रद्द करने के लिए कहा। निवासियों ने तब इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील की, जिस पर अदालत ने अप्रैल 2014 में टावरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया। हालांकि, सुपरटेक ने फैसले के खिलाफ अपील की और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 2021 में, ट्विन टावर्स को ध्वस्त करने का आदेश दिया। सुपरटेक की समीक्षा करने की अपील पर भी शीर्ष अदालत ने अपना फैसला नहीं बदला। अब दिल्ली के कुतुब मीनार से भी ऊंची 100 मीटर की इन इमारतों को 37,00 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक के इस्तेमाल से गिरा दिया गया है।

ट्विन टावर में 711 लोगों ने फ्लैट्स खरीदे थे, इसमें से 652 लोगों के साथ सेटलमेंट कर लिया गया है, जबकि 59 ग्राहकों को अभी तक रिफंड नहीं मिल सका है।

नोएडा के ट्विन टावर से जो मलबा फैला है वह तो करीब 3 महीने में साफ हो जायेगा। वहीं धूल से उठे प्रदूषण को कम करने के लिए प्रशासन ने लगातार पानी का छिड़काव किया, क्योंकि एक्सपर्ट की राय थी कि इस धुएं का असर आसपास के इलाकों में करीब 12 दिनों तक रह सकता है। यह मलबा और उससे उठा धुआं भू-माफिया और अवैध निर्माण के लिये निरंतर संघर्षशील रहने वाले समाजसेवी और मीडियाकर्मियों को गहरा संदेश देकर गया है। अब अवैध निर्माण के खिलाफ संघर्षशील लोगों में कार्यवाही होने की आशा का संचार हुआ है। अब तक यह धारणा आम जनमानस के मन में घर कर चुकी थी कि अवैध निर्माण पूरा होने पर अब कुछ नहीं होगा। स्थानीय निकाय संस्थाओं के विशेष कर बिल्डिंग विभाग में बढ़ता भ्रष्टाचार भी इसका एक कारण है। समाज में घूम रहे दलालों और निर्माण रोकने वाले अधिकरियो में शामिल काली भेड़ों के माफिया से त्रस्त जनमानस इस निर्णय से उत्साहित हुआ है। ज्यादातर केस में शिकायत कर्ता के शिकायत करते करते ही अवैध निर्माण पूरा हो जाता है। निश्चित ही अवैध निर्माण को विभिन्न प्रलोभनों में शह देने वालों की जड़ें बहुत गहरी हैं।

अब तक यह धारणा आम जनमानस के मन में घर कर चुकी थी कि अवैध निर्माण पूरा होने पर अब कुछ नहीं होगा। स्थानीय निकाय संस्थाओं के विशेष कर बिल्डिंग विभाग में बढ़ता भ्रष्टाचार भी इसका एक कारण है। समाज में घूम रहे दलालों और निर्माण रोकने वाले अधिकरियो में शामिल काली भेड़ों के माफिया से त्रस्त जनमानस इस निर्णय से उत्साहित हुआ है।

वर्तमान में हो रही धन वर्षा देश के विकास के लिए है, किसी अधिकारी या राजनेता के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं। जिस प्रकार कोरोना के मुश्किल दौर में पूरा देश एक होकर खड़ा हुआ और बाकी सब देशों के मुकाबले मजबूत स्थिति में खड़ा हुआ, इसी प्रकार सभी को भ्रष्टाचार रूपी इस बीमारी के विरोध में अपनी आने वाली पीढ़ी के हित में खड़ा होना ही होगा। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय निश्चित ही अवैध निर्माण के विरोध में संघर्षशील बंधुओं केलिये आशा का संचार कर रहा है।

जमशेदपुर की खबरें

रेड क्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों को प्रदान किया पोषण सहयोग

रक्तदान शिविर में 104 यूनिट रक्त संग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को दूसरे महीने पुनः टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान किया गया। इस महीने पोषण सहयोग रेड क्रॉस सोसाइटी के पेट्रन दिलीप गोयल एवं उनके परिवार द्वारा प्रदान किया गया, जिले की उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन तथा रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार के संचालन में आज सभी टीबी मरीजों को एक महीने का राशन तथा विटामिन टेबलेट प्रदान किया गया. कार्यक्रम में अंकित गोयल, सुमेधा गोयल, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की अध्यक्ष निकिता मेहता, मंजू भामरा तथा जिला नियंत्रण विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। दूसरी ओर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम तथा रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के सहयोग से रेड क्रॉस के पेट्रन दिलीप गोयल के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 104 रक्तदाताओं ने आज यहां रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की अध्यक्ष निकिता मेहता, रोटेरियन मंजू भामरा, शिविर संयोजक अंकित गोयल तथा सुमेधा गोयल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया. रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी रक्तदाताओं को रक्तदान प्रोत्साहन टी शर्ट प्रदान किया गया। शिविर के सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकर्ताओं तथा जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम ने महत्वपूर्ण योगदान किया।

भारत जोड़ो यात्रा को बूथ स्तर तक करने के लिए किया गया मंथन

चाईबासा (आजाद सिपाही)। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस भवन में माननीय सांसद सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबर राय चौधरी की उपस्थिति में बैठक की गई। कार्यक्रम को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ स्तर पर किया जाना निर्देशित है, इसी संदर्भ में बुधवार को बैठक कर जिला, प्रखंड पंचायत एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रम भारत जोड़ो पदयात्रा किया जाना सुनिश्चित किया गया एवं विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों का कार्यक्रम हेतु मंथन कर मनोनयन किया गया। भारत जोड़ो यात्रा के लिए सबसे पहले जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की बात कही गई। पूरे पश्चिमी सिंहभूम जिले में जहां कहीं भी पदयात्रा कार्यक्रम होगा उसकी सूचना प्रदेश कार्यालय को दी जायेगी। मनोनीत सदस्यों में नियंत्रण कक्ष के सदस्य नितिमा बारी बोदरा, जंग बहादुर, अशरफुल होदा, त्रिशानु राय, कमल लाल राम, मो.सलीम, राकेश कुमार सिंह, रंजीत यादव, ललित कुमार कर्ण, राजेन्द्र कच्छप, संतोष सिन्हा को बनाया गया है। बैठक में दिकु सावैयां, राज कुमार रजक, जितेंद्र ओझा, चंद्रशेखर दास, जितेंद्र गोप, मुकेश सहित अन्य उपस्थित थे।

रेलवे लाइन पर 17 वर्षीय गणेश पूर्ति का शव मिलने के मामले में परिजनों ने की जांच की मांग

जो भी मामला है वह स्पष्ट होना चाहिए, हत्या या आत्महत्या जांच का विषय है : दुलाल भुइयां

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। विगत दिनों रात्रि लगभग 10:00 बजे गदड़ा दुर्गा मंदिर के पीछे रेलवे लाइन पर जेएमएम महिला नेत्री सोमवारी पूर्ति के पुत्र 17 वर्षीय गणेश पूर्ति का शव बरामद किया गया। बुधवार को सोमवारी पूर्ति ने हत्या की संभावना व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां से मुलाकात की। मौके पर मजदूर नेता सह समाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामंत,जे एम एम पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, झारखंड आंदोलनकारी नेता जामुदा, छोटे सरदार, अमित दास आदि मौजूद रहे। सोमवारी पूर्ति ने हत्या की आशंका जताते हुए परसुडीह थाना में गदड़ा निवासी समीर दिग्गी, महिला दोस्त बुंडू निवासी रोशनी महतो और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। उन्होंने बताया गणेश पूर्ति की हत्या कर शव फेंक दिया गया। उन्होंने परसुडीह थाना में मामला दर्ज करने की मांग की।

मौके पर पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने कहा जो भी मामला है वह स्पष्ट होना चाहिए। हत्या या आत्महत्या जांच का विषय है। प्रशासन जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी करे। अगर हत्या हुई है तो हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से जांच करने की मांग की।

विधायक सरयू राय का भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन रांची में 11 अक्टूबर को

पंजीकरण के लिए मोबाइल नंबर किया गया जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड की राजनीति के भीष्म पितामह सरयू राय अब 48 साल पूर्व जेपी आंदोलन की राह पर चलने की तैयारी में जुट गए हैं। बुधवार को बिष्टुपुर स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। विधायक सरयू राय ने बताया आगामी 11 अक्टूबर को रांची में ₹भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन₹ आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें शामिल होने के लिए प्रतिनिधियों को पहले मोबाइल नंबर 8877537777 के जरिये मिस कॉल या व्हाट्सएप भेजकर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा 48 साल पूर्व बिहार में एक छात्र आंदोलन हुआ था तब आज का झारखंड बिहार के साथ था। भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और कुशिक्षा आंदोलन के मुख्य मुद्दे थे। श्री राय ने कहा व्यवस्था परिवर्तन के संदर्भ में उपयुक्त मुद्दे आज भी पूर्व की तरह प्रासंगिक है। खासकर राजनीतिक भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा समाज में हो रही गिरावट को रोकने के लिए भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज देने की जरूरत है।आमजन, खासकर युवा मन को इससे जोड़ने की जरूरत महसूस हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए इस सम्मेलन का आयोजन आयोजन किया गया है। उन्होंने इसमें राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र से कम से कम पांच प्रतिनिधियों से शिरकत करने की अपील की है।

सत्संग बिहार में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 135वां जन्म महोत्सव 16 को

भव्य तैयारी में जुटे सत्संगी, प्रति दिन मंदिर में हो रहा सत्संग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सत्संग बिहार टाटा नगर काशीडीह में श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 135 वा जन्म महोत्सव 16 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में उत्सव के पूर्व प्रत्येक दिन संध्या बेला में सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। प्रति दिन काफी संख्या में दूर दरार से महिलाओं ने उपस्थित होकर सत्संग में भाग ले रहे है। बीते 15 दिनों से मंदिर परिसर में आयोजित सत्संग में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल होकर भजन संध्या का आनंद उठा रहे है। बुधवार को सत्संस के दौरान रिया कुमारी के द्वारा ₹हे दयाल ठाकुर तुमि आछो कोतो दूर पाबो की तोमार दर्शन₹ गीत पर महिलाओं ने जमकर झूमा। वही सत्संग के दौरान भजन संध्या पर कार्तिक चंद्र दास के द्वारा ₹ठाकुर जी की भोली सुरतिया सबको दीवाना बनाइले वा₹ गीत पर ढोल नागरा के साथ गीत प्रस्तुत की। मौके पर मंदिर परिसर में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के चित्र के समक्ष सैकड़ो श्रदालुओ ने भजन का आनंद उठाया। महिलाओं ने संख बजाकर श्री श्री ठाकुरजी से परिवार के सुख शांति के लिए प्राथना की। वही 16 सितंबर को टाटा नगर सत्संग बिहार काशीडीह में श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 135 वा जन्म महोत्सव को लेकर सभी श्रद्धालुओ के बीच जाजन किया गया। बुधवार को मंदिर परिसर में रित्तिक विनोद साव के द्वारा प्रत्रकारो को जन्म महोत्सव के संबंध में जानकारी दी गई। रितिक विनोद साव ने बताया कोरोना के 2 वर्ष बाद श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 135 वां जन्म महोत्सव टाटा नगर सत्संग बिहार में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जन्म महोत्सव के लिए भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। सत्संग बिहार टाटा नगर को फूल माला से सजाने के लिए कोलकाता से कारीगर बुलाया गया। भव्य आयोजन के लिए सभी गुरु भाई तैयारी में जुट गए है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 सितंबर शुक्रवार को सुबह 4.30 से बजे रात्री तक दिन भर का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बिहार उड़ीसा बंगाल के आलावे झारखंड के सभी जिले से लगभग 10 हजार से ज्यादा श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के भक्तगण शामिल होंगे। सुबह 11:00 बजे से धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। धर्म सभा में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद,राज्य के मंत्री, सभी विधायक, उपायुक्त एसएसपी को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उड़ीसा से राजेश खंडेलवाल उपस्थित होंगे। जिन्होंने अपने जीवन श्री श्री ठाकुर जी के समर्पित किए हैं। उन्होंने धर्म सभा के माध्यम से ठाकुर जी के जीवनी पर विस्तार से जानकारी देंगे। धर्म सभा के बाद महिलाओं के द्वारा मातृ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के द्वारा श्री श्री ठाकुर जी के जीवनी पर गीत प्रस्तुत की जाएगी। मौके पर मौजूद हजारों हजार गुरु भाइयों ने भक्तिमय होकर गीत का आनंद उठाएंगे। कार्यक्रम के दौरान 2:00 बजे से आनंद बाजार का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मौजूद भक्तजनों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे। संधा बेला में आयोजित प्रार्थना में सभी शामिल होंगे। प्रार्थना के भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी गुरु भाई से निवेदन पूर्वक श्री श्री ठाकुर जी के 135 वां जन्मदिन पर उपस्थित होने की अपील की गई। मौके पर रित्तिक विनोद साव, दिलीप कुमार मिश्रा कृष्णा प्रसाद साह, हरे कृष्ण महतो, युगल किशोर साहू,सोनू रजक, कार्तिक चंद्र दास, मदन यादव, विबेक सोनी के आलावे संध्या बेला में आयोजित सत्संग में दूर दरार से सैकड़ो महिलाएं शामिल हुए।

महत्वपूर्ण न्यूज

हिंदी भारतीय संस्कृति और संस्कारों की परिचायक है : मदन केसरी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2)स्कूल में हिन्दी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। स्कूल के निदेशक मदन केशरी सचिव सुषमा केशरी उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने सम्बोधन में निदेशक ने कहा कि हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिन्दी ने हमें एक नयी पहचान दिलाई है। यह सम्पूर्ण विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। इसे भारतीय संस्कृति और संस्कारों की परिचायक माना जाता है। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में चयनित छात्र छात्राओं को निदेशक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सन्तोष प्रसाद, उदय प्रकाश, विनय जी,नरेन्द्र सिन्हा, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, नीलम केशरी, शिवानी,सुषमा केशरी, सुनीता कुमारी, खुर्शीद आलम की भूमिका सराहनीय रही।

श्री बंशीधर नगर जायंट्स की बैठक में सेवा सप्ताह को लेकर किया गया विचार-विमर्श

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर जायंट्स की बैठक मंगलवार की शाम में यहां चेचरिया में स्थित अलका मैरेज गार्डन हुई। बैठक में जायंट्स सेवा सप्ताह मनाने को लेकर सदस्यों ने विचार विमर्श किया तथा कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। इसकी जानकारी देते हुये श्री बंशीधर नगर जायंट्स के अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि जायंट्स सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत 18 सितंबर को यह पुरैनी में स्थित शारदा मंदिर में पौधारोपण किया जायेगा। 19 सितंबर को चेचरिया आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच सिलेट, चौक, रबर एवं पेंसिल का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को अनुमंडल अस्पताल में फल वितरण किया जायेगा। 23 सितंबर को जागरूकता को लेकर कपड़ा का थैला वितरण किया जायेगा एवं 24 सितंबर को प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। बैठक में जायंट्स के सचिव अनूप कुमार निराला, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, सदस्य हृदयानंद कमलापुरी, सुजीत अग्रवाल, अश्विनी कुमार, ललित किशोर, नंदकिशोर प्रसाद, प्रमोद कुमार, प्रमोद कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, राहुल जायसवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

बच्चा चोरी की अफवाह रोकने के संबंध में थाना परिसर में की गयी बैठक

बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा थाना प्रभारी की अध्यक्षता में बच्चा चोरी की अफवाह रोकने के संबंध में थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोगों की बीच बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी बुद्ध राम सामद ने लोगों से अफवाहों पर बिल्कुल न ध्यान देते हुए इसका खंडन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भ्रम व अफवाह फैलाने वालों को पुलिस चिह्नित कर रही है और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बच्चा चोरी की फैल रही अफवाहों के संबंध में लोगों से अपील की गई विभिन्न जिलों में बच्चा चोर गैंग द्वारा बच्चा चोरी करने की अफवाहें प्रसारित हो रही हैं। पुलिस इस बात को लेकर सतर्क दृष्टि बनाये हुए है, सभी से अनुरोध है कि बच्चा चोरी के शक में अनावश्यक और बिना पुष्टि किये किसी महिला, पुरुष के साथ मारपीट, हिंसा न की जाएं। कानून स्वयं आपने हाथ में न लें। ऐसी घटनाओं को सोशल मीडिया विशेषकर वाट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर आदि के माध्यम से प्रसारित कर समाज में भय का माहौल शरारती तत्वों द्वारा उत्पन्न किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी इस प्रकार की सूचनाओं को फारवर्ड या शेयर न करें। इस संबंध में पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इस अवसर पर बीडीओ हिरक मन्ना केरकेट्टा, सीओ निधि रजवार, जिला परिषद बिशनपुरा शंभू राम, प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी, बीडीसी शांति देवी, बीडीसी भारदुल चंद्रवंशी, उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, बलराम पासवान, लतीफ अंसारी, यासीन अंसारी, अशोक चंद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता, सुरेंद्र यादव, छोटू राम, गोपाल सिंह, जितेंद्र दीक्षित, जितेंद्र यादव, श्यामसुंदर चंद्रवंशी, विशुनपुरा उप मुखिया मुकेश कुमार रवि आदि सैकड़ों गणमान्य मौजूद थे।

बैठक : झारखंड विस की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक में विधायक ने की सभी विभागों की समीक्षा

त्रुटियों में सुधार कर योजनाओं का करें संचालन : रामचंद्र चंद्रवंशी

कार्यों के विरुद्ध भुगतान में विलंब एवं शिथिलता बरतने पर एलसीओ गढ़वा पर कार्रवाई करने की बात कही

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा परिसदन भवन में की गयी। उक्त बैठक में विधायक श्री चंद्रवंशी द्वारा जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए एक-एक करके सभी विभागों की समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, पथ निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग, लघु सिंचाई, जल संसाधन, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल आदि विभागों का क्रमानुसार समीक्षा करते हुए उसमें पाए गए विभिन्न त्रुटियों में सुधार लाते हुए योजनाओं/कार्यों का संचालन करने हेतु निर्देश दिये गये। मौके पर उपस्थित विभिन्न पदाधिकारियों ने दिए गये निर्देश के आलोक में आवश्यक सुधार लाते हुए कार्यों का संचालन करने की बात कही है।

विधायक श्री चंद्रवंशी द्वारा बैठक के दौरान अनुपस्थित पदाधिकारियों से कारणपृच्छा करते हुए कार्यवाही करने की भी बात कही गयी। श्री चंद्रवंशी ने योजना के तहत कार्यों के विरुद्ध भुगतान की कार्रवाई विलंब से करने एवं शिथिलता बरतने पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी गढ़वा पर कार्रवाई करने की बात कही।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम एवं विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

भाजपा का विशाल धरना प्रदर्शन 16 सितंबर को

पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई एवं जिले की ज्वलंत समस्याओं को लेकर होगा प्रदर्शन : गिरिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने कहा है कि जिले में लगातार अपराध की घटना घटित होने एवं उस पर पुलिस प्रशासन एवं गढ़वा जिला प्रशासन के द्वारा अंकुश नहीं लगाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी 16 सितंबर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय रोषपूर्ण विशाल धरना का आयोजन करेगी।

इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने प्रेस वार्ता कर कहा कि मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत नथन चौधरी की हत्या मामले में अब तक कार्रवाई नहीं हो, साथ ही व्यवसायियों तथा ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण कार्रवाई एवं जिले में ज्वलंत समस्याओं सुखाड़ को लेकर सरकार के द्वारा राहत कार्य नहीं चलाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के नेता एवं पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। जिसमें हजारों हजार की संख्या में लोग शामिल होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस के मौके पर सुभाष केसरी, राज कुमार मद्धेशिया, सुरेश प्रसाद आदि अन्य लोग मौजूद थे।

जय मां शेरावाली संघ ने दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण कार्य के लिए किया भूमि पूजन

शारदीय नवरात्र में भगलपुर का पूजा पंडाल में दिखेगा गुवाहाटी के कामख्या मंदिर का प्रारुप : सुनील कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय में शारदीय नवरात्र को लेकर सभी पूजा समिति के सदस्यों ने तैयारी शुरू कर दी है, सभी पूजा समिति के द्वारा तरह तरह के मंदिर का प्रारूप में पंडाल एवं मूर्ति निर्माण का कार्य जोर शोर से चल रहा है, तो वही नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर 21 में जय मां शेरावाली संघ के तत्वधान दुर्गा पूजा के अवसर पर गुवाहाटी के कामख्या मंदिर का प्रारुप में पूजा पंडाल का रुप देने के लिए आज भूमि पूजन कर इसकी शुरूआत कर दी गई

इस मौके पर जय मां शेरावाली संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार संयोजक दौलत सोनी मुकेश कुशवाहा विशाल गुप्ता झूमन साव पंकज विश्कर्मा सनी कुमार अरुण कुमार उत्तम कुमार दीपक गुप्ता आदि बंगाली कारीगर मौजूद थे,

वही संयोजक एवं अध्यक्ष ने कहा कि जय मां शेरावाली संघ लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन करते आ रही है इस वर्ष छठवे दुर्गा पूजा महोत्सव में गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर का प्रारूप में पूजा पंडाल का निर्माण करा रही है , जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र होगा पूजा समिति के सदस्यो बताए अनुसार इस वर्ष लगभग पंडाल निर्माण में साढे चार लाख रुपए खर्च का अनुमान है , पंडाल निर्माण का कार्य बंगाली कारीगरों द्वारा कराया जा रहा है, तो वही शारदीय नवरात्र की सप्तमी व अष्टमी तिथि को भंडारा आयोजन कराया जाएगा इसे लेकर जोर शोर से लोगों का सहयोग मिल रहा है, उन्होंने बताया कि कम समय में जय माँ शेरावाली संघ भव्य व आकर्षक पूजा पंडाल बनाते आया है , जिसके कारण नवमी व दशमी को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालु हमारे इस पंडाल व मूर्ति का दीदार करने एवं पूजा करने

आरके पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। हिन्दी विषय की महत्ता की जानकारी के साथ आज आरके पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। कक्षा 3 और 4 के छात्रों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 51 कविताओं में से एक कविता 'आओ मिलकर दिया जलाएं' का सस्वर पाठ किया। कक्षा 5 की छात्राओं ने 'हिन्दी दिवस की शुरूआत कब और कैसे हुई', इस विषय को बड़े ही अच्छे ढंग से परिभाषित किया। कक्षा 5 की छात्रा वैभवी मिश्रा ने राष्ट्रीय कवि मैथिली शरण गुप्त जी की कविता 'नर हो, ना निराश करो मन को' इस कविता का बहुत ही सुंदर पाठ किया।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक महोदय आदरणीय अलख नाथ पांडेय ने कहा, भाषा अपने मनोभाव को व्यक्त करने का साधन है। पूरी दुनिया में हिन्दी सभी जगह बोली जाती है। यह हमारी मातृ भाषा है, इसके जैसी समृद्ध भाषा कोई भी नहीं।यह लिखने और बोलने में सबसे सरल और लचीली है। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका बर्मन ने हिन्दी विषय की जानकारी बच्चों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि 'हिन्दी की लिपि देवनागरी है, जो ब्राह्मी लिपि से निकली है। यह भारत की सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी हुई है।' इस सुअवसर पर जूनियर विंग के इंचार्ज श्री जेपी नारायण जी ने भी हिन्दी विषय के बारे में बताया। श्रीमती अभिलाषा ने स्वरचित कविता का पाठ किया।

कार्यक्रम में श्रीमती अनीता सिन्हा, श्रीमती निधि सिन्हा, श्रीमती निधि मिश्रा, श्रीमती जागृति चौबे, श्रीमती पूनम राय, सुश्री आभा पाठक कालिंदी मिस इत्यादि उपस्थित थे।

किसी तरह की अफवाह की सूचना पर प्रशासन को सूचित करें : सीओ

बच्चा चोरी की अफवाह को लेकर हरिहरपुर थाना में की गयी विशेष बैठक

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी परिसर में बुधवार को समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों व पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक की गयी। जिसमें कांडी अंचलाधिकारी अजय कुमार व ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह की अध्यक्षता में वर्तमान में चल रहे अफवाह को लेकर एक विशेष बैठक की गयी। जिसमें सभी सम्मानित पंचायतप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि यदि किसी भी पंचायत में अफवाह को लेकर सोशल मीडिया पर हो या गांव टोलों में जैसे ही आम आदमी को सूचना होती है उस वक्त कानून किसी भी व्यक्ति को अपने हाथों में लेने की जरूरत नहीं है अविलंब ही प्रशासन को सूचित करें, इसके साथ ही महिला जनप्रतिनिधि एवं सखी मंडल के सदस्यों से यह अपील की गयी कि घर घर में चल रहे विभिन्न तरह की अफवाह की घटना को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें। ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि किसी तरीके की अफवाह आने के सीधे प्रशासन को सूचित करें।

मौके पर कांडी अंचल से शाहिद अंसारी, मझिगावां पंचायत के मुखिया पति शंभूनाथ साह, पूर्व मुखिया अरुण मिश्रा, डूमरसोता पंचायत के मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा, लोहरगाड़ा मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, हरिहरपुर उपमुखिया जगती देवी, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, जितेंद्र चौबे, दुगार्राम, मो. शफीक मौजूद थे।

बैठक : सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए हर दिन के कार्यक्रम के लिए बनाये गये जिला प्रभारी

जिले में सेवा पखवाड़ा के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम : अध्यक्ष

जिला भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के तहत जिले भर में अनेकों तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कई तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गढ़वा जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के लिए हर दिन का अलग-अलग जिला प्रभारी बनाये गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा गढ़वा जिला द्वारा पुस्तक विमोचन, रक्तदान वृक्षारोपण स्वास्थ्य शिविर प्रधानमंत्री मन की बात स्वच्छता अभियान वोकल फॉर लोकल बुद्धजीवी सम्मेलन सेवा अभियान जैसे अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में सफल आयोजन आयोजन के लिए प्रभारी बनाए गए हैं।

16 सितंबर- मुन्ना तिवारी, मोदी@20 पुस्तक विमोचन सह प्रबुद्ध वर्ग के साथ गोष्ठी, 17 सितम्बर- रीतेश चौबे, रक्तदान शिविर पुस्तक स्टाल प्रदर्शनी, 18 सितंबर- विकास स्वदेशी, स्वास्थ्य शिविर, 19 सितंबर- प्रमोद चौबे, राजीव रंजन तिवारी, कृत्रिम अंग उपकरण वितरण, 20 सितम्बर हरेंद्र दूबे, टीवी मुक्त राष्ट्र, 21 सितंबर- संजय भगत, कोविड टीकाकरण, 22 और 23 सितंबर- सुरेंद्र विश्वकर्मा, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान, 24 सितंबर- ठाकुर प्रसाद महतो, जल ही जीवन, 25 सितंबर- उमेन्द्र यादव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती और मन की बात कार्यक्रम, 26 सितंबर मधुलता कुमारी, एक भारत श्रेष्ठ भारत, 27 सितंबर- लवली आनंद, वोकल फॉर लोकल, 28 सितंबर- मुन्ना तिवारी, प्रबुद्धजन एवं बुद्धजीवी सम्मेलन, 29 सितंबर- स्वाति तिर्की, केन्द्र सरकार का लेख प्रकाशन, 30 सितंबर 1 अक्टूबर- पुष्प रंजन, प्रधानमंत्री का अभिनंदन शुभकामना, 2 अक्टूबर- विवेकानंद तिवारी, खादी स्वावलंबन स्वच्छता एवं सेवा अभियान कार्यक्रम के लिए प्रभारी बनाए गए हैं।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री सह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रभारी संतोष दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे महामंत्री विकास स्वदेशी जिला मंत्री मधुलता कुमारी स्वाति तिर्की मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी आई टी सेल संयोजक पुष्प रंजन कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र विश्वकर्मा लवली आनंद संजय यादव ओमप्रकाश गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

अधिघोषणा

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

''झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय परियोजना''

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा–झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय परियोजना हेतु मौजा–चेड़ी, मनातु, थाना सं. क्रमशः–75, 76 अंचल–कांके, जिला–राँची में कुल रकबा क्रमशः– 1.85, 13.97 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा क्रमशः– 1.85, 13.97 एकड़ है, जो मौजा–चेड़ी, मनातु, थाना सं. क्रमशः–75, 76 अंचल:–कांके, जिला–राँची में कुल रकबा– 1.85, 13.97 एकड़ में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :–

मौजा–चेड़ी

क्र0	खाता सं0	सर्वे प्लॉट सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	52	670	कायमी	परती कदीम	0.27	हुदू महतो वल्द शिवनाथ महतो, तेजनाथ महतो वगैरह	–	–	–	–
2	95	669	कायमी	टांड़–II	0.32	बोधन पाहन वल्द नाडू पाहन	–	–	–	–
3	96	657	कायमी	टांड़–II	0.48	बोधन पाहन वल्द नाडू पाहन वो मधु पाहन वो चरकु पाहन, पे0–नोधन पाहन, शनीचरवा उरांव, पिता–लोदो उरांव	–	–	–	–
4	96	774	कायमी	टांड़–II	0.18	बुधना पाहन वल्द नाडू पाहन वो मधु पाहन वो चरकु पाहन, पे0–नोधन पाहन, शनीचरवा उरांव, पिता–लोदो उरांव	–	–	–	–
5	118	681	कायमी	टांड़–II	0.18	मनी महतो वल्द ताला महतो	–	–	–	–
6	118	685	कायमी	दोन–III	0.36	मनी महतो वल्द ताला महतो	–	–	–	–
7	89	690	कायमी	दोन–III	0.06	बिरसा उरांव वल्द बिजला उरांव, बुधु उरांव वगैरह, पिता–बोखा उरांव	–	–	–	–
				कुल	1.85					

मौजा–मनातु

क्र0	खाता सं0	सर्वे प्लॉट सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	124	466	कायमी	–	0.63	खेदु मुण्डा वो धमन मुण्डा, पे0–पान्दु मुण्डा वगैरह	–	–	–	–
2	5	480	कायमी	–	0.12	प्रभु महतो, पिता–खेदेया महतो वगैरह				
3	5	482	कायमी	दोन–II	0.44	बकाश्त मालीक, कार्तीक सिंह, पिता–खुदीराम तिवारी, पिन्की सिन्हा, पति–स्व0 सुनील कुमार सिन्हा				
4	254	461	कायमी	टांड़–II	2.05	पान्दु महतो वल्द करण महतो वो दुबरा महतो वल्द मंगरू महतो वो फुलमन महतो वल्द रूगटा महतो वो बुधु महतो वो खुदरा महतो, पे0–कोरा महतो, मोहरनाथ महतो वगै0, पिता–अनन्द महतो				
5	254	464	कायमी	टांड़–III	0.96	पान्दु महतो वल्द करण महतो वो दुबरा महतो वल्द मंगरू महतो वो फुलमन महतो वल्द रूगटा महतो वो बुधु महतो वो खुदरा महतो, पे0–कोरा महतो, मोहरनाथ महतो वगै0, पिता–अनन्द महतो				
6	205	192	कायमी	दोन–I	0.18	झरी महतो, पिता–लालदेव महतो वगैरह				
7	6	173	कायमी	टांड़–II	1.00	शेख अनवर अली वल्द शेख रेवजीत अली, सुरजू महतो वगैरह				
8	6	174	कायमी		1.25	शेख अनवर अली वल्द शेख रेवजीत अली, सुरजू महतो वगैरह				
9	218	465	कायमी	टांड़–III	4.31	बकाश्त मुईहरी खेवट 8 पुरन सिंह				
10	249	481	कायमी	दोन–III	0.15	प्रभु महतो वो गरभु महतो, पिता–खडीया महतो, बकाश्त मुईहरी				
11	262	458	कायमी	टांड़–II	2.88	बकाश्त मुईहरी				
				कुल	13.97					

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/– अमीन, जि0भू0का0, राँची। | ह0/– कानूनगो, जि0भू0का0, राँची। | ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची। | ह0/– अपर समाहर्ता, राँची। | ह0/– उपायुक्त, राँची।

PR 277729 Land Reforms (22-23)_D

पेड़ गिरने से घंटों रहा यातायात जाम

सेन्हा-लोहरदगा। बारिश और तूफान के कहर से पेड़ गिरने से घंटो एन एच 143 ए पथ देर रात तक हुआ जाम, लोहरदगा गुमला मुख्य पथ बाधित होने से मरीज वाहन फंसा रहा। सेन्हा थाना से महज 5 सौ मीटर की दूरी पर देर रात बारिश और तूफान के कारण विशाल पेड़ गिरने से लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर यातायात घंटो बाधित रहा। इतना ही नही पेड़ के गिरने से बिजली ट्रांसफार्मर एवं खम्भा क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप रहा। इसके अलावे वाहन से मरीज को अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन एन एच 143 ए पथ पर पेड़ गिरे रहने से घंटो मरीज वाहन फंसा रहा। जिससे मरीज वाहन समय से अस्पताल पहुंच मरीज को कराया भर्ती वहीं पेड़ गिरने से बिजली ट्रांसफार्मर एवं बिजली खम्भा क्षतिग्रस्त हो गया जिससे क्षेत्र में बिजली बाधित हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि पथ परिचालन के अनुसार एवं यातायात को देखते हुए बताया जाता है कि रात्रि के समय में पेड़ गिरने से बड़ी हादसा टल गयी है।

16 से 30 सितंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जायेगा

घर-घर लोगों को खिलाया जायेगा डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोलियां : सीएस

सीएस ने फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सजग होकर दवा खाने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सदर अस्पताल परिसर में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। सीएस ने लोगो से फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सजग होकर दवा खाने की अपील किया। कहा कि हाथी पांव के साथ जिंदगी जीने की विवशता को मात देने की जरूरत है। डीईसी व एल्बेंडाजोल की गोली पूरी तरह सुरक्षित है। कहा कि जिले को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने की दिशा में कारगर साबित होगा। इस कार्य मे आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, एएनएम चिन्हित बूथ पर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलायेंगे। छूटे हुए लाभार्थियों को डोर टू डोर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि 16 से 30 सितंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जायेगा। पहले दो दिन बूथ स्तर पर एव डोर टू डोर कार्यक्रम चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग सजग है। इसके लिए विभिन्न कार्ययोजना तैयार किया गया है। सरकार के निदेर्शानुसार सभी लोगो को दो तरह की दवाएं खिलाई जायेगी। लोगों को डीईसी एक गोली 100 मिलीग्राम की एव एल्बेंडाजोल एक गोली 400 मिलीग्राम की गोली खिलाई जानी है। आयु वर्ग 1-2 के बच्चों को डीईसी नहीं देना है जबकि एल्बेंडाजोल की आधा गोली खिलाना है। 2-5 आयु वर्ग के बच्चों को एक गोली डीईसी व एक गोली एल्बेंडाजोल खिलाना है। 6-14 आयु वर्ग के बच्चों को 2 गोली डीईसी और एक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी जबकि 15 साल से बड़े सभी लोगों को डीईसी की 3 गोली व एल्बेंडाजोल की 01 गोली खिलाई जायेगी। कहा कि एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से ग्रसित रोगों वाले व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगो को दो तरह की गोलियां खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि खाली पेट दवा नहीं लेना है, उम्र वार दवा लेना है, दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। सीएस ने कहा सेन्हा व लोहरदगा में कुल 30 एचएससी, 130 गांव, 274 बूथ, 41 सुपरवाइजर है। जिले के दो प्रखंडों में दवा खिलाने का लक्ष्य 181602 है। मौके पर मलेरिया निरीक्षण अनुज कुमार, सच्चिदानंद शाहदेव, रजनी लकड़ा, विक्की कुमार दत्ता, डब्ल्यूएचओ के जेवियर हेमंत कुजूर, अंकित शर्मा, निखिल तिर्की, संजय प्रसाद समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

सेन्हा में वाहन जांच अभियान चलाया गया

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र को क्राइम मुक्त बनाने के दिशा में प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशनुसार सेन्हा थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना के समीप सआनि जमशेद खान शस्त्र बल के सहयोग से चार पहिया सहित बाइक वाहन का संबंधित कागजात की जांच किया गया। एंटी क्राइम के तहत आपत्तिजनक सामान का भी जांच किया गया। जिसमें नशीला पदार्थ एवं हथियार की जांच किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच के दौरान चार पहिया, टेम्प और बाइक का डिक्की तथा वाहन से संबंधित कागजात लाइसेन्स इंश्योरेंस पेपर, सहित वाहन का अन्य कागजातों का जांच किया गया। मौके पर पुलिस बल का जवान मौजूद थे।

बिजली चोरी करते तीन लोगों पर एफआइआर

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के छेवा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चपरी गांव में बिजली विभाग ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर एक को वही बरवाडीह में दो लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। तीनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गयी। साथ ही 64000/-रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता रामगोपाल राम ने बताया कि चपरी गांव के भरत यादव के ऊपर 4000/- रूपया जुर्माना, बरवाडीह के सुनील प्रसाद पर 10000/- रूपया और राहुल प्रसाद के ऊपर 50000/- रूपया जुर्माना लगाया गया है। वहीं बिजली विभाग की कार्रवाई के दौरान बिजली की चोरी करने वाले लोगों के बीच हड़कंप मच गया।इस दौरान सहायक अभियंता रामगोपाल राम ने बताया बिजली चोरी करने वाले लोगो को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जायेगा। कानूनी प्रावधान के तहत जो भी कार्रवाई होगी वो किया जायेगा।

मुखिया विधायक बैजनाथ राम और मंत्री आलमगीर आलम से मिले

बालूमाथ। बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा लातेहार विधान सभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक बैजनाथ राम से औपचारिकता मुलाकात किया। श्री लोहरा ने विधायक बैजनाथ राम से बालूमाथ प्रखंड के जनता के विभिन्न समस्याओं को रखा लातेहार के स्थानीय विधायक ने मुखिया नरेश लोहरा को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द बालूमाथ प्रखंड के जनता के समस्या के समाधान किया जायेगा। मुखिया नरेश लोहरा ने इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम से भी मुलाकात कर उनसे भी जनता को समस्याओं को रखा और 15वे वित्त और नरेगा के जैसे महत्वपूर्ण विकास योजनाओ को रखा मंत्री आलमगीर आलम ने भी आश्वासन दिया की बहुत जल्द समस्याओं के दूर किया जायेगा। मौके पर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा अल्ताफ अंसारी मोहम्मद सैफ आलम जिसान आलम सोनू आलम हरी प्रसाद साहू रहे।

अज्ञात अपराधियों ने मेन गेट का ताला तोड़ कर पिकअप उड़ाने का किया प्रयास

बरवाडीह। बरवाडीह थाना क्षेत्र के छिपादोहर बरवाडीह बाजार मुख्य पथ स्थित आदर्श नगर में कलीम अंसारी की पिकअप को बीती रात अज्ञात अपराधियों ने चुराने का प्रयास किया। गनीमत रही कि चोरी किए जाने के दौरान पिकअप कलीम अंसारी के बाउंड्री से सटी नाली में जा फंसी। जिसके कारण चोर पिकअप वैन को चोरी करने में विफल रहे। गाड़ी मालिक को इसकी जानकारी अहले सुबह सोकर उठने पर मिली। उन्होंने देखा कि पिकअप रात्रि में लगाये गये स्थान पर नहीं है। बल्कि बाउंड्री के बगल में नाली में जा फंसी है। कलीम अंसारी के द्वारा इस मामले की सूचना आसपास के लोगों को दी। आसपास के लोगों व कलीम अंसारी के परिजनों ने पाया कि गेट का लॉक तोड़ा हुआ था। पूरे मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गयी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल करने में जुटी चुकी है।

17 सितंबर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

लोहरदगा। आगामी 17 सितंबर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रक्तदान और सड़क सुरक्षा को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित है। इमरजेंसी केयर के उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि लोहरदगा में मानव सेवा को संकल्पित और ब्लड डोनेशन के क्षेत्र में सक्रिय इमरजेंसी केयर के सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाया जायेगा। महादेव लाल खेमराज स्मृति भवन गुदरी बाजार में शिविर लगाया जायेगा। रक्तदान को लेकर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, चिकित्सक डॉ. शंभू नाथ चौधरी, गोल्ड मेडलिस्ट बबीता फोगाट, इमरजेंसी केयर अध्यक्ष विक्रम चौहान, कला, साहित्य, खेलकूद आदि क्षेत्रों से जुड़े हुए लोग सहित अन्य प्रबुद्ध लोगों ने अपील की है। इमरजेंसी केयर के सचिव देशराज गोयल ने कहा की कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने को लेकर हेलमेट दिया जायेगा। इमरजेंसी केयर के एसआर हेड और कोषाध्यक्ष सजल कुमार कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। अमित कुमार, पारस साहू, निलेश गुप्ता, सोमनाथ दत्ता, रोहित कुमार, जितेंद्र सिंह, कौशल मित्तल,आशीष कुमार सहित इमरजेंसी केयर परिवार के सभी सदस्य शिविर के आयोजन की तैयारी में लगे हैं।

अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी आयोजित

लातेहार। अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में हिंदी दिवस पर विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जायेगा जिसमे आज प्रदर्शनी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम मनु कुमार की देख रेख में आयोजित किया गया। हिंदी साहित्य से संबंधित विविध पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिससे हिंदी के प्रति अनुराग उत्पन्न हो सके। हिंदी दिवस आते ही हिंदी विरोधी भी सक्रिय हो जाते है परंतु हिंदी पूरे भारत में समान सम्मान से देखी जानी चाहिए क्यों कि हिंदी में अभिव्यक्ति की अपार संभावनाएं है शब्द भंडार असीम है अतः बिना भेदभाव के हिंदी को अंगीकार किया जाना चाहिए। डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका आफताब, जंग बहादुर, पंकज, प्रज्ञा, रोजमेरी, ममता, कुंदन, शशि, कुंदन, ऋतु, बिनोद, शिव आदि उपस्थित थे।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोहरदगा। झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल के देख-रेख में राज्यकृत मध्य विद्यालय, किस्को में 14 सितंबर को लीगल लिटरेसी क्लब के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, पैनल अधिवक्ता देवाशीष कार, प्रवीण भारती, पीएलवी जयपाल उरांव, दिलीप साहू व रोहित कुमार उपस्थित रहे। छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने कानून से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमेशा जागरूक रहें। साथ ही किसी भी समस्या के हल के लिए अपने मस्तिष्क का इस्तेमाल करें। सभी को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार के बारे में जानना चाहिए। उन्होंने कहा की टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करें। वहीं उन्होंने लैंगिक अपराध के बढ़ते घटनाओं के मद्देनजर उपस्थित छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तार से बताया। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें। वहीं पीएलवी दिलीप कुमार साहू ने कैसे स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है इस विषय पर प्रकाश डाला। उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल श्रम, डायन विषाही एवं मानव तस्करी के विभिन्न विधाई पहलुओं की जानकारी दी गयी। मौके पर प्रधानाचार्य मो. असलम, वसुधा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा पहुची लोहरदगा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। अग्रोहा शक्तिपीठ से आरंभ होकर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा आज लोहरदगा पहुंची। अग्रसेन भवन में अग्रवाल एवं मारवाड़ी समाज के काफी महिलाएं एवं पुरुषों ने रथ का भव्य स्वागत किए एवं सामूहिक रूप से सभी ने महालक्ष्मी जी का आरती करते हुए प्रसाद वितरण किया। उसके उपरांत काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने अपने हाथों में झंडे पताके लेकर एवं लक्ष्मी जी की जयकारा करते हुए शोभायात्रा निकली, जो कि राणा चौक, महावीर चौक, अप्पर बाजार होते हुए गुदरी बाजार संकट मोचन हनुमान मंदिर पर पहुंच कर समापन किया गया, सभी जगहों में रथ का भव्य स्वागत किया जा रहा है। रथ के साथ में नंदलाल साईं वाले, प्रभाकर अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, रथ के सारथी ओम प्रकाश, पुजारी उमेश सिंह आदि चल रहे हैं, रात्रि मे ही लोहरदगा पहुंचकर विश्राम किए। बुधवार सुबह से ही महालक्ष्मी के दर्शन हेतु लोहरदगा के भक्तजनों के उत्साह देखते बन रहा था। इस शोभायात्रा पर लोहरदगा जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजीव रंजन अग्रवाल, जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ पूर्व अध्यक्ष शिव प्रसाद राजगढ़िया, युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष चंदन गोयल, पवन पोद्दार, किशोर बंका, राम प्रकाश मोदी, अशोक अग्रवाल, शिव प्रसाद पोद्दार, देवाशीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संदीप पोद्दार, वार्ड पार्षद अनीता अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, नमृता अग्रवाल, राखी अग्रवाल, सोनाली अग्रवाल, बबली अग्रवाल, अनु अग्रवाल,डोली अग्रवाल, जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अध्यक्ष ममता बंका, शकुंतला राजगढ़िया, अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, रिखिया पोद्दार, सुषमा देवी, नीति अग्रवाल आदि थे।

दुकानदारों ने जमाया कब्जा, लग रहा जाम

बालूमाथ। बालूमाथ एनएच 22 सड़कों पर थाना चौक स्थित अतिक्रमण होने से आये दिन जाम के हालात बन जाते हैं। राहगीरों, वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ता है। वह भी तब जब पुलिस लाठी भांजने पर मजबूर होती है। यह सड़क जाम की स्तिथि पक्की सड़क से सटके संवेदक द्वारा नाली निर्माण किये जाने से सड़क संकीर्ण हो गया है। शहर के अंदरूनी हिस्से की यातायात व्यवस्था चरमरा गयी है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने और पुलिस की अनदेखी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार के हालत इतने खराब है कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़े लगती है। दोनों ओर के दुकानदार सड़कों को ही शोरूम बना देते हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। बाकी सड़क पर दुकानदार और ग्राहकों के वाहन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से बमुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है।

कैरो में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक

कैरो (लोहरदगा)। कैरो मंडल भाजपा की मंडल कार्यसमिति की कामकाजी बैठक मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में 14 सितंबर बुधवार को हुई संपन्न। बैठक प्रारंभ से पूर्व सर्वप्रथम भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहु, जिला महामंत्री वालकृष्णा सिंह, जिला मंत्री अनिल उरांव, जिला कार्यसमिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहु, श्रवण मुंडा ने सामुहिक रूप से महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करने के उपरांत,वन्दे मातरम गीत गायन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बैठक के उदबोधन में मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के द्वारा विषय वस्तु एवं बैठक प्रयोजन के विषय मे चर्चा की। वहीं प्रखंड प्रभारी जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह ने कहा जब से राज्य में झूठ फरेब वाली राज्य सोरेन सरकार ने राज्य की सत्ता की बागडोर संभाली है तब से आजतक आपराधिक गतिविधियों, बलात्कार की घटना में झारखंड की बलात्कारी विकास की गाड़ी अन्य राज्यों के अलावा काफी ऊंची पायदान पर है।

दुष्कर्म का आरोपी सुल्तान अंसारी बड़कागांव से गिरफ्तार

आदिवासी महिला ने कुडू थाना में दर्ज कराया था दुष्कर्म का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। कूडु थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव में चंद दिनों पूर्व दबंग कथित कांग्रेसी नेता द्वारा विधवा महिला के साथ दुष्कर्म करने की घटना में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी सुल्तान अंसारी को हजारीबाग के बड़कागांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किए जाने की है। हालांकि लोहरदगा पुलिस आरोपी सुल्तान अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रही है। मामले पर कुछ भी बताने से पुलिस के अधिकारी परहेज कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कूडु थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के खेत में काम करने के दौरान आरोपी सुल्तान अंसारी विधवा आदिवासी महिला को ट्रैक्टर द्वारा बालू ढोने के रास्ता में नहीं आने को लेकर गाली गलौज किया। मौके पर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किया था। घटना के 2 दिनों बाद डरी सहमी पीड़िता कूडु थाना कांड संख्या 140 / 22 दर्ज कराई। आरोपी के विरुद्ध भादवी की धारा 376, एसटीएससी एक्ट की धारा 323, 341 समेत अन्य धाराएं लगाया गया। दर्ज मामला का स्थानीय मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस टीम सक्रिय हो गई। मामला दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी सुल्तान अंसारी फरार हो गया था। बताया गया कि संवेदनशील बन रहे इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, एसडीपीओ बीएन सिंह, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार पीड़िता के घर पहुंचे और उसका फर्द बयान लिया। पुलिस दबिश के बाद आरोपी के छिपने के संभावित ठिकाने का पता लगते ही पुलिस टीम ने हजारीबाग के बड़कागांव से उसे दबोच लिया। उल्लेखनीय है कि दुष्कर्म का आरोपी सुल्तान अंसारी नेशनल कांग्रेस वर्कर कमिटी का जिलाध्यक्ष का बोर्ड लगाकर अपने वाहन पर घूमता था। हालांकि प्रदेश कांग्रेस संगठन द्वारा इसे फर्जी बताया गया है।

लोहरदगा में यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस मना

लोहरदगा। यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल सेरेंगहातू लोहरदगा में 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शशि भूषण शर्मा उपस्थित थे। मौके पर शशि भूषण ने हिंदी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है और हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना है। उन्होंने बताया कि हिन्दी विश्व में 4 प्रमुख भाषाओं मे से एक है। उन्होंने हिन्दी साहित्य के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के बारे में बताया। कहा कि उन्हें हिन्दी साहित्य क्षेत्र के ध्रुवतारा कहा जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य वी. के. बालाजिनप्पा ने हिन्दी दिवस के बारे में बताया। विद्यार्थियो के द्वारा विभिन्न कवियों द्वारा लिखित कविता का पाठ किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा नारा दिया गया। शान हमारी हिन्दी जान हमारी हिन्दी, सबको करती एक समान, हिन्दी भाषा बड़ी महान, देश की सेवा मेरी भक्ति है हिन्दी भाषा मेरी शक्ति है, बढ़ा रही यह मेरी शान हिन्दी ही है मेरी पहचान। इस अवसर पर सामी बालाजिनप्पा, निर्मला देवी, राहत प्रवीण, सिन्नी ठाकुर, सरहा जहां, जैनब प्रवीण, बसंती देवी, कलीम आलम अनिरुद्ध महली, शिवधन साहु आदि लोग उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक की मौत

चंदवा। चंदवा के रांची चतरा मुख्य मार्ग पर हिसरी ग्राम के पास दो बाइक सवार लोगों का मंगलवार शाम के 7:00 बजे चंदवा आ रहे थे उसी क्रम में बिगू गंझु और गुड्डू गंझु एक बाइक में सवार थे आने के क्रम में यह लोग सड़क के किनारे गिर गए दूसरी तरफ से अकेले बाइक सवार जा रहे मनीष गंजू काफी स्पीड में था। जो ये लोग कहीं ऊपर बाइक चढ़ा दिया जिससे वह भी गिर गया तीनों को गंभीर चोट आई थी रास्ते से गुजर रहे लोगों ने चंदवा पुलिस को दुर्घटना होने की सूचना थी सूचना के बाद पुलिस तुरंत 108 एंबुलेंस से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया जहां तीनों को डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया डॉक्टरों ने बिगू गंझु के बारे में कहां की यह बहुत सीरियस है रिम्स पहुंचने से पहले ही बिगू गंझु का निधन हो जाता है बाकी दो लोग रिम्स में इलाज रत है। बिगू के भाई रतु गंझु ने कहा कि हम बिगू को बच्चे से ही पाले थे आज हमारे बीच नहीं रहा।

सीएस ने कहा, भवन निर्माण विभाग के लोगों ने बताया बाउंड्री के ऊपर ही बाउंड्री करने का आदेश है

भवन निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें अनियमित कार्य हो रहे हैं: रवि डे

मुकेश कुमार सिंह

चंदवा। चंदवा सीएचसी में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है और बाउंड्रीवाल का समाजसेवी रवि कुमार डे ने कहा कि चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी कई तरह के निर्माण कार्य चल रहे हैं जो भी निर्माण कार्य चल रहा है उसमें भारी अनियमितता देखी जा रही है और भवन निर्माण कार्य और बाउंड्री निर्माण कार्य चल रहा है बाउंड्री पूर्व में छोटा बाउंड्री था उसी पर ठेकेदार के द्वारा नए वाल का निर्माण किया जा रहा है श्री डे ने कहा कि लातेहार उपायुक्त से कहना चाहता हूं कि अगर पुराने बाउंड्री के ऊपर ही नए बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है तब बाउंड्री की क्या जरूरत है ठेकेदार और इंजीनियर के मिलीभगत से इस कार्य को गलत किया जा रहा है इसके कार्य को जांच कर गलत लोगों पर कार्रवाई करें नहीं तो हम लोग आंदोलन करने को विवश हो जायेगे। चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नंद कुमार पांडे के देखरेख भी ठीक तरह से नहीं होता है। उसको नही देखा जाता है। कुछ दिन पहले कंडम भवन में जो दरवाजे खिड़की और अन्य प्रकार के सामान लगाये गये थे वैसे सामान को प्रभारी नंद कुमार पांडे के सहयोग से रविवार को शाम को 7:00 बजे देखा गया कि कई लोग यहां से लोहे के बनाया हुआ दरवाजे खिड़की ले गये ले जाते देख लोगों को प्रभारी द्वारा यह भी नहीं कहा गया कि यह सरकारी सामान है आप लोग मत ले जाइये। पुलिस आती है उसके बाद सामान ले जाने का सिलसिला बंद होता है वहीं पूर्व में कई लोग लोहे से बना दरवाजा खिड़की सरिया कई लोग टेंपो ठेला से लेकर चले गये। वही श्री दुबे ने कहा कि लातेहार उपायुक्त से आग्रह करना चाहता हूं कि सरकारी संपत्ति है उसका नीलामी कर सरकार के खाते में राशि जमा होनी चाहिए। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को विकास कार्य में जो निर्माण कार्य चल रहा है वह भी अच्छा से हो प्रभारी डॉ नंद कुमार पांडे से किसी तरह का निर्माण कार्य के बारे में पूछा जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि किसी तरह की कोई जानकारी प्राप्त नहीं है यह काम भवन निर्माण विभाग करा रहा है। उसके साथ ही पुराने भवन के बारे में भी पूछा जाता है। तो मुझे कुछ भी पता नही है। तो हम लोगो का कहना है। कि अस्पताल के प्रभारी को नही जानकारी है और सामने से कई लोहे का सामान सामने से ले जाया जाता है।

ऑपरेशन ओक्टोपस के दौरान सुरक्षा बलों ने चलाया सिविक एक्शन प्लान

गारू। बारेसाढ़ थाना क्षेत्र के बुढ़ा पहाड़ चल रहे ऑपरेशन ओक्टोपस के दौरान तिसिया ग्राम मे सुरक्षा बलों के द्वारा सिविक एक्शन प्लान चलाया गया। जिसमे एसपी अंजनी अंजन के हाथों ग्रामीणों एवं विद्यालय के बच्चों के बीच पठन-पाठन के सामग्री, खेलकुद के सामग्री, लूडो, करमबोर्ड, मिक्चर, टीवी, टीशर्ट समेत अन्य सामग्री का वितरण किया गया। जिसके लिए ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों को साधुवाद दिया। मौके पर बारेसाढ़ थाना प्रभारी जमील अंसारी, गारु थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, समेत झारखंड जगुवार के जवान, सीआरपीफ के जवान समेत सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण एवं विद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है : योगेंद्र मलिक

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हिंदी दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला मे हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, आचार्य योगेंद्र मलिक तथा दिवस प्रमुख अमित कुमार संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओम तथा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदी के आचार्य योगेंद्र मलिक ने कहा भारत दुनिया में सबसे ज्यादा विविध संस्कृतियों वाला देश है। धर्म, परंपराओं और भाषा में इसकी विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। दुनियाभर में हिंदी भाषा चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। वर्ष 1949 में हिंदी को हमारे देश में सर्वोच्च दर्जा प्राप्त हुआ और तब से हिंदी को हमारी राष्ट्रभाषा माना जाता है। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा व भैया-बहनों से कहा कि हमारी मातृभाषा हिंदी और देश के प्रति सम्मान दिखाने के लिए ही हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। अतः हमें देश के कोने-कोने तक हिंदी भाषा को पहुंचाने का प्रयास करना है। इस अवसर पर भैया बहनों ने अधिक से अधिक हिंदी भाषा के उपयोग का संकल्प लिया।

मयूरी चैताली कॉलेज गुमला में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। मयूरी ट्रस्ट द्वारा संचालित मयूरी चैताली कॉलेज गुमला लक्ष्मणनगर में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मौके पर मयूरी कॉलेज में हो रहे इंटर नामांकन पर चर्चा किया गया और सभी सदस्यों से नामांकन में सहयोग करने की अपील की गई। ट्रस्ट के निदेशक ने इंटर,बीए, एमए. जीएनएम तथा बीएड में नामांकन के लिए सभी सदस्यों को गांव स्तर पर अभियान चलाने की अपील की। कॉलेज के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने कहा है कि हिंदी पूरे देश ही नहीं पूरे विश्व में बोली जाती है। इसकी महत्ता आज पूरे विश्व में देखने को मिल रही है। हिंदी भाषा का महत्व आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भी विदेशों में हिंदी भाषण के माध्यम से प्रचारित प्रसारित हो रही है। मौके पर ट्रस्ट के सचिव चैताली सेन गुप्ता, नवनीत कुमार कसेरा गंदिरा भगत, नंदकिशोर अधिकारी, कुडोछतरपुर मुखिया चुईयां भगत, प्रेम जायसवाल, सकलदीप सिंह, दिल्कु सिंह, दीनप खड़िया, हकमूल अंसारी, बरकत अंसारी, प्रमिला कुमारी, सोनी कुमारी, कौशल्या कुमारी आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

डाक विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण:मिशन बदलाव

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत भूषण भगत, जितेश मिंज, लखन गोप एवं सीताराम बड़ाईक के नेतृत्व में बसिया प्रखण्ड के लुंगटु पंचायत के बंनतरिया गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। ग्रामीणों ने डाक सेवा की भूमिका पर सवाल खड़ा किया और कहा कि हमारे यहां डाक सेवा की स्थिति बहुत गम्भीर है। कभी भी समय पर पत्र और अन्य सूचनाएं सही समय पर प्राप्त नहीं होती है। गांव के एक युवक का नौकरी पत्र पर समय जोइनिंग लेटर भी आया था लेकिन समय पर नियुक्ति पत्र नहीं मिलने से गांव के युवा को बहुत परेशानी हुई। ग्रमीणों ने बैठक कर कहा कि डाक संबंधित संबंधित सेवा के बहाल के लिये गुमला जिला डाक के पदाधिकारियों को मिशन बदलाव के नाम से पत्र प्रेषित किया और निवेदन किया कि जल्द से जल्द ये सभी समस्याओं का समाधान के लिए पहल करें। मिशन बदलाव का प्रतिनिधिमंडल ने गांव वालों को सुनिश्चित किया कि ग्रमीणों की समस्याओं को लेकर जिला के पदाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा और समाधान करने के लिये पहल करेगा। आज के महत्वपूर्ण बैठक में बंनतरिया गांव के लक्ष्मण सिंह, संतोष कुजूर, कैलाश चौधरी, राजू साहू, हरबंमेन साहू, अमरजीत सिंह, सागर गोप, प्रेम गोप एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

तीन लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा विद्युत आपूर्ति पावर ग्रिड कामडारा के कनीय विद्युत अभियंता कंचन टुडू ने विद्युत उर्जा चोरी करने के आरोप में कुल तीन लोगों के विरुद्ध कामडारा थाने में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार 13 सितंबर को झारखंड उर्जा विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों के निर्देश पर कामडारा विद्युत आपूर्ति पावर ग्रिड के कनीय विद्युत अभियंता कंचन टुडू ने विद्युत उर्जा चोरी की रोकथाम को लेकर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया था। वहीं मंगलवार की देर शाम में कनीय विद्युत अभियंता ने कामडारा थाने में कुल तीन लोग क्रमशः नेलशन सुरीन, पोकला, कराकेल, भरत साहू, कराकेल और श्रीकांत कुमार, कामडारा के उपर विद्युत उर्जा चोरी करने के आरोप में उक्त सभी लोगों के उपर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

शिवपुरी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रामनंदन शाही

भरनो (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर शिवपुरी दुर्गा पूजा समिति स्कूल चौक की बैठक बुधवार को शेखर चंद्र अधिकारी की अध्यक्षता में शिव मंदिर परिसर में हुई। बैठक में पूजा कमेटी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष रामनंदन शाही, उपाध्यक्ष मुरारी केशरी, सचिव बजरंग केशरी, सह सचिव अभिषेक केशरी कोषाध्यक्ष बिनय केशरी, उपकोसाध्यक्ष भगवती केशरी, सुभम केशरी, बिक्की केशरी को सर्वसम्मति से चुना गया। मौके पर बजरंग केशरी, मुकेश केशरी, मुरारी केशरी, अभिषेक केशरी, विवेक केशरी, निशु केशरी, शेखर केशरी, संतोष केशरी, अरुण केशरी, भूषण केशरी, निखिल केशरी, अजय गुप्ता, सूरज केशरी, शिवम केशरी, विशाल केशरी, मोहित बराइक, दुर्गा लोहरा, सुभम केशरी, उज्जवल केशरी, कुमार हर्ष राज, सर्वेश केशरी, आयुष केशरी, मयंक केशरी, अनुज मिश्रा, छोटू उरांव, सुभाष केशरी, ज्योतिष केशरी, गोलू गुप्ता, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम : मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 156 लाभुकों के बीच ऋण सह अनुदान राशि का वितरण

स्वरोजगार के मार्ग पर आगे बढ़ें, जिला प्रशासन आपके साथ है : उपायुक्त

अब यहां के लोगों को अपने घर, गांव और शहर में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रोजगार को बढ़ावा देने के लिए की गयी है मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरुआत

राज्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरूआत की है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 25 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है। इसमें 40% अनुदान की राशि भी शामिल है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत गुमला जिला में ऋण हेतु अनुशंसित कुल 193 लाभुकों के विरुद्ध सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त कुल 156 लाभुकों जिनमें अनुसूचित जनजाति के 100, अनुसूचित जाति के 5, पिछड़ी जाति के 46, अल्पसंख्यक 3 दिव्यांग 2 लाभुकों को प्राप्त आवंटन की राशि 2,67,50,863 रु. के विरुद्ध प्रथम किश्त के रूप में 7,39,2,003 रु. की राशि का भुगतान लाभुकों के बैंक खाते में किया गया।

गुमला। जिला प्रशासन एक ऐसी सशक्त और मजबूत व्यवस्था बना रहा है, जहां युवाओं को रोजगार के हरसंभव अवसर मिलेंगे। वहीं जो स्वरोजगार करना चाहेंगे उन्हें आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार यहां के युवाओं को पूरा मौका दे रही है ताकि उनकी प्रतिभा और कौशल का जिला तथा राज्य के विकास में बखूबी इस्तेमाल हो सके। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने आज ललित उरांव नगर भवन गुमला में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण सह अनुदान वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस मौके पर उन्होंने लाभार्थियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत अनुदान आधारित ऋण का स्वीकृत पत्र, ट्रैक्टर तथा स्कॉर्पियो की चाबी प्रदान की।

उपायुक्त ने कहा कि अब तक यहां के युवा नौकरी की खातिर दूसरे राज्य और बड़े शहरों का रुख करते हैं, या फिर सरकारी नौकरी के लिए सालों लगा देते हैं। लेकिन, अब यहां के लोगों को अपने घर, गांव और शहर में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए व्यवस्था में बदलाव की प्रक्रिया जोर -शोर से की जा रही है। इसका जल्द सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना स्वरोजगार करने वालों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। यहां की युवा पीढ़ी अपने साथ कई और लोगों को रोजगार देने में सक्षम होगी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दी जाने वाली राशि का सदुपयोग करते हुए अपना रोजगार प्रारंभ कर सकते हैं एवं कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल कर सकते हैं। जिला प्रशासन उन सभी लोगों को सदैव प्रोत्साहित करता है जो स्वरोजगार के मार्ग पर चलते हैं। सरकार द्वारा रोजगार से संबंधित अन्य किसी भी प्रकार की सहायता हेतु तुरंत संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए अपने व्यवसाय को और बेहतर बना सकते हैं। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी ऋण धारी लाभुकों को समय पर बैंकों में अपनी किस्त जमा करवाने की भी बात कही ताकि बैंकों द्वारा अधिक से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध करवाकर लोगों की सहायता की जा सके। योजना के तहत कुल 156 लाभुकों को ऋण सह अनुदान राशि से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के अलावा उप विकास आयुक्त हेमंत सती, पीडी आईटीडीए इंदु गुप्ता, एलडीएम गुमला, जिला कल्याण पदाधिकारी खुशेंद्र सोनकेशरी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, मीडिया के प्रतिनिधियों तथा सैंकड़ों लाभुक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

प्रमुख पति कृष्णा व पंसस रामप्रीत ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

घाघरा बैंक ऑफ इंडिया के कर्मी के साथ मारपीट का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

अन्य आरोपियों को जल्द किया जायेगा गिरफ्तार : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी अमित चौधरी ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया घाघरा शाखा के कर्मी विवेक प्रशांत कुजूर के साथ मारपीट मामले में एक आरोपी विजय उरांव को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बाकी फरार आरोपियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

घाघरा। बीते दिनों बैंक ऑफ इंडिया घाघरा के कर्मचारी विवेक प्रशांत कुजूर के साथ मारपीट करने के मुख्य आरोपी प्रमुख सविता देवी के पति कृष्णा लोहरा व सेहल के पंचायत समिति सदस्य रामप्रीत उरांव ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि बैंक कर्मी के साथ मारपीट के बाद से लगातार बैंक कर्मी आक्रोशित और आंदोलन के मूड पर थे। जिसको लेकर के आरोपियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

पुलिस की दबिश को देखते हुए घटना के मुख्य आरोपी प्रमुख के पति कृष्णा लोहरा व सेहल पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रामप्रीत ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। यहां बता दें कि बैंक कर्मियों के साथ मारपीट के बाद से प्रमुख पति कृष्णा लोहरा सहित अज्ञात 10-12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। जिसके बाद से पुलिस लगातार आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही थी।

लायंस क्लब गुमला ने किया एक सौ पौधों का रोपण

गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण कार्यक्रम आज

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा बुधवार 14 सितंबर को चाहा ग्राम गुमला में वन मल्टीपल वन एक्टिविटीज के तहत डिस्ट्रिक्ट 322 ए के जिला पाल के आह्वान पर 100 पौधे का रोपण किया गया। यह पौधरोपण प्लास्टिक तार के घेराव करके किया गया। कल 15 सितंबर 2022 को स्थानीय लायंस क्लब के परिसर में गरीब मजदूर रिक्शा वाले को दिन के 1:00 दोपहर को खाना खिलाया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद, मनमोहन केसरी, बनवारी लाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, शशिकिरण जायसवाल, किरण केसरी, मनोरमा देवी, राजलक्ष्मी आनंद इत्यादि मौजूद थे।

भारत जोड़ो पदयात्रा को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक 16 सितंबर को

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 16 सितंबर को गुमला परिसदन में आयोजित है। जिसमें कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम भारत जोड़ो पादयात्रा को गुमला जिला के सभी प्रखंड, पंचायत व बूथ स्तर तक कार्यक्रम करने व देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद करने का काम करेगा। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोशन बरवा द्वारा सभी प्रखंड के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गयी है जो कि प्रखंड पंचायत व बूथ स्तर पर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्य करेंगे। उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला संयोजक मानिकचंद साहू, गुमला प्रखंड में अकिल रहमान, भरनो प्रखंड हेतु आजाद अंसारी, सिसई हेतु राजनील टिग्गा, बसिया हेतु सुनीता टोपनो, कामडारा हेतु सुशील कुमार गुप्ता, पालकोट हेतु मुरलीमनोहर प्रसाद, घाघरा में रमेश कुमार, बिशुनपुर में महेश आगस्टीन कुजूर, चैनपुर हेतु चुमनु उरांव, रायडीह में मोख्तार आलम, जारी में रोहित उरांव, डुमरी में शाहिद वारसी को प्रखंड प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गयी है। उक्त जानकारी गुमला जिला अध्यक्ष रोशन बरवा ने दी।

केवीके गुमला को राष्ट्रीय स्तर पर मिला आउटलुक अवार्ड

यह अवार्ड केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर। बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर को आउटलुक एग्रीटेक समिट एंड अवार्ड्स 2022 के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने हेतु अवार्ड से नवाजा गया। जिला ही नहीं, राज्य के लिए यह गर्व की बात है कि कृषि विज्ञान केंद्र गुमला को राष्ट्रीय स्तर पर आउटलुक अवार्ड से नवाजा गया है। डॉ संजय कुमार ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र गुमला को यह पुरस्कार कृषि क्षेत्र में मुख्य रूप से जल संरक्षण स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु लाह उत्पादन, सूअर पालन, बकरी पालन, सहभागी बीज उत्पादन प्रोग्राम हेतु यह अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में नवीनतम ज्ञान साझा करने और देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पहचानने के लिए भारत और विदेशों के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व, नीति निमार्ताओं, विचारशील नेताओं और कृषि प्रौद्योगिकी कंपनियों को एक साथ लाने का एक मंच है।

डॉ संजय कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में नवाचार और प्रौद्योगिकी एकीकरण के क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को एक मंच प्रदान करना है। डॉ संजय कुमार इस कार्यक्रम में संदीप नायक महानिदेशक राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, डॉ अशोक दलवई सीइओ राष्ट्रीय वर्षाश्रित क्षेत्र प्राधिकरण, विभव झा संपादक आउटलुक, हरीश छदन सीईओ महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ-साथ देश के कृषि से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों संस्थाओं के प्रमुख एवं देश एवं विदेश के वक्ताओं एवं नेताओं ने भाग लिया।

महत्वपूर्ण न्यूज

घाघरा में दो लोडेड देसी कट्टा के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के घोड़ाटांगर गांव के पास से तीन अपराधियों को दो देसी लोडेड कटा के साथ गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में सेन्हा गढ़गांव निवासी योगेंद्र उरांव व घाघरा डुको शिकवार गांव निवासी नावका उरांव व पतागांई निवासी उमेश सिंह के नाम शामिल हैं। इस संबंध में पत्रकार सम्मेलन कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी अमित चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि मंगलवार की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि तीन अपराधी हथियार लेकर इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को देने के बाद उनके निर्देश पर अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए निकले तो पुलिस की गाड़ी की रोशनी देखकर तीनों भागने लग गए। जिसके बाद से थाना प्रभारी के साथ पुलिस के जवानों ने दौड़ाकर तीनों अपराधियों को पकड़ लिया। तीनों की तलाशी ली गई तो नवका उरांव के कमर से एक देसी लोडेड कट्टा, वहीं योगेंद्र उरांव के पास से एक देसी लोडेड कट्टा दोनों के पास से एक-एक गोली व पतागांई निवासी उमेश सिंह के पास से एक गोली बरामद किया गया। तीनों अपराधियों से पूछताछ की गयी तो उन लोगों के द्वारा बताया गया कि इस इलाके में लूटपाट जैसी छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम देते हैं और अपना खर्चा चलाते हैं। तीनों अपराधियों को स्वास्थ्य जांच के बाद गुमला जेल भेज दिया गया है।

बीडीओ ने बैठक कर लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने के दिये निर्देश

सिसई (आजाद सिपाही)। भदौली पंचायत भवन में बुधवार को बीडीओ सुनीला खलखो ने लंबित पीएम आवास, मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना व वोटर कार्ड से आधार लिंक को लेकर लाभुकों, पंचायत कर्मी व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में 103 लंबित पीएम आवास को जल्द पूर्ण कराने, गंभीर बीमारी पर इलाज हेतु मिलने वाली मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान सहायता राशि और सभी मतदाताओं को अपने वोटर कार्ड से आधार लिंक कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने पीएम आवास के लाभुकों को ढलाई नहीं कर पाने की स्थिति में एसवेस्टस से भी छराई करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मुखिया अल्बीना देवी, उप मुखिया राहुल सिंह, ग्राम प्रधान सुमन पहान, जनसेवक मोहम्मद शारीक, पंचायत सेवक संतोष भगत, रोजगार सेवक ऐडित माबेल एक्का, स्वयंसेवक माधुरी देवी, वार्ड सदस्य विरिया उरांव, कृष्णा कुमार साहू, गोबरीएल लकड़ा, मीनाक्षी देवी, निर्मला देवी सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

कोंसा पंचायत मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण दिवस मनाया गया

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र के कोंसा पंचायत मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आज बुधवार को पोषण दिवस मनाया गया। लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। यह पोषण दिवस कार्यक्रम प्रभारी सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा के निर्देश पर आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे कोंसा पंचायत के मुखिया प्रेमचंद केरकेट्टा को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया के द्वारा छह माह के बच्चे की मुंहजुट्ठी कराये जाने के बाद हुई। वहीं मुखिया श्री केरकेट्टा ने लोगों को संबोधित करते हुए धातृ महिलाओं को आवश्यक रूप से पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी और लोगों से अपील की कि अपने-अपने घरों पर मुनगा का पेड़ अवश्य लगायें। क्योंकि मुनगा से सभी बिमारियों का निदान होता है। इसके अलावे किन-किन साग-सब्जियों व फल से पौष्टिक आहार मिलता है, इसके बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारियां दी गयीं। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका माग्रेट केरकेट्टा, हल्यानी होरो, सुशांति केरकेट्टा, रजनी होरो, दिव्या लोमंगा, हीरा कुमुदनी, बिमला होरो, बहामनी बरला, रामावती देवी, मंजू देवी, पूनम कोनगाड़ी, जयवन्ती तोपनो सहित पंचायत क्षेत्र की सभी सहायिकाएं व ग्रामीण महिलाएं काफी संख्या में मौजूद थे।

विहिप के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंहऔर अजय गुप्ता बजरंग दल संयोजक बनाये गये

घाघरा (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सिया धर्मशाला में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संजय सिंह ने की। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। इस मौके पर नीरज जायसवाल ने कहा कि लव जिहाद, धर्म परिवर्तन, गौहत्या ये सभी पूरी तरह से बंद होना चाहिए। साथ ही ग्रामीण स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए लोगों से आग्रह किया है कि किसी के बहकावे में ना आयें, हिंदू माता-बहनों को लव जिहाद व धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जाता है, इससे बचें। हाल में दुमका व ओरमांझी में घटित घटना की घोर निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग सरकार से की है। वहीं गौ तस्करी गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आग्रह प्रशासन से किया है। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रुपेश कुमार सिंह, सुशीत कुमार गोस्वामी, मंत्री बजरंग पासवान, सह मंत्री दीपक गुप्ता, बजरंग दल संयोजक अजय कुमार गुप्ता, सह संयोजक सुदामा गुप्ता, सुरक्षा प्रमुख विशाल गुप्ता, धीरज साहू, उपेंद्र मिश्रा, कुश साहू, मुकेश साहू, अखाड़ा प्रमुख सोनू जायसवाल, नीरज जायसवाल, नीरज सिंह, रूपेश साहू, विद्यार्थी प्रमुख रूपेश कुमार साहू, शिवम कुमार सिंह, सत्संग प्रमुख संतोष मणि मिश्रा, राजेश ठाकुर, मनबोध बड़ाईक, मठ मंदिर प्रमुख छोटू कुमार, आशीष सोनी, सत्यम कुमार, विधि प्रमुख अवनीश कुमार पांडे, धर्माचार्य प्रमुख प्रमोद नाथ पाठक। सप्ताहिक मिलन प्रमुख नवीन कुमार साहू, धर्म प्रसार प्रमुख राजू सिंह तोमर, सामाजिक समरसता प्रमुख विनय पाठक, महेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रमुख अरविंद जयसवाल (सोनू) को सर्वसम्मति से चुना गया।

उपायुक्त ने तरहसी व नीलांबर-पितांबरपुर प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

नीलांबर-पितांबरपुर में अनुपस्थित रहे कर्मियों पर हुई कार्रवाई

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को तरहसी व नीलांबर-पिताम्बरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे सबसे पहले तरहसी पहुंचे यहां उन्होंने अंचल कार्यालय से संबंधित विभिन्न रेजिस्टरों की जांच की।इस दौरान उन्होंने अंचल से जारी होने वाले जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जमीनदारी बांध, करेक्शन, मोटेशन से संबंधित विभिन्न संचिकाओं का अवलोकन किया।उन्होंने अंचलाधिकारी को म्यूटेशन हेतु आये सभी आवेदनों का ससमय निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। वहीं परिशोधन की समीक्षा के दौरान अंचलाधिकारी केदारनाथ सिंह ने बताया कि निर्धारित ओटीपी के अनुसार प्रतिदिन 30 परिशोधन किया जाता है एक दिन में तीस से अधिक ओटीपी नहीं आने के कारण इससे अधिक परिशोधन नहीं हो पाता है इसपर उपायुक्त दोड्डे ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वरीय पदाधिकारियों से ऑन स्पॉट कॉल कर इस समस्या का समाधान करने हेतु अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि साप्ताहिक जनता दरबार में प्राप्त जन शिकायतों को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाना चाहिए ताकि आवश्यक छोटे-मोटे कामों के लिए लोगों को जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़े।संबंधित पदाधिकारी आम जनता के प्रति पूरे संवेदनशील रहें।

बीडीओ को प्रखंड में क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के दिए निर्देश

तरहसी अंचल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विशेषकर मनरेगा एवं आवास की समीक्षा की। मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र की समीक्षा के दौरान तरहसी बीडीओ सच्चिदानंद महतो ने डीसी को बताया कि प्रखंड कार्यालय की ओर से डीएमएफटी के माध्यम से 11 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। समीक्षा के पश्चात उपायुक्त ने तरहसी प्रखंड में आये आम लोगों से सीधे मुखातिब होकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।

नीलांबर - पिताम्बरपुर (लेस्लीगंज) में अनुपस्थित रहे कर्मियों पर हुई कार्रवाई

तरहसी कार्यालय का निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने नीलांबर-पिताम्बरपुर(लेस्लीगंज) प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यालय में अनुपस्थित रहे भीएलडब्लू विनय कुमार व अमरेश कुमार और आवास के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार की हाजरी काट दी। उपायुक्त के निरीक्षण के दौरान बीडीओ अनिल कुमार प्रखंड के नौडीहा पंचायत में आम बागवानी व आवास का निरीक्षण करने के कारण प्रखंड में अनुपस्थित रहे।इस दौरान उपायुक्त ने बीडीओ को फोन कर आमजनों के कार्यों में शिथिलता न बरतने की बात कही।उन्होंने निर्देशित किया कि विकास योजनाओं को सीधे तौर पर लक्षित समुदायों के योग्य लाभुकों को मिले एवं बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं रहे।

दुर्गा पूजा समिति ने मुख्यमंत्री से सभी पूजा पंडालों को 51 हजार देने की मांग की

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पलामू के सभी पूजा समितियों को 51 हजार रुपये सहयोग राशि देने की मांग की है। डीसी को मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में कोरोना के कारण पूरा देश आर्थिक समस्या से जूझ रहा है वहीं पलामू प्रमंडल इस वर्ष सुखाड़ से प्रभावित होने के कारण यहाँ की व्यवसायिक गतिविधियों भी प्रभावित हूई है। पलामू उपायुक्त के माध्यम से दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि दूर्गोत्सव पूरे झारखंड का अतिमहत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे में झारखंड सरकार को पहल करते हुए सभी पूजा समिति को आर्थिक सहयोग करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी,उपाध्यक्ष ललन सिन्हा,वीएम पांडेय,हरिशंकर सिंह,प्रदीप जायसवाल, कमल गुप्ता,मंत्री सतीश तिवारी,मनीष भिवानियां व मोनू सिंह, संजय राज व जितेन्द्र सोनी शामिल थे।

हैदरनगर के गोल्हना में विधायक कोटा से पाइन निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)। हैदरनगर के गोलहना में विधायक कोटा से पाइन का शिलान्यास एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह जो कहते है वह कर के दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिन गांव में वादा किया था, उन गांव में कार्य शुरू करा दिया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के नेतृत्व में विधायक कोटा की योजनाओं का शिलान्यास लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक एक कर ग्रामीण सड़कों को ठीक करने का काम किया जा रहा हैं। विधायक ने कहा कि जात पात की राजनीति से क्षेत्र का विकास बाधित होता है। जनता को भी यह बात समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की जनता ने हमेशा विकास की राजनीति का साथ दिया है। आगे भी इसे बरकरार रखा जायेगा। मनान खान ने कहा कि जिन्हे भी निर्माण कार्य की जिम्मेदारी दी गई है, काफी सोच समझ कर दी गई है। उमौके पर रौनक सिंह, बिमलेश सिंह, अकबर खान, संजय सिंह, लल्लू सिंह, वीरेंद्र सिंह ,दिलीप पाल,सुधीर सिंह,मुखिया अशोक यादव, रविरंजन अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करने वाले 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जेबीभीएनएल के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान चलाया। छापामारी अभियान में अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करते 10 लोग पाए गए। सभी के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली चोरी कर उपयोग करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें रामदीप प्रजापति शुक्रबाजार, वीरेंद्र सिंह, अजय कुमार, बुद्धि पासवान, रविंद्र मेहता, जयराम यादव, अनिल कुमार यादव सभी ग्राम बरेवा,बलराम मेहता, जयराम मेहता ग्राम सोबा व प्रमोद चौहान ग्राम कनौदा का नाम शामिल हैं। इनपर बगैर वैद्य कनेक्शन लिये निजी घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व खेत में तार खींचकर पटवन करने का आरोप लगाया गया है। जेबीभीएनएल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उन पर 83 हजार रुपया का जुमार्ना भी लगाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में उनके अलावा मानव दिवसकर्मी जितेन्द्र ठाकुर,ओबैद सिद्दीकी व मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने ग्रामीणों को वैद्य कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करने की सलाह दी है। इसके लिये उनकी सुविधा अनुसार सभी स्थानों पर निर्धारित दिवस व तिथि को विशेष शिविर का भी आयोहजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा है कि जेबीभीएनएल का आगे भी छापामारी अभियान जारी रहेगा। इस दौरान अवैध बिजली का उपयोग करते पकड़े जाने पर जुमार्ना के साथ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

पंचायत प्रतिनिधियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में पंचायत प्रतिनिधियों का अहम योगदान : सुधीर कुमार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया गया।एपीओ सुधीर कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित सभी संचालित योजनाओं का बेहतर तरीके से कैसे क्रियान्वयन हो इसकी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण के माध्यम से दिया गया।साथ ही पंचायती राज व्यवस्था का उद्भव, मुखिया, उप मुखिया एवं ग्राम पंचायत के अधिकार, ग्राम पंचायत के कार्य एवं दायित्व, ग्राम पंचायत की स्थाई समितियां,वार्ड सभा, ग्राम पंचायत योजना का उद्देश्य, प्रक्रिया एवं महत्व, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण, इसकी आवश्यकता और महत्व के साथ आपदा प्रबंधन में ग्राम पंचायत की भूमिका को बताया गया।सीओ नंद कुमार राम ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को निधि के स्रोत और इसके खर्च की भी जानकारी आवश्यक है। इसलिए निधि के स्रोत, लेखा संधारण एवं वित्तीय प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।उन्होंने कहा कि फिफ्टिन फाइनेंस ,मनरेगा,आवास योजना समेत सभी बिकास योजनाओं को ससमय एवं सुलभ रूप से आमलोगों के बीच पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से पहुचाना प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता, दक्षिणी जिप सदस्य रिंकी कुमारी, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर, नरेश राम,सुदामा यादव,अशोक चौधरी, सुषमा देवी,संजू देवी, सरिता देवी,श्रवण राम, आत्मेश कुमार सिंह, प्रेमा देवी, अनंति देवी, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, वशिष्ठ तिवारी,बीपीओ सुनील कुमार, बीरेंद्र कुमार समेत कई पंचायत प्रतिनिधि व कर्मी मौजूद थे।

पलामू,गढ़वा,लातेहार सहोदया स्कूल कांप्लेक्स का गठन ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारिक कदम : सज्जन कुमार

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सभी संबद्धता प्राप्त सीबीएसई स्कूलों की संयुक्त बैठक एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में असिस्टेंट सेक्रेटरी (एग्जाम) सीबीएसई पटना जोन के सज्जन कुमार उपस्थित रहें। साथ ही उन्होंने सभी स्कूलों के प्राचार्यों के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया एवं उक्त मौके पर संगठन के लोगो का डिजिटली लोकार्पण भी किया। सभी स्कूलों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बच्चों के बेहतर विकास हेतु पीजीएल सहोदया स्कूल कांप्लेक्स का गठन किया गया। सर्व समिति से एमके डीएवी स्कूल के प्राचार्य डां जीएन खान को संगठन का अध्यक्ष, एमडीएन जीजीपीएस स्कूल के प्राचार्य पीपी गुप्ता को उपाध्यक्ष, रोटरी स्कूल के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडे को सचिव, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डां एके सिंह को कोषाध्यक्ष, ब्राइट लैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह को आईटी सेल सचिव सह कार्यक्रम समन्वयक, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एमडी नईम को संयुक्त कोषाध्यक्ष,आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एसके खन्ना को संयुक्त सचिव तथा संत मरियम स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श को जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया। उपरोक्त अधिकारियों के अलावा विभिन्न स्कूलों के अनेक सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। संगठन के निर्माण के पश्चात अपने संबोधन में संगठन के अध्यक्ष डां जीएन खान ने कहा कि संगठन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की रुचि का अवलोकन करते हुए उन्हें पारंगत करना साथ ही बेहतर भविष्य निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन देना है। ‍ंगठन के जनसम्पर्क अधिकारी कुमार आदर्श ने कहा कि सभी स्कूल नियमित तौर पर अपने विद्यालयों में समय-समय पर इनहाउस ट्रेनिंग का आयोजन करते रहे हैं, परंतु पीजीएल सहोदया स्कूल कांप्लेक्स के गठन के बाद अब विभिन्न स्कूल के शिक्षक बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एक दूसरे स्कूलों में परस्पर फेरबदल करते हुए इनहाउस ट्रेनिंग में भाग लेंगे जिससे उनकी शिक्षण पद्धति,पढ़ाने के तरीके साथ ही अनेक विधाओं का विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एसके खन्ना ने कहा की संगठन के सभी स्कूल सदस्य संगठन द्वारा प्रदत दायित्व का पूरी कर्मठता पूर्वक पालन करेंगे साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखेंगे।

रेल लाइन पर मिला अधेड़ का शव

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। बीडी रेलखंड के जपला रेलवे स्टेशन से करीब एक किमी दूर बक्सी उच्च विद्यालय के समीप अप लाइन में हुसैनाबाद के इस्लामगंज मोहल्ला निवासी सूदन हाशमी का शव बरामद किया गया है। स्थानीय पुलिस की मदद से शव की पहचान हो पाई। शव मिलने के बाद उसे अज्ञात मान कर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में अंत्यपरीक्षण किया गया। अंत्यपरीक्षण के बाद इस्लामगंज मोहल्ला के लोगों ने उसकी पहचान सूदन हाशमी के रूप में की।पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि सूदन हाशमी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह अहले सुबह से लापता था। शौच के लिए या अन्य कारण रेल लाइन पार करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आया होगा।

आनंदमार्गियों ने मनाया प्रभात संगीत दिवस

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मेदिनीनगर के नई मुहोल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति में बुधवार को अनंदमार्गियों ने प्रभात संगीत दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान अनंदमार्गी जागृति परिसर में इकट्ठा होकर अखंड कीर्तन अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम का कीर्तन-भजन, साधना किया। अपने गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी के दिए गए आशीर्वचनओं को पढ़ा गया। वरिष्ठ आनंद मार्गी श्री जगरनाथ ने जानकारी दी कि आज से लगभग 7000 वर्ष पूर्व भगवान शिव ने सरगम का आविष्कार कर मानव मन के सूक्ष्म अभिव्यक्तियों को प्रकट करने का सहज रास्ता खोल दिया था। इसी कड़ी में 14 सितंबर 1982 को झारखंड राज्य के देवघर में आनंद मार्ग के प्रवर्तक भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने प्रथम प्रभात संगीत ₹बंधु हे निये चलो₹ बांग्ला भाषा में देकर मानव मन को भक्ति उनमुख कर दिया। 8 वर्ष 1 महीना 7 दिन के छोटे से अवधि में श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने 5018 प्रभात संगीत का अवदान मानव समाज को दिया। प्रभात संगीत के भाव ,भाषा, छंद, सूर एवं लय अद्वितीय और अतुलनीय है। उन्होंने बांग्ला, उर्दू , हिंदी, अंगिका,मैथिली, मगही एवं अंग्रेजी भाषा में प्रभात संगीत दिया। आचार्य सिद्धार्थ आनंद अवधूत ने कहा कि उन्होंने कहा कि कोई भी मनुष्य जब पूर्ण भाव से प्रभात संगीत के साथ खड़ा हो जाता है, तो रेगिस्तान भी हरा हो जाता है। संगीत तथा भक्ति संगीत दोनों को ही रहस्यवाद से प्रेरणा मिलती रहती है। जितनी भी सूक्ष्म तथा दैवी अभिव्यक्तियां हैं, वह संगीत के माध्यम से ही अभिव्यक्त हो सकती है। मनुष्य जीवन की यात्रा विशेषकर अध्यात्मिक पगडंडियां प्रभात संगीत के सूर से सुगंधित हो उठता है। आजकल प्रभात संगीत एक नये घराने के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। मौके पर भुक्ति प्रधान मधेस्वर, बैजनाथ, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह,सरोज,प्रदीप,गोपाल, मणिकांत, पूनम, चंदू, शारदा, रेणु, दीपक, सोनू आदि लोग शामिल हुए।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात हिंदी के प्रख्यात रचनाकार मुंशी प्रेमचन्द जी के छायाचित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण किया। विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के द्वारा भी पुष्प अर्पित किये गये। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि भारत दुनियाँ में सबसे ज्यादा विविध संस्कृतियों वाला देश है। धर्म परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहाँ के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। हिन्दी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। 1949 में हिंदी को देश में सर्वोच्च भाषा मानकर राजभाषा का दर्जा दिया गया। प्रत्येक भारतीय को अपनी मातृभाषा बोलने पर गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हिंदी दिवस के इस अवसर पर विद्यालय शिक्षिकाओं के द्वारा हिंदी की महत्ता प्रतिपादित करती हुई सामूहिक गान प्रस्तुत किए गए। योग शिक्षिका रागिनी द्वारा हिन्दी प्रयोग को प्रेरित करती हुई चम्पू काव्य का प्रस्तुतीकरण हुआ। गणित शिक्षक दिलीप कुमार मिश्र के द्वारा पंत जी की रचना ह्यरशिमरथीह्न का काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मंच संचालन हिन्दी शिक्षक भरत लाल वर्मा द्वारा किया गया तथा हिन्दी शिक्षिका रश्मि सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

Office of District Legal Services Authority, Ramgarh

Correction Letter

Notice regarding extending the last date for filling application for the Post of Legal Aid Defense Counsels till 19.09.2022

Ref to the PR No. 277170 dt. 07.09.2022, applications are invited from eligible lawyers having requisite qualifications for Contractual full time engagement for the posts of Chief Legal Aid Counsel, Deputy Chief Legal Aid Defense Counsels and Assistant Legal Aid Defense Counsels in the Legal Aid Defense Counsel System in District Legal Services Authority, Ramgarh. The duly filled application form along with self-attested copies of documents may be submitted to DLSA, wherein the candidate desires to apply through speed post or in an envelope personally in the office of the Secretary, DLSA, Ramgarh on or before **extended date 19th September 2022 by 05.00 Pm.** Any application received after due date shall not be considered. For further details kindly visit the link https://districts.ecourts.gov.in/ramgarh/judgeship-glance .
Note: Applying for engagement does not create any right/ assurance whatsoever.

Sd/-
Secretary DLSA, RAMGARH
PR277778 (District)22-23*D

DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH CIVIL COURT, HAZARIBAGH

Mobile No:- 9939201624 e-mail:-dlsahazaribag@gmail.com
Advt. No. LADCS/01/2022 Date:- 14.09.2022

Interview for different posts of LADCs

This is to inform that applications were invited from eligible lawyers having requisite qualification for contractual full time engagement for the different posts in process of implementation of LADCs in the district of Hazaribagh.

It is for the information of all those candidates who have applied for such different posts that their **interview** is scheduled to be held on **19.09.2022, 20.09.2022 & 21.09.2022** at Nyaya Sadan, Civil Court, Hazaribagh.

The candidate wise interview details including **date, venue and time** are available on the website of the Civil Court, Hazaribagh i.e (https://districts.ecourts.gov.in /hazaribag) and on the Notice Board of DLSA, Hazaribagh. The candidates are advised to go through the details available on the website of the Civil Court, Hazaribagh and on the Notice Board of DLSA, Hazaribagh.

Note:- Any request for the change of date/time shall not be entertained in any case.

sd/-
Principal District Judge cum Chairman, DLSA, Hazaribagh
PR 277726 (Law)22-23*D

स्पोर्ट्स

कोई भी पदाधिकारी तीन साल स्टेट और बोर्ड में 6 साल तक किसी भी पद पर रह सकता है

गांगुली और जय शाह पद पर बने रहेंगे : सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआइ को संविधान संशोधन की मंजूरी दी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बीसीसीआई के कूलिंग ऑफ पीरियड में बदलाव को मंजूरी दे दी। इस फैसले के बाद अब कोई पदाधिकारी स्टेट बॉडी में तीन साल से ज्यादा और इउउकमें लगातार दो बार यानी 6 साल तक पद पर बना रहेगा। इसका सबसे ज्यादा फायदा मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह को मिल सकता है।

अब स्टेट बॉडी और बोर्ड के कार्यकाल को एकसाथ नहीं माना जाएगा

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अब राज्य क्रिकेट एसोसिएशन और बीसीसीआई के कार्यकाल को एक साथ नहीं माना जाएगा। ऐसे में कोई अधिकारी राज्य क्रिकेट में छह साल काम करने के बाद बीसीसीआई में भी छह साल काम कर सकता है। बीसीसीआई में लगातार छह साल पूरे होने के बाद तीन साल तक कोई भी पद पर नहीं रह सकता है।

पहले समझें कूलिंग ऑफ पीरियड क्या है?

कूलिंग ऑफ पीरियड को लेकर लोढ़ा कमेटी ने 2018 में सिफारिश की थी। बाद में इन्हें तभी से लागू कर दिया गया। इसके मुताबिक, कोई भी पदाधिकारी पहले स्टेट बॉडी में तीन साल या उससे ज्यादा समय तक पद पर रहता है तो वह बोर्ड में सिर्फ तीन साल और पद पर रह सकता है। सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बाद, अब कोई भी पदाधिकारी तीन साल स्टेट और बोर्ड में 6 साल तक किसी भी पद पर रह सकता है।

बीसीसीआई को क्या आपत्ति थी?

बीसीसीआई ने 2019 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर तीन साल के कूलिंग ऑफ पीरियड के प्रावधान को खत्म करने की इजाजत मांगी थी। इस मामले में इउउक का कहना है कि कूलिंग ऑफ पीरियड किसी सदस्य के एक ही स्थान पर लगातार छह साल तक पद संभालने के बाद आना चाहिए, न कि स्टेट फेडरेशन या बीसीसीआई या दोनों को मिलाकर।

गांगुली और जय शाह का कार्यकाल खत्म हो रहा है

वर्तमान समय में बीसीसीआई में प्रेसिडेंट सौरव, जय शाह समेत पांच पदाधिकारियों ने बोर्ड और स्टेट बॉडी में 6 साल पूरे कर लिए हैं। सौरव गांगुली 23 अक्टूबर 2019 को बीसीसीआई के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वे 2014 में बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव बने थे, फिर 2015 में उन्हें अध्यक्ष का पद मिला। इसी तरह, जय शाह 2014 में गुजरात क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव बने थे। ऐसा कहा जाता है कि उनका कार्यकाल आठ सितंबर 2013 से ही शुरू हो गया था। यानी सितंबर 2013 से अक्टूबर 2019 तक वह गुजरात क्रिकेट संघ से जुड़े रहे। इसके बाद बीसीसीआई सेक्रेटरी का पदभार उन्होंने 24 अक्टूबर 2019 को संभाला था। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों अगले तीन साल तक अपने पद पर बने रहेंगे।

महत्वपूर्ण न्यूज

धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में राजभाषा संकल्प समारोह का आयोजन

धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में बुधवार को हिंदी दिवस पर राजभाषआ संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद रेल मंडल प्रबंधक आशीष बंसल ने सभी रेल कर्मियों को हिंदी दिवस पर सभी कार्य हिंदी में करने की शपथ दिलाई। उन्होंने पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि 14 सितंबर को पूरे देश में हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसी के मद्देनजर धनबाद मंडल कार्यालय में हिंदी दिवस को लेकर लोगों को शपथ दिलाई गई। ताकि सभी लोग अपने कार्य में हिंदी भाषा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें। हिंदी को सरलता से समझें और बढ़ावा दें। क्योंकि हिंदी है हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा यह स्लोगन आज भी हम सभी के दिल में है। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी राष्ट्रभाषा के रूप में अंगीकृत की गई थी। लेकिन अभी तक हिंदी में सभी कामकाज नहीं किए जाते हैं। वैसे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व देशवासियों से अपील हैं कि वह अपनी राष्ट्रभाषा हिंदी में कामकाज करने के लिए अग्रसर हों। वहीं, शपथ समारोह में एडीआरएम आशीष झा, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, सीनियर डीओएन पंकज कुमार, सीनियर डीइएन कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, सीनियर डीपीओ अजीत कुमार और रेल जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात मिश्रा मौजूद थे।

डीएवी स्कूल कोयलानगर में मना हिंदी दिवस

धनबाद (आजाद सिपाही)। डीएवी कोयला नगर स्कूल के सभागार में बुधवार को धूमधाम से हिंदी दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड जोन-सी के क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ केसी श्रीवास्तव, प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव एवं डीएवी परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ केसी श्रीवास्तव ने किया। वहीं, हिंदी की वरिष्ठ शिक्षिका ममता श्रीवास्तव ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उसके बाद हिंदी की शिक्षिका कविता गुप्ता ने क्षेत्रीय भाषा में हास्य एवं व्यंग्य प्रधान कविता की प्रस्तुत किया। हिंदी शिक्षिका रीना कुमारी द्वारा ऑनलाइन हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ केसी श्रीवास्तव ने हिंदी भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हिंदी भाषा में अपार संभावनाएं हैं। हिंदी भारत की सांस्कृतिक धरोहर है। हमें अपनी मातृभाषा पर विशेष बल देना चाहिए। वहीं, प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव ने मातृभाषा और राजभाषा हिंदी की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। कहा कि हिंदी में अन्य क्षेत्रों की तुलना में रोजगार की अत्यधिक संभावनाएं हैं। विशेष रूप से सिनेमा जगत ने अनेक नए रोजगार उत्पन्न किए हैं और हिंदी की लोकप्रियता को बढ़ाने में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य, शिक्षिका कविता विकास, पवन कुमार पांडे, रीना कुमारी, मनीष कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

हिंदी दिवस पर कतरास में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ, महाप्रबंधक ने दो को सौंपा नियुक्ति पत्र

कतरास (आजाद सिपाही)। हिंदी दिवस पर बुधवार को बीसीसीएल कतरास क्षेत्रीय सभागार में महाप्रबंधक एके सिंह ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलित कर राजभाषा-पखवाड़ा 2022 का शुभारंभ किया। कतरास क्षेत्र के राजभाषा विभाग के सचिव सह क्षेत्रिय प्रबंधक (कार्मिक) सुरेंद्र भूषण की ओर से हिंदी दिवस पर जारी कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का संदेश वाचन किया गया। इस मौके पर अवर महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, क्षेत्रिय प्रबंधक (वित्त) विनोद कुमार, कैलाश कुमार शांडिल्य, कौशल कुमार, परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी, राजभाषा अधिकारी राणा एसके सिंह, रामरूप गोप, दिनेश पाण्डेय आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, कार्यक्रम के बाद महाप्रबंधक ने शहादत अंसारी और अक्षय कुमार महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

डीवीसी मैथन परियोजना सभागार में हिंदी दिवस पर पखवाड़ा का आयोजन

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। डीवीसी मैथन परियोजना प्रशासनिक भवन के सभागार में बुधवार को हिंदी दिवस पर पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दूबे ने किया। मौके पर कार्यपालक निर्देशक (असैनिक) सह परियोजना प्रधान मृणाल कांति भट्टाचार्जी, प्रधान प्रमुख अभियंता प्रणाली जयंत बनर्जी, मुख्य अभियंता संचार विवेक रस्तोगी, मुख्य अभियंता क्यूसीआई सुनील सिंह, अभय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं मुख्य अभियंता आदि उपस्थित थे।

शिक्षाविद भोलाराम महतो की 6वीं पुण्यतिथि मनी

नावाडीह (आजाद सिपाही)। शिक्षाविद सह नावाडीह बीडी पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्व. भोलाराम महतो की 6वीं पुण्यतिथि बुधवार को स्कूल परिसर में मनाई गई। उपस्थित लोगों ने स्व महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्व भोलाराम महतो के जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि शिक्षा के प्रति लगाव रखकर ही हम उनको सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। वहीं, बीडी स्कूल के प्राचार्य थनू महतो ने कहा कि शिक्षा प्रेमी स्व महतो सदैव लोगों के बीच आजीवन शिक्षा की ज्योति जलाते रहे। इनकी प्रेरणा से कई लोग नियमित रूप से अपने बच्चों को स्कूल भेजने को तैयार हुए। जो अपने आप में प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र में कदम नहीं रुका। लोगों को हमेशा सही दिशा निर्देश देते रहे और समाज में फैली कुरितियों को दूर करने को लेकर हमेशा जागरूक करते रहे। स मौके पर लोक नारायण प्रेमी, महेंद्र कुमार, रेणु कूमारी, भागीरथ शर्मा, सीताराम प्रसाद आदि मौजूद थे।

मुराईडीह में कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा व नुक्कड़ सभा का आयोजन

महंगाई से कराह रहा देश : जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। कांग्रेस से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का भारत जोड़ो, देश जोड़ो यात्रा एक साहसिक कार्यक्रम है। देश के युवा, मजदूर, किसान, छोटे व्यपारी, मध्यम उद्योग और बेरोजगार भयभीत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्र व करीबी उद्योगपति इसी का लाभ उठा रहे हैं। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कही। वे बुधवार को कांग्रेस के भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान आयोजित नुक्कड सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व काफी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुराईडीह कॉलोनी स्थित काली मंदिर से पदयात्रा करते हुए पूरे कॉलोनी का भ्रमण कर बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, आवश्यक वस्तुओ पर लगे जीएसटी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार की कड़ी आचोलना की। जलेश्वर महतो ने कहा कि पूरे देश में बेरोजगारी चरम पर है। देश महंगाई से कराह रहा है। गरीबों की थाली से एक-एक कर खाने-पीने के सामान गायब होते जा रहे हैं। और कुछ लोग इसके लिए कांग्रेस को ही दोषी ठहराने में जुटे हैं। कहा कि कांग्रेस ने देश को एयरपोर्ट, रेल, भेल और सेल आदि दिया जिसे वर्तमान केंद्र की भाजपा सरकार एक-एक कर बेच रही है। इसी के विरोध में युवा नेता राहुल गांधी ने संकल्प लिया है। देश को भयमुक्त समाज देने का। मंहगाई व बेरोगगारी से देश को उबारने का। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी साढ़े पांच माह तक पैदल यात्रा करेगे। इस दौरान मौके पर अमित महतो, विकास सिंह, इंदल यादव, लगनदेव यादव, टीपी पांडेय, बलराम महतो, गोपाल सिंह, रवीन्द्र पांडेय, धनेश्वर ठाकुर, जियाउल हक, सुदेश दास सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान के तहत मुराईडीह में आयोजित पदयात्रा में शामिल लोग।

10 वर्षों के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं : वीणा

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। बलियापुर प्रखंड के मुकुंदा पंचायत की पूर्व मुखिया वीना देवी व उनके प्रतिनिधि कपूर चंद गोराई के विरुद्ध वहीं के रहने वाले राहुल मोदक ने सोशल मीडिया पर पथ निर्माण और इंदिरा आवास में घोटाले का आरोप लगाते हुए पोस्ट किया था। इसकी जानकारी जैसे ही पूर्व मुखिया को हुई, तो उन्होंने उक्त युवक के खिलाफ तिसरा थाने में मानहानि और 50 हजार रुपये रंगदारी मांगने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही मुखिया प्रतिनिधि ने बुधवार को अपने समर्थकों के साथ प्रेस वार्ता कर कहा कि युवक ने किसी बुरी मंशा से तथ्यहिन पोस्ट कर बदनाम करने की कोशिश की है। इससे उनकी छवि धूमिल हुई है। यही नहीं, और पोस्ट नहीं डालने के लिए 50 हजार रुपए की रंगदारी भी मांगी है। वहीं इस तरह की अवांछित पोस्ट से पंचायत में तनाव बढ़ गया है। यदि पुलिस इस मामले पर त्वरित कार्रवाई नहीं करती है तो मामला बढ़ सकता है। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से पंचायत का प्रतिनिधित्व किया हूं लेकिन पूरे कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का आरोप पूर्व मुखिया वीना देवी पर नहीं लगा है।

दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेवारी: डॉ मनोज

झरिया (आजाद सिपाही)। समावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर की अगुवाई में बुधवार को बीआरसी सभागार में दिव्यांग बच्चों के प्रति उन्मूखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें झरिया प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका, सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक, बीआरपी, सीआरपी, बीपीओ एवं दिव्यांग बच्चों के अभिभावक शामिल हुए। कार्यशाला का उद्घाटन बीइइओ लक्ष्मी वर्मा एवं लीला उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मंनोज सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारे सभ्य समाज के अभिन्न अंग हैं। इनका पुनर्वास, शिक्षा, चिकित्सा एवं व्यवसाय की व्यवस्था कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी जिम्मेवारी है। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रथम सोपान हैं जो इनकी पहचान सुलभ रूप से कर सकती हैं। वहीं, रिसोर्स शिक्षक अखलाक अहमद ने कहा कि सरकारी सुविधाओं के लाभ के लिए दिव्यांग बच्चों का नजदीकी विद्यालय में नामांकन जरूरी है। इस मौके पर बीइइओ लक्ष्मी वर्मा, लीला उपाध्याय, बीपीओ सुनील सिंह, श्यामकांत झा, शुभंकर सुमन, डॉ मंनोज सिंह, अखलाक अहमद, मधुकर प्रसाद, अजहर आलम, राजन श्रीवास्तव, ब्रजेश पांडे, सत्यनारायण दत्ता, अफसाना प्रवीण व ज्वाला गुप्ता आदि उपस्थित थे।

सांसद और विधायक ने किया कुमारधुबी रेलवे स्टेशन में विश्राम कक्ष का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। धनबाद के सांसद पीएन सिंह और निरसा की विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने बुधवार को कुमारधुबी रेलवे स्टेशन में खास व्यक्तियों के लिए (वीआइपी) विश्राम कक्ष का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इसके अलावा मुग्मा, छोटा अंबोना एवं कालूबथान रेलवे स्टेशन में भी द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय का लाभ सभी व्यक्ति ले सकते है। यहां के यात्री सब समय खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर थे, जिसे दखते हुए उनको बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ट्रेन सुविधा बढ़ाने, कुछ विशेष ट्रेनों का कुमारधुबी स्टेशन में ठहराव बढ़ाने आदि को लेकर चर्चा की गई। आगामी 22 सितंबर को रेलवे डिवीजन की बैठक में डीआरएम के समक्ष सभी प्रकार की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। सांसद ने कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार आने के बाद रेलवे में अभूतपूर्व परिवर्तन दिखाई दे रहा है। इस मौके पर आसनसोल रेलवे डिवीजन के डीआरएम परमानंद शर्मा, चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद आदि मौजूद थे।

अपराधियों ने श्यामडीह में किया एसबीआइ एटीएम का शटर काटने का प्रयास

कतरास। कतरास थाना क्षेत्र के श्यामडीह मोड़ पर अपराधियों ने शिव प्लाजा के बाहर लगे एसबीआई के एटीएम के शटर को मंगलवार की रात फिर एक बार काटने का प्रयास किया है। बुधवार की सुबह एटीएम के शटर को गैस कटर से काटने के निशान देख गार्ड व अन्य ने वरीय पदाधिकारियों व पुलिस को सूचना दी। घटना के संबंध में एटीएम के प्रतिनिधि एसपी पांडेय ने इसकी सूचना कतरास पुलिस को सुबह दी। पुलिस जांच में जुट गई है।

राजगंज में होनेवाले आजसू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी पूरी

सुदेश महतो आज बागदाहा में, 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं का होगा जुटान

आजाद सिपाही संवाददाता

तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे रामगढ़ के डिप्टी मेयर मनोज महतो व अन्य।

धनबाद/राजगंज। टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बागदाहा में आयोजित होने वाले आजसू के प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों लगभग पूरी हो चुकी है। इसका जायजा लेने बुधवार को रामगढ के डिप्टी मेयर मनोज कुमार महतो पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। डिप्टी मेयर ने बताया कि गुरुवार को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में छोटानागपुर प्रमंडल के सातों जिलों से 10 हजार से भी अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के अलावा गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो भी उपस्थित होंगे। इस मौके पर रामाशंकर तिवारी, महेंद्र प्रसाद, सियाराम प्रसाद, हलधर महतो, राजेश दास, नरेश महतो, सोनू कुमार, महेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

बोकारो महिला समिति का स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में बुधवार को बोकारो महिला समिति का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में संयंत्र के अधिशासी निदेशक एवं मुख्य महाप्रबंधकगण, महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनीता तिवारी, उपाध्यक्षगण एवं महिला समिति के अलावा महिला समिति संचालित स्वावलम्बन, सुरभि, बाल मंदिर, सौरभ शिशु मंदिर के कर्मचारी भी उपस्थित थे। मुख्य व विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। महिला समिति संचालित बाल मंदिर के बच्चों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा सुरभि कर्मियों द्वारा समूह गान, स्वावलम्बन की टीम द्वारा नृत्य, महिला समिति द्वारा संचालित स्कूलों के बच्चों की प्रस्तुतियां और सुरभि एवं स्वावलम्बन के कर्मियों की कला एवं प्रतिभा के प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अमरेन्दु प्रकाश ने अपने संबोधन में नगर की कल्याणकारी संस्था महिला समिति के कार्यकलापों की सराहना की। कहा कि सामाजिक उत्थान के कार्यो में यह संस्था बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने महिला समिति के योगदान को प्रेरणात्मक बताते हुए उन्हें भविष्य में भी सामाजिक उत्थान के कार्यों को जारी रखने का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने समिति द्वारा संचालित संस्थाओं के कर्मियों को बेस्ट वर्कर अवार्ड प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन समिति की कल्चरल सचिव श्वेता कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन वंदना झा ने किया।

पूर्व विधायक योगेंद्र ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के ग्राम पंचायत कंडेर महतो टोला में ग्रामीण उपभोक्ताओं ने लिए 100 केवीए के नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन फीता किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और उसका निदान करने का भरोसा दिया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने अपने पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व विधायक ने सूचना मिलते ही तत्परता पूर्वक ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाए और आज बाधित बिजली सुचारू भी हो गई। इससे हम लोग बेहद खुश हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को भी सुना और कई का तो मौके पर ही समाधान भी करवा दिया। कहा कि वे सम्मानित जनता के हर दु:ख सुख में सदैव साथ हैं। इस मौके पर मुखिया भानु कुमारी मोदी, सरीता देवी, वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, इंद्रनाथ महतो, सिकंदर अंसारी, सहादत अंसारी, संतोष महतो, राजू महतो, रंजीत महतो, विष्णु महतो, सोनेलाल महतो, कार्तिक मांझी आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग–825301
email : govitihazaribag@gmail.com

सूचना सं0– 175 **नामांकन सूचना** दिनांक–14/09/2022

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2022–1107 दिनांक–08.09.2022 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र–2022-23-24 के प्रथम वर्ष में **सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग, विष्णुगढ़ एवं महिला** हजारीबाग में नामांकन हेतु ITIJHARKHAND के द्वारा 2nd Round Online Counseling के समाप्ति के उपरान्त रिक्त सीटों पर निम्नलिखित व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों से अनुसूची– 'क' के अनुरूप हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों –हाथ** निम्न शर्त्तों के अनुरूप आमंत्रित किया जाता है:–

1. शैक्षणिक योग्यता– (क) सभी व्यवसायों के लिए प्रवेशिका (माध्यमिक/10 वीं)/समकक्ष) परीक्षा में उत्तीर्ण । नामांकन प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर नामांकन समिति के समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीट के आलोक में ओपेन बोर्ड प्रणाली द्वारा मैट्रिक के प्राप्तांक/मेरिट के आधार पर नामांकन नियमानुसार किया जयेगा।
(ख) व्यवसाय वेल्डर एवं वायरमैन के लिए 8वीं / प्रवेशिका (माध्यमिक/10 वीं)/ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अंक प्रमाण पत्र के आलोक में प्राप्तांक/मेरिट के आधार पर नामांकन नियमानुसार किया जयेगा।

2. आयु अहर्ता :–
(क)– 01 जुलाई 2022 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
(ख)–सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष। आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वीं समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि ही वैध होगी।

3. शारीरिक योग्यता :–
प्रशिक्षण के लिए शारीरिक योग्यता होनी चाहिए जिसके लिए निबंधित चिकित्सक द्वारा प्रदत स्वस्थता प्रमाण पत्र एवं उम्मीदवारों को लिखित शपथ पत्र देना होगा कि वे प्रशिक्षण की अवधि में अनुशासन एवं संस्थान के नियमों का पालन करेंगे। प्रशिक्षण समाप्त होने के पूर्व प्रशिक्षण कभी भंग नहीं करेंगे।

4. शुल्क:–
प्रवेश करने के समय प्रशिक्षणार्थियों को रू 500/–(पाँच सौ रूपये मात्र) कॉशन मनी (अवधान राशि) के रूप में जमा करना होगा। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संस्थान का कोई सामान खो जाने या सामान को जान बुझकर तोड़ दिये जाने पर उसकी कीमत कॉशन मनी से काट ली जायेगी तथा अन्य उचित कार्रवाई की जायेगी। उत्तीर्ण करने के बाद छात्र एक वर्ष के अन्दर कॉशन मनी वापस नहीं लेते हैं या प्रशिक्षण बीच में छोड़ देते हैं तो इसे जब्त कर लिया जायेगा और सरकारी खजाना में जमा कर दिया जायेगा। सरकारी संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से रू 20/– (बीस रूपये) एवं अन्य वर्ग से रू 40/– (चालीस रूपये) प्रति महीना प्रशिक्षण शुल्क लिया जायेगा।

5. छात्रवृति:–
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़े वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण विभाग से नियमानुसार छात्रवृति मिल सकती है।

6. आरक्षण अहर्ता:–
(क) आरक्षण का प्रावधान कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, के ज्ञापंक–7/आर0(जि0आ0रो0)–33/2002 का0–2020/राँची, दिनांक–09.04.2010 एवं ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434 राँची, दिनांक–15.02.2019 के अनुसार जिला स्तरीय रहेगा।
(ख) मेरिट से चुने गये आरक्षित वर्ग के उम्मीवारों को आरक्षित सीटों के विरूद्ध समायोजित नहीं किया जायेगा बल्कि खुली गुणा–गुण कोटि के 40 प्रतिशत रिक्तियों के विरूद्ध माना जायेगा।
(ग) प्रत्येक व्यवसाय में 5 प्रतिशत सीट दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए एक सीट आरक्षित है।

7. आवासीय अहर्ता:– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, **हजारीबाग, विष्णुगढ़ एवं महिला हजारीबाग** में वे ही उम्मीदवार नामांकन ले सकते हैं जो झारखण्ड राज्य के निवासी हैं या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते हैं। झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक संख्या–14/स्थानीय नीति–14–03/2016 का 4650, दिनांक 02 जून 2016 (संकल्प संख्या–3198 दिनांक 18.04.2016) में स्थानीय निवासी को परिभाषित किया गया है। उम्मीदवारों का अपने दावे के समर्थन में सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त) द्वारा निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

8. जाति आधारित अहर्ता:–नामांकन में झारखण्ड सरकार द्वारा लागू अद्यतन आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा। आरक्षित सीटों पर दावा करने वाले उम्मीदवारों को झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

9. अनुलग्नक :– (क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वीं समकक्ष परीक्षा, /8वीं परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिषद द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति ।

10. आवेदन प्रपत्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में सभी कार्य दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही नामांकन सूचना एवं आवेदन प्रपत्र www.hazaribag.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
11. आवेदकों की मेरिट लिस्ट www.hazaribag.nic.in अपलोड कर समाचार पत्रों में साक्षात्कार की तिथि व स्थल की सूचना प्रकाशित की जाएगी तथा साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाईल नम्बर पर सूचना दी जायेगी।
12. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समय–**24/09/2021** संध्या **5:00** बजे तक।
13. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विष्णुगढ़ के लिए नामांकित प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग में संचालित होगा।
14. आवेदन पत्र भेजने का पताः– प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग, 825301 संपर्क:–निम्न नम्बरों **8521989560/9031271707/** पर सीधे बात कर या व्हाट्सएप्प कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
हजारीबाग

PR277772 (Labour Employment and Traning)22-23*D

खोरधारोड मंडल ने 'हिंदी दिवस' मनाया और 'हिंदी सप्ताह' का हुआ उद्घाटन, रिंकेश रॉय ने कहा

देश को एकता के सूत्र में पिरोती है हिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। 14 सितंबर 1949 में भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी भाषा को भारत की राजभाषा घोषित किये जाने के बाद से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। खोरधारोड मंडल ने हिंदी दिवस मनाया और कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य 14/09/2022 से 20/09/2022 तक 'हिंदी सप्ताह' भी मना रहा है। खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रॉय ने हिंदी सप्ताह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अशोक कुमार, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा), कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी), सभी शाखा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए रिंकेश रॉय ने कहा कि हिंदी वह भाषा है जो पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोती है। सभी को न केवल हिंदी सप्ताह मनाना चाहिए बल्कि मिलकर सरकारी कार्यों में हिंदी का यथासंभव उपयोग करना चाहिए। उन्होंने आधिकारिक कार्यों में कर्मचारियों द्वारा हिंदी के उपयोग को बढ़ाने की पहल के लिए राजभाषा विभाग को बधाई दी खोरधारोड मंडल की राजभाषा अधिकारी उषा रानी ने हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय रेल मंत्री द्वारा दिये गये संदेश से सभी को अवगत कराया। कर्मचारियों के लिए हिंदी कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी सप्ताह के दौरान खोरधारोड मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिये हिंदी निबंध, वाक, टिप्पयण एवं प्रारूप लेखन, राजभाषा ज्ञान और हिंदी कार्यशाला आदि जैसी प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी।

वाणिज्यिक और गैर-किराया राजस्व अनुबंधों के लिए इ-नीलामी प्रणाली

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। भारतीय रेलवे ने स्क्रैप बिक्री की प्रचलित ई-नीलामी के अनुरूप भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आइआरइपीएस) के माध्यम से वाणिज्यिक आय और गैर-किराया राजस्व ठेकों को इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के दायरे में लाने के लिए कदम उठाये हैं। रेल मंत्रालय ने हाल ही में वाणिज्यिक आय और गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) अनुबंधों के लिए ऑनलाइन इ-नीलामी शुरू की है। इससे न केवल रेलवे की आय में वृद्धि होगी बल्कि सरकार द्वारा व्यापार करने में आसानी के लिये किये जा रहे प्रयासों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस इ-नीलामी प्रणाली के साथ, निविदा की जटिल प्रक्रिया को सरल बनाया जायेगा। नीलामी के लिये कमाई की गई परिसंपत्तियां पार्सल वैन, पे-एंड-यूज टॉयलेट, स्टेशन परिसंचारी क्षेत्रों और कोचों पर विज्ञापन अधिकार, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, क्लोक रूम, पार्किंग स्थल, प्लास्टिक बॉटल क्रशर, एटीएम, स्टेशन को- ब्रांडिंग, सामग्री मांग के लिए वीडियो स्क्रीन आदि होंगी। इ-नीलामी प्रक्रिया में, देश में कहीं से भी एक बोलीदाता को पोर्टल के माध्यम से भारतीय रेलवे की किसी भी फील्ड इकाई की नीलामी में भाग लेने के लिए एक बार स्व-पंजीकरण करने की आवश्यकता होती है। 40 लाख रुपये तक के वार्षिक अनुबंधों के लिए कोई वित्तीय टर्नओवर की आवश्यकता नहीं है। एक सफल बोलीदाता बहुत कम समय में ऑनलाइन और इ-मेल के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त करने में सक्षम होगा और इस प्रकार यह पेपरलेस प्रक्रिया को बढ़ावा देगा। इस इ-नीलामी प्रक्रिया के कारण, अनुबंधों की बेहतर निगरानी के साथ निविदाओं को तुरंत अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

30 किलोमीटर तक फायरिंग करते रहे उत्पाती

थर्राया बेगूसराय, क्या नाम देगी नीतीश सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय जिले में हाइवे पर बाइक सवार दो बदमाशों ने लगभग 30 किलोमीटर तक पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग की। इसमें तेघरा थाना क्षेत्र के अयोध्या चौक के पास गोली लगने से एक शख्स की सड़क पर ही मौत हो गई। वारदात में बछवाड़ा, फुलवरिया, बरौनी और चकिया इलाकों में 10 लोग घायल हो गये। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोग इन्हें साइको किलर बता रहे हैं। अपराधी फायरिंग करते हुए समस्तीपुर की ओर भाग गये। मृतक की पहचान बरौनी थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के रहनेवाले चंदन कुमार के तौर पर हुई है। वहीं घायलों में पटना के बाढ़ के रहने वाले विशाल सोलंकी, मोकामा के रहनेवाले रंजीत यादव, बेगूसराय के फुलवरिया निवासी नितेश कुमार, तेयाय के गौतम कुमार, बरौनी के अमरजीत कुमार, मंसूरचक के नीतीश कुमार, मरांची के रहनेवाले मोहन राजा के अलावा प्रशांत कुमार रजक और भरत यादव शामिल हैं। वारदात के बाद शाम 6 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक एंबुलेंस के सायरन से बेगूसराय शहर गूंजता रहा। जैसे ही गोलीबारी की खबर लोगों के बीच पहुंची, लोग अपने घर से निकले हुए परिजनों का हाल जानने के लिए इधर-उधर फोन घुमाते रहे। बेगूसराय के एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। सभी थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। जगह-जगह वाहन चेकिंग लगायी गई है। एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, जो साइको किलर लग रहे हैं। इस वारदात पर पुलिस मुख्यालय भी अपनी नजर बनाये हुए है। एडीजी मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि जिले की पुलिस टीम लगातार काम कर रही है। अपराधियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज की मदद ली जा रही है। रेंज के डीआइजी भी मौके पर गये हुए हैं। एसपी और उनकी टीम लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। दूसरी तरफ जैसे ही अपराधियों के पटना की तरफ भागने की सूचना मिली, वैसे ही पटना पुलिस को अलर्ट किया गया है। पटना के एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने बताया-सूचना मिलते ही राजेंद्र सेतु पर चेकिंग लगा दी गई। स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सामने आकर जवाब देने की मांग की है। उन्होंने दिल्ली में कहा कि बताएं यह कौन सा जनता राज है, जहां चार थाना इलाके से अपराधी बेखौफ लोगों पर गोलीबारी करते गुजर जाता है और पुलिस उसे रोक नहीं पाती है। उन्होंने मांग की कि सभी घायलों को सरकार मुआवजा दे।

किट इंटरनेशनल मॉडल संयुक्त राष्ट्र 10वें संस्करण का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। किट इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) कॉन्क्लेव का 10वां संस्करण 11 सितंबर को यहां समाप्त हुआ, जिसमें शिक्षाविदों ने छात्रों के लाभ के लिए इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जहां वे संचार कौशल और महत्वपूर्ण कला में महारत हासिल कर सकते। भारत भर के प्रमुख संस्थानों के लगभग 1200 प्रतिनिधियों ने 'कूटनीति के दशक' का जश्न मनाने वाली बैठक में भाग लिया और 15 समितियों की मेजबानी की। समापन समारोह में भारत में क्यूबा के राजदूत एलेजांद्रो सिमंकास मेंरिन ने भाग लिया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाये रखने में संयुक्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और छात्रों को बेहतर इंसान बनने और भारत और दुनिया के भविष्य के लिए सामूहिक रूप से काम करने की सलाह दी। एशिया में सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों में से एक होने के नाते, किट इंटरनेशनल एमयूएन 2022 प्रतिनिधियों के नये उत्साह के साथ अपनी विरासत को जीने में सफल रहा है, क्यूबा के दूत ने शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका के लिये किट डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी की प्रशंसा की और भारत और विदेशों में 10-15 किट जैसे विश्वविद्यालय स्थापित करने का सुझाव दिया।

एमयूएन ने हर छात्र को दुनिया से जोड़ा

इस अवसर पर बोलते हुए किट के प्रो वाइस चांसलर प्रो डॉ. सरनजीत सिंह ने कहा कि मॉडल यूएन इवेंट छात्रों के लिये अपने संचार कौशल को सुधारने और महत्वपूर्ण सोच विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। किट की कुलपति प्रो सस्मिता सामंत ने कहा कि एमयूएन ने हर छात्र को दुनिया से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि आयोजन के नतीजे संयुक्त राष्ट्र को भेजे जायेंगे। वीसी ने बताया कि आने वाले महीने छात्रों के लिए भी उतने ही रोमांचक होंगे क्योंकि विश्वविद्यालय महत्व के चार अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित करेगा जो छात्रों को नवाचार के स्वभाव को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रदर्शन देगा। 9 सितंबर को उद्घाटन समारोह किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने गरीबी और भूख जैसे मुद्दों के समाधान में एमयूएन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

नि: शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

संबलपुर (आजाद सिपाही)। मंगलवार और बुधवार को जागृति महिला मंडल और आनंद विहार अस्पताल द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। केंद्रीय अस्पताल ईब वैली, त्रिलोचन नेत्रालय संबलपुर के डॉक्टरों और पेरामेडिकल स्टाफ और आनंद विहार अस्पताल के डॉक्टरों और पेरामेडिकल स्टाफ के मदद से उक्त शिविर का सफलतापूर्व आयोजन किया गया। जिसमें कुल 95 रोगियों की जांच की गई । 70 रोगियों को एमसीएल द्वारा प्रदान किये जाने वाले चश्मे का उपयोग करने की सलाह दी गई।

झारसुगुडा में वेदांत एल्युमिनियम की ओर से जन प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। झारसुगुडा वेदांता एल्युमीनियम ने एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। जिसमें उसके कर्मचारियों और व्यापारिक सहयोग ने प्राथमिक उपचार और सीपीआर पर बुनियादी ज्ञान प्राप्त किया। शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कंपनी का दृष्टिकोण फास्ट एड चिकित्सा सहायता का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस कार्यक्रम में 1000 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। वेदांत झारसुगुडा फास्ट एड में 800 से अधिक प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। कंपनी के पर्यावरणीय स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में इस पहल के बारे में, श्री सुनील गुप्ता सीइओ-वेदांत लिमिटेड झारसुगुडा ने कहा, हम देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं जहां हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के स्वास्थ्य और कल्याण को ऊपर प्राथमिकता दिया जाता है। हमारे शारीरिक स्वास्थ्य प्रयास हमारे कर्मशाला में एक बहुमुखी कल्याण उपकरण होंगे। काम के अलावा, हमारा लक्ष्य स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य और जीवन शैली में सुधार करना भी है।

प्रभात कंप्यूटर® एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9 TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

Sontosh Kumar 75037 29696 / 92056 24569
S MTOY & School Furnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

(ISO-CERTIFIED) Call : 9973684103, 8877660111
रत्न सागर
झारखण्ड रत्न से सम्मानित एवं गोल्ड मेडलिस्ट ज्योतिषाचार्य द्वारा हस्त रेखा, कुण्डली विशलेषण एवं न्यूमेरॉलोजी द्वारा सटीक भविष्यवाणी
एक सटीक उपाय आपकी जिन्दगी बदल सकती है।
B.K. BINOBA Astro-Palmist & Numerologist (M.Phil) (Gold Medalist)
पंचवटी प्लाजा 9-A, कचहरी रोड, राँची
वूल हाउस के बगल में मेन रोड, राँची

Puja Offer बंधन वस्त्रालय
त्यौहारों के लिए वस्त्रों का अनुपम संग्रह
होलसेल दामों में सभी प्रकार के कपड़े साथ ही उपहार
• फैन्सी साड़ी • डिजाइनर साड़ी • प्योर सिल्क साड़ी • वेडिंग लहंगा • सलवार सूट • सूट पीस • कुर्ती लेगिंस • मैचिंग दुपट्टा • बेडसीट • सुटिंग सटिंग • रेमण्ड सूट लैन्थ • कोरियन कम्बल
सुरेश बाबू स्ट्रीट, अपर बाजार, रांची
9835556076, 7004715365

DR. SWATI'S CLINIC
Dental & Health Care
RCT IMPLANT FIXED TEETH COMPLETE DENTURE ORTHODONTIC TREATMENT
FOR APPOINTMENT CALL 7857930138 / 8235075755
Dr. Swati Prabhat Dental Surgeon
Laxmi Tower, H.B. Road, Near Sadhu Maidan, Ranchi

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

LOOKING FOR ONE STEP SOLUTIONS FOR EQUIPMENTS AT A JOB SITE?
EDAMRU HIRING SOLUTIONS PRIVATE LIMITED
"EXCELLENCE IN RENTAL"
CONTACT US
Add: 109, 1st Floor, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi, Jharkhand, Pin-834001
916202140626
inquiry@edamru.com
www.edamru.com

VERMA PRESS वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
• Class VIII Today (Combined) ₹ 250
• Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
Classes VI & VII
• Class VII Today (Combined) ₹ 240
• Class VI Today (Combined) ₹ 240
• Hindi Vyakaran–I ₹ 60
• English Grammar–I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP◆BUS & HOSTEL FACILITY ◆CAMPUS PLACEMENT◆WELL EQUIPPED LAB◆ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater ◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**